किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 58 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 10 दिसम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

राम मंदिर तक बन रहे फोर लेन का 90 प्रतिशत काम हुआ पूरा

- दिसम्बर माह के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा फोर लेन मार्ग
- राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से राम मंदिर तक पहुंचना होगा सुगम

दैनिक समाज जागरण

अयोध्या, 9 दिसम्बरः जैसे-जैसे अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम नजदीक आ रहा है, प्रदेश की योगी सरकार द्वारा अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राम मंदिर तक श्रद्धालुओं की सुगम पहुंच के लिए बनाए जा रहे विभिन्न पथों के निर्माण में तेजी दिख रही है। इन्हें अब अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात काम हो रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 27 से मोहबरा व टेढ़ी बाजार होते हुए राम मंदिर तक बनाए जा रहे फोर लेन का कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व फोरलेन का निर्माण पूरा हो जाएगा।

अब तक फोरलेन का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है

अधिशासी अभियंता एसपी भारती ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से मोहबरा बाजार होते हुए टेढ़ी बाजार की ओर से राम जन्मभूमि तक फोरलेन का निर्माण 21 नवंबर 2022 से प्रारंभ हुआ था। यह कार्य 31 दिसंबर 2023 तक पूरा होना है। अब तक लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि 1.360 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में 44.98 करोड़ रुपए की लागत आई है। निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग से राम जन्म भूमि तक जाने के लिए जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा और आसानी से मंदिर तक श्रद्धालु पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह के अंत तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र को मिली जान से मारने की धमकी,

लॉरेंस विश्नोई के नाम से आया ईमेल

छतरपुर. मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से चौंकाने वाली खबर है. एक आरोपी ने विख्यात बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को जान से मारने की धमकी दी. उसने उन्हें ईमेल पर गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के नाम से धमकी देकर दस लाख रुपये मांगे. पुलिस ने पंडित शास्त्री के प्रतिनिधि की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी. आरोपी ने अक्टूबर में यह धमकी दी थी. पुलिस ने 23 साल के इस आरोपी को बिहार के पटना से गिरफ्तार कर 9 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है. पुलिस ने बताया कि यह मामला संगीन था. इसलिए इसमें एनआईए और इंटरपोल की भी मदद ली गई.

खजुराहो के एसडीओपी सलिल शर्मा ने बताया कि, इस साल 19 अक्टूबर को बागेश्वर धाम महाराज की जीमेल आईडी पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने लॉरेंस विश्ननोई गैंग के नाम से धमकी दी थी. इसमें धमकी देने वाले ने ईमेल में लिखा था कि हमें दस लाख रुपये दीजिए, अन्यथा आपकी जान को खतरा हो जाएगा. 20 अक्टूबर को उनके प्रतिनिधि ने थाना बमीठा में इसकी लिखित शिकायत की. उनकी शि-ाकायत पर पुलिस ने तुरंत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 382 में मामला दर्ज किया. चूंकि अपराध बेहद

गंभीर प्रवृत्ति का था, इसलिए एसपी अमित सांघी ने तुरंत इस मामले में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया. इसमें साइबर सेल को भी शामिल किया गया. एसपी सांघी ने इस मामले में सभी थानों को और अधिकारियों को जानकारी दी.

एनआईए और इंटरपोल भी जांच में शामिल

इस मामले में राज्य स्तरीय एजेसियों, एनआईए और इंटरपोल को भी शामिल किया गया. इन सबके सहयोग से धमकीभरे ईमेल की जानकारी हासिल की. इस बीच जब आरोपी को ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला तो उसने 22 अक्टूबर को फिर धमकी दी. हमने इस ईमेल को भी ट्रेस किया. तब पता चला कि आरोपी बिहार की राजधानी पटना का रहने वाला है. इसके बाद हमने अपनी टीम को वहां भेजा और आरोपी को गिरफ्तार किया. हमारी टीम ने आरोपी द्वारा इस्तेमाल किए गए सारे उपकरण, मोबाइल, सिम, गैजेट भी जब्त कर लिए. उसके बाद हमने 9 दिसंबर को पूरी जानकारी और डायरी के साथ न्यायालय में पेश किया. यहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया.

लॉरेंस विश्नोई का फोलॉअर है आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम आकाश शर्मा है. वह टेक्नोलॉजी का अच्छा जानकार है. उसने बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से पैसा लेने के लिए लॉरेन्स विश्वनोई गैंग नाम से मेल आईडी बनाई. पुलिस का कहना है कि आरोपी पेशे से जालसाज है. उसकी उम्र महज 23 वर्ष है. यह लॉरेन्स विश्वनोई गैंग का फॉलोवर भी है.

प्रदेश में उद्योग धंधे लगाने की मची है होड- स्वतंत्र देव सिंह

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के अष्ट शहीद इंटर कॉलेज मुहम्मदाबाद परिसर में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत शनिवार को स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।तत्पश्चात उन्होंने विभिन्न कंपनियां के द्वारा चयनित कुल 8 प्रतिभावान छात्रों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र वितरित किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व के दिनों में जहां पर उत्तर प्रदेश में लोग अपने कल कारखाने एवं उद्योग लगाने से डरते थे। वहीं वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यमियों द्वारा उत्तर प्रदेश में अपने कल कारखाने लगाने के लिए होड़ मची हुई



है।प्रदेश में उद्योगपति एवं सामान्य महिला लड़कियां अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों को मजबूत करने एवं उनके नेतृत्व में विश्वास रखने का लोगों को संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि आज हमारा भारत देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शक्तिशाली एवं समृद्धशाली बन रहा है। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए स्थान का अवलोकन भी किया। इस मेले में टाटा एलएनटी जैसी 22 कंपनियों ने अपने यहां रोजगार देने के लिए स्टॉल लगाए थे।कुल 2000 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें 648 लोगों को नियुक्ति पत्र कंपनियों ने वितरित किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर गिरी चौधरी, दिनेश चंद्र, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र राय, नरेंद्र नाथ सिंह, चंचल सिंह, आनंद राय, मुन्ना, राजेश राय बागी, पीयूष राय, विजय शंकर राय, दीपू गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, सतीश चंद्र राय, मोहन सिंह यादव, मनीष जायसवाल समेत ढेर सारे लोग उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के लिए नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए

जैतो,9 दिसम्बर (रघुनंदन पराशर): प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपके लिए महत्वपूर्ण विषयों और मुद्दों पर अपने विचार साझा करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री आपको उन विषयों पर अपने विचार साझा करने के लिए 29 दिसम्बर तक आमंत्रित करते हैं।हमें उन विषयों या मुद्दों पर अपने सुझाव भेजें जिन पर आप चाहते हैं कि प्रधानमंत्री आगामी मन की बात एपिसोड में बात करें। इस ओपन फोरम में अपने विचार साझा करें

या वैकल्पिक रूप से आप टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 भी डायल कर सकते हैं और प्रधान मंत्री के लिए अपना संदेश हिंदी या अंग्रेजी में रिकॉर्ड कर सकते हैं। रिकॉर्ड किए गए कुछ संदेश प्रसारण का हिस्सा बन सकते हैं।आप सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव देने के लिए 1922 पर मिस्ड कॉल भी दे सकते हैं और एस.एम.एस.में प्राप्त लिंक का अनुसरण कर सकते हैं। देश की जनता से आग्रह किया है कि वह 31 दिसम्बर 2023 को सुबह 11:00 बजे मन की बात कार्यक्रम के लिए बने रहें।

नोएडा : जागृति प्रकाशन के द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का लोकार्पण समारोह आज

नोएडा समाज जागरण डेस्क

नोएडा : आज नोएडा सेक्टर 10 स्थित जागृति प्रकाशन के नये विक्रय केन्द्र का उद्घाटन एवं प्रकाशन के द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का लोकार्पण किया जायेगा। अविस्मरणीय बाबा साहब आपटे, संपादक

बाबासाहब आपटे

मेधावी और चिंतनशील व्यक्तित्व के धनी प्रभाकर केशव आपटे (प्रसिद्ध नाम बाबा साहब आपटे) का जन्म 28 अगस्त 1903 को हुआ था। वे डॉक्टर हेडगेवार जी के अनन्य साथी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पूर्णकालिक प्रचारक (1931 से) थे। संघ के बौद्धिक शिक्षण विभाग का आरंभ भी उन्होंने ही किया। अनेक प्रांतो में संघ कार्य आरंभ करने का श्रेय उन्हें ही है। वह संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख तथा अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख कई वर्ष तक रहे। 26 जुलाई 1972 को गुरु पूर्णिमा के दिन नागपुर में उन्होंने अपनी इहलोक लीला पूर्ण की।

डा. हरवंशलाल ओबराय

21 अक्टूबर 1925 को रावलपिंडी (पश्चिमी पंजाब) में जन्मे डॉ. हरवंशलाल ओबराय विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। 1960 व 1961 में वे लगातार दो बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष रहे। 1963 में उन्हें यूनेस्को ने यूरोप, अमेरिका, कनाडा और एशियाई देशों के विश्वविद्यालयों में "हिंदू संस्कृति एवं दर्शन" विषय पर व्याख्यान माला के लिए आमंत्रित किया। फलतः उन्होंने 106 देशों की यात्रा की।

स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण (1893 ई0) की 70वीं वर्षगांठ (1963) पर अमेरिका में हुए महासम्मेलन में डॉ. ओबराय जी भी गए थे। वहां उनके भाषण को सुनकर कुछ लोगों ने टिप्पणी की-"यह आज का विवेकानंद है"। जुगल किशोर बिरला ओबराय जी से इतने अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने बिरला इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलॉजी (B.I.T.) रांची में 'दर्शन व मानविकी' शास्त्र के स्वतंत्र संकाय की स्थापना करके ओबराय जी को उसका अध्यक्ष बना दिया। ओबराय जी केवल बौद्धिक योद्धा ही नहीं, वे कर्मयोद्धा भी थे। उन्होंने वनवासी क्षेत्रों में काफी काम किया और ईसाई बन चुके लगभग 8000 वनवासियों को अपने जीवन काल में ही वापस हिंदू धर्म में प्रविष्ट कराया। 1983 में वे सदा के लिए इस दुनिया से विदा हो गए।

रामाशंकर अग्निहोत्री, एवं विश्व भारत का चिर ऋणि, नामक पुस्तक का लोकार्पण श्री आलोक कुमार, केन्द्रिय कार्याध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद के द्वारा किया जायेगा। वही आज के इस कार्यक्रम मे सांसद



दिनांक
10 दिसम्बर, 2023
रविवार

समय
सायं 3:15 बजे

स्थान :
जागृति प्रकाशन
नवीन विक्रय केन्द्र
सी-142ए
सैक्टर-10
नोएडा

पुस्तक लोकार्पण समारोह

जागृति प्रकाशन, नोएडा

- अविस्मरणीय बाबासाहब आपटे - संपादक रामशंकर अग्निहोत्री
- विश्व भारत का चिर ऋणी है - लेखक डा0 हरवंशलाल ओबराय

लोकार्पण : श्री आलोक कुमार, केन्द्रीय कार्याध्यक्ष, विश्व हिन्दू परिषद
अध्यक्ष : डॉ0 महेश शर्मा, सांसद गौतमबुद्ध नगर
विशिष्ट अतिथि : श्री कृपाशंकर, प्रचार प्रमुख, रा.स्व.संघ, उ.प्र. व उत्तराखण्ड

आप इष्ट मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

विनीत:
कृष्णानन्द सागर मो: 9871143768
योगेश शर्मा मो: 9213762148, 8287049393

सूचना :
1. 3:15 से 3:45 चायपान। 4:00 बजे से कार्यक्रम आरम्भ।
2. कार्यक्रम, कार्यक्रम स्थल सी-142ए के द्वितीय तल पर होगा।
3. कार्यक्रम स्थल पर पुस्तकों का स्टॉल भी रहेगा।
4. कार्यक्रम के पश्चात सभी साथ में जलपान करेंगे।

गौतमबुद्धनगर, डॉ. महेश शर्मा अध्यक्ष होंगे। कार्यक्रम में श्री कृपाशंकर, प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उत्तर प्रदेव व उत्त-राखंड विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम शुभारम्भ होने का समय 4 बजे निर्धारित है, और कार्यक्रम स्थल पर बुक स्टाल भी होगा। कार्यक्रम आयोजन स्थल सी 142 ए सेक्टर 10 नोएडा है। यह जानकारी जागृति प्रकाशन के संस्थापक व व्योवृद्ध इतिहासकार श्री कृष्णानंद सागर के द्वारा समाज जागरण को प्रेषित किया गया है।

पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स आज से शुरू होंगे ,32 राज्यों के 1400 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग: अनुराग ठाकुर

खेलों इंडिया पैरा गेम्स एक समावेशी समाज बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है जो सहानुभूति को अपनाता है

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली, 9 दिसंबर : पहली बार खेलों इंडिया पैरा गेम्स 10 दिसम्बर को नई दिल्ली में शुरू होंगे। पैरा खेलों इंडिया गेम्स का आयोजन 10 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक नई दिल्ली में किया जा रहा है। सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड सहित 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1350 से अधिक प्रतिभागियों के पहले खेलों इंडिया पैरा गेम्स में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें पैरा एथलेटिक्स, पैरा शूटिंग, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल सहित 7 विषयों में पैरा एथलीट सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा वेट लिफ्टिंग। कार्यक्रम 3 एस.ए.आई.स्टेडियमों - आई.जी. स्टेडियम, तुगलकाबाद में शूटिंग रेंज और जे.एल.एन.स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। पैरा खेलों इंडिया गेम्स के बारे में बोलते हुए श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स एक समावेशी समाज बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है जो सबसे ऊपर सहानुभूति को अपनाता है। नई दिल्ली में तीन अलग-अलग स्थानों पर सप्ताह भर चलने वाले खेलो इंडिया पैरा गेम्स भावनाओं के समुद्र की खोज करने और बड़े पैमाने पर भारतीय खेल प्रेमियों के लिए अब तक अज्ञात प्रतिभा की गहराई को उजागर करने में मदद करेंगे। शुभंकर 'उज्ज्वला' ने पहली बार खेलों इंडिया पैरा गेम्स के लिए जश्न का माहौल बनाया। उन्होंने आगे कहा कि 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1400 से अधिक पैरा एथलीटों

को दिल्ली में एकत्रित होते देखना बेहद अद्भुत है। सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के एथलीटों की उपस्थिति निश्चित रूप से उद्घाटन पैरा गेम्स को एक अतिरिक्त आयाम देगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि खेलो इंडिया निश्चित रूप से एक गेम-चेंजर रहा है और इसने न केवल खेलों को जन-जन तक पहुंचाया है बल्कि वैज्ञानिक और आधुनिकता को विकसित किया है। देश भर में फैली अपनी कई अकादमियों और योजनाओं के साथ दृष्टिकोण। उन्होंने यह भी कहा कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स भी सरकार द्वारा दिव्यांगों को मुख्यधारा के जीवन में उनकी प्रतिभा का दोहन करने के लिए की गई पहल के अनुरूप हैं। व्यावसायिक और शैक्षिक प्रशिक्षण, व्यवसाय के लिए रियायती ऋण प्रदान करने जैसी पहलों से वित्तीय और सामाजिक दोनों तरह से सशक्तिकरण हुआ है। खेलों इंडिया पैरा गेम्स इन पहलों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम उठाता है।

आईएमएस-डीआईए में दीक्षांत समारोह, स्कूल से स्टूडियो तक की यात्रा का जश्न

नोएडा। आईएमएस डिजाइन एण्ड इनोवेशन एकेडमी (आईएमएस-डीआईए) में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। शनिवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता वल्ड डिजाइन ऑगेर्नाइजेशन के प्रेसिडेंट प्रद्युमन व्यास ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस-डीआईए के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता, सीएमडी शिल्पी गुप्ता, संस्थान की निदेशिका डॉ. अनुराधा मोदक देबनाथ के साथ संस्थान के स्टाफ, फैकल्टी एवं छात्र भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए राजीव कुमार गुप्ता ने छात्रों को उनके सुन्दर, सुखद, सफल एवं समृद्ध जीवन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों के जीवन में संस्थान फाउंडिंग स्टोन की तरह है। आप सभी नियमित अध्ययन के दौरान अर्जित थ्योरी एवं प्रायोगिक ज्ञान, समय प्रबंधन एवं निरंतर प्रयास से सफलता की बुलंदी छू सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रद्युमन व्यास ने कहा कि डिजाइन प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए आईएमएस-डीआईए की प्रतिबद्धता सराहनीय है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीखने के लिए एक अच्छे माहौल का होना जरूरी है, आप

कहीं भी, कभी भी, कुछ भी सीख सकते हैं। सफलता के लिए हमें हर तरह ही चुनौतियों एवं जिम्मेदारियों के लिए तैयार रहना चाहिए। अगर हमें जीवन में चुनौतियां नहीं मिलेगा तो हम सक्रिय नही रह पायेंगे।

वहीं कार्यक्रम के दौरान संस्थान की निदेशिका डॉ. अनुराधा मोदक देबनाथ ने छात्रों को आज के दीक्षांत समारोह अलंकार को दशार्ते हुए हेरिटेज वैल्यू, क्राफ्ट एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिजाइन एवं उसके कार्यान्वयन पर प्रभाव की चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रों से राष्ट्र एवं समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए ईमानदारी से अपने दायित्वों को निर्वहन करने की शपथ दिलायी। संस्थान द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान एआईएमए के निदेशक गणेश सिंह, गिन्नी फिलामेंट के ज्वाइंट प्रेसिडेंट एवं यूनिट हेड राजीव पांडे, अहूजासंस के रिटेल हेड आंचल मेहरा, ओ-टेसेरे स्टूडियो की को फाउंडर तूलिका शर्मा, इंडियन कारीगर की संस्थापक विश्वादीप्ति अब्रोल, स्पैरो इंटीरियर डिजाइन की फाउंडर नेत्रा राजेश, वराहे एनालिस्टिक्स की राजनीतिक सलाहकार मुब्याना कोइराला के साथ इंडस्ट्री एक्सपर्ट ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी। वहीं दीक्षांत समारोह के अंत में 105 छात्रों को डिप्लोमा प्रदान किया गया।

महुआ मोइत्रा बनाम संसद का आहत पुरुषार्थ

पश्चिम बंगाल के श्रीकृष्णनगर से तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा का संसद से बाहर किया जाना संसद के आहत पुरुषार्थ का अब तक का सबसे बड़ा उदाहरण है । महुआ की संसद सदस्यता रद्द किये जाने से लोकतंत्र पर कोई पहाड़ नहीं टूटने वाला किन्तु सत्तारूढ़ दल की इस कार्रवाई ने एक बार फिर बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट कर दिया है। यानि महुआ मोइत्रा अब कदाचरण की नहीं बल्कि सत्ता की प्रताड़ना की प्रतीक बन गयीं है । उनके ऊपर संसद में नगदी लेकर सवाल पूछने का आरोप था। पचास साल की महुआ अमेरिका से अर्थशास्त्र और गणित में स्नातक है। राजनीति में आने से पहले बैंकर थी । राजनीति में उनका तजुर्बा भी संसद के रूप में ज्यादा नहीं है । वे दूसरी बार संसद के लिए चुनी गयीं लेकिन उन्होंने इन सात सालों में भी अपनी मेधा से सत्तारूढ़ दल के छक्के छुड़ाने में महारत हासिल करने के साथ ही एक अलग पहचान भी बनाई ।उनके डीएनए में कांग्रेस है ।युवा कांग्रेस में शामिल होने के बाद वे "आम आदमी का सिपाही" परियोजना में राहुल गांधी की भरोसेमंदों में से एक थी। 2010 में वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुईं ।उन्होंने अपने धारदार प्रश्नों से सत्तारूढ़ दल के पुरुषार्थ को इतना ज्यादा आहत किया कि अंतत : उन्हें संसद ने ध्वनिमत से संसद से बाहर कर दिया। लेकिन वे जब संसद से बाहर आयीं तो उनके साथ समूचा विपक्ष था।

महुआ मोइत्रा सांसदी गंवाने वाली अकेली या पहली सांसद नहीं है। उनसे पहले दर्जनों संसद अपनी सांसदीगंवा चुके है। कांग्रेस के शासन में भी और भाजपा के शासन में भी । लेकिन किसी की सांसदी दलबदल की वजह से छीन गयी तो किसी की सांसदी आपराधिक मामलों में दो साल से ज्यादा की सजा मिलने के बाद। लेकिन महुआ की स-ांसदी जिस तरीके से छीनी गयी है उसकी वजह से वे समूचे विपक्ष और देश की सहानुभूति की पात्र बन गयीं है। महुआ मोइत्रा पर एक कारोबारी के साथ अपना आधिकारिक ईमेल आईडी पासवर्ड शेयर करने का आरोप था। उनके खिलाफ शिकायत करने वाले भाजपा के संसद निशिकांत दुबे थे । उनके खिलाफ मामले की जांच करने वाली संसद की मयार्दा से के सदस्य भाजपा के थे और उन्हें संसद की सदस्यता के लिए अपात्र करने वाले सदस्य भी सत्तारूढ़ दल के थे।

संसद की सदस्यता किसी को उपहार में नहीं मिलती । संसद की सदस्यता पाने केलिए जनादेश हासिल करना पड़ता है इसलिए यदि किसी की सदस्यता छीनी जाती है तो ये उस जनादेश की अवमानना होती है जो उसे जनता ने दिया था ,लेकिन संसद शायद ऐसा नहीं मानती और जिसे सत्ता अपनी आँख की किरकिरी मानती है उसे महुआ मोइत्रा बना देती है। महुआ मात्र एक सांसद थीं लेकिन राहुल गांधी तो एक राष्ट्रीय दल के सर्वमान्य नेता थे, सत्तारूढ़ दल ने उनकी सदस्यता भी रद्द की ,गनीमत है कि वे अदालत के हस्तक्षेप से अपनी सदस्यता बहाल करने में कामयाब हुए। मुमकिन है कि महुआ भी अदालत जाएँ तो उनकी भी सदस्यता बहाल हो जाये। सत्तारूढ़ दल नहीं चाहता की महुआ मोइत्रा जैसी कोई वाचाल,प्रश्नाकुल और गणित समझने वाली कोई महिला संसद की सदस्य हो।

आपको याद दिला दूँ कि महुआ पिछले सात साल से सत्त-ारूढ़ भाजपा को परेशानी में डालने में सबसे आगे थी । उन्होंने अनेक बहसों में शामिल होकर प्रधानमंत्री से लेकर उनके तमाम सेनापतियों के लत्ते लिए ,निरुत्तर किया। भाजपा जब मैदान में तृणमूल कांग्रेस का कुछ नहीं बिगाड़ पायी तो उस्सने महुआ को निशाने पर ले लिया । भाजपा का असल गुस्सा तो बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी पर था। ममता ने भाजपा को बंगाल में हराया, प्रधानमंत्री की सभा का बहिष्कार किया और भाजपा के एजेंट बनकर काम करने वाले तत्कालीन राज्यपाल जयदीप धनकड़ को विफल किया। संसद के बाहर ममता और संसद के भीतर महुआ भाजपा के लिए मुसीबत बन गयी।

आपको याद दिला दूँ कि सवाल के बदले माल [नगदी] लेने का सबसे पहला मामला 2005 में उजागर हुआ था । उस समय जिन 11 सांसदों की सदस्यता संसद की मयार्दा कमेटी की रिपोर्ट पर छीनी गयी थी,उसके ऊपर बाकायदा बहस हुई थी ।दोषी पाए गए 11 में से सर्वाधिक 6 सदस्य भाजपा के थे । मतदान हुआ था,लेकिन महुआ के मामले में बहस करने के बजाय सत्तारूढ़ दल से मेजें बजवाई गयीं और उसी ध्वनिमत के सहारे महुआ की सदस्यता छीनने का निर्णय कर लिया गया। ये संसद में बहुमत के दुरूपयोग का दूसरा बड़ा उदाहरण था । इसी तरह सरकार ने राजयसभा में अपने दो विधेयक विपक्ष के विरोध के बावजूद ध्वनिमत से पारित कराये थे। उस समय राज्यसभा के उप सभापति हरवंश के लत्ते लिए गए थे। बाद में हरवंश को इसका ईनाम भी मिला।

लोकसभा की इस कार्रवाई से महुआ पूर्व संसद नहीं बल्कि अभूतपूर्व सांसद बन गयीं है। वे अगला आम चुनाव लड़ पाएं या नहीं ,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन उनकी सदस्यता छीनकर भाजपा ने देश में नारी शक्ति वंदना के अपने नाटक का पर्दा अपने हाथ से हटा दिया है। जाहिर कर दिया है की भाजपा को न महुआ मोइत्रा चाहिए, न उमा भारती और न बसुंधरा राजे । भाजपा ज्यादा से ज्यादा श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को बर्दास्त कर सकती है क्योंकि वे बोलती नहीं हैं। देश में 1988 से 2023 तक 43 सांसदों की सदस्यता विभिन्न कारणों से छीनी गयी ,लेकिन किसी मामले में संसद की इतनी बदनामी नहीं हुई जितनी की महुआ मोइत्रा के मामले में हो रही है। महुआ मोइत्रा अब अकेली नहीं है । सत्तारूढ़ भाजपा ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को पराजित कर जिस आईएनडीआईए [इंडिया] गठबंधन को कमजोर कर दिया था वो ही इंडिया गठबंधन महुआ मोइत्रा प्रकरण के बाद एक बार फिर से एकजुट हो गया है। मुझे लगता है कि भाजपा अपने अश्वमेघ के खुरों में खुद ही कीलें खुद ढीली कर रही है। मुझे इस बात की आशंका है कि महुआ के अपमान का श्राप भाजपा के लिए भारी न पड़ जाये। लेकिन भाजपा शायद नारी शक्ति के शाप से डरती नहीं है। अपने मन की करती है। पूरे देश की तरह मेरी सहानुभूति भी महुआ मोइत्रा के साथ है। मैं उम्मीद करता हूँ की अदालत के हस्तक्षेप से महुआ के साथ न्याय हो सकेगा।

चलते-चलते

****

कभी सीनियर नहीं बन पाए जूनियर मेहमूद

जूनियर मेहमूद हमारी मनोरंजन की दुनिया से हमेशा के लिए रुखसत हो गए हैं। जूनियर मेहमूद यानि मोहम्मद नईम हिंदुस्तानी फिल्मों में जूनियर बनकर आये थे और लगभग चार दशक तक अपने दर्शकों को हंसाने वाले नईम मियाँ जूनियर बने ही दुनिया से चले ग। वे ताउम्र सीनियर नहीं बने। जूनियर मेहमूद को कैंसर अपने साथ ले गया। फिल्मी दुनिया में जब खुद मेहमूद हास्यावतार के रूप में मौजूद थे तब किसी का जूनियर मेहमूद बनकर फिल्मों में आना और लगातार चार दशकों तक मजबूती के साथ हर छोटे बड़े अभिनेता के साथ काम करना आसान नहीं होता ,लेकिन जूनियर मेहमूद ने इसे आसान कर दिखाया। विनम्र श्रृद्धांजलि

@ राकेश अचल

ईश्वर की चाहत, भूखे को भोजन

अपनेपन के एहसासों का इस
जीवन में बड़ा महत्व होता है,
दूसरों के दुःख में साथ दे जो वही
इंसान एक सच्चा इंसान होता है।

अज्ञान के अँधेरे मे रोशनी दिखाये
जो वह सच्चा दिग्दर्शक होता है,
संकट व समस्या में जो साथ होता है
वह इंसान ही नही भगवान होता है।

ईश्वर की भक्ति पूजा कर उससे ही
सुख शांति की कामना करना होता है
लेकिन स्वयं कर्म करने से ईश्वर
स्वयं आपको सब कुछ दे देता है।

मंदिर में पूजा पाठ आरती होती
और घंटा शंख बजाये जाते हैं,
मंदिर के द्वारों पर तो देखो बच्चे
भूख प्यास में रोते रोते सोते हैं ।

इनकी भूख मिटाने से और मदद
से परमात्मा स्वयं खुश होता है,
जब इनको प्रसाद मिल जाता है,
प्रभू कृपा का प्रसाद चढ़ जाता है।

किसी पर भरोसा करना उसे प्यार
करने से बड़ी शुभ कामना होती है,
ईश्वर पर आस्था, उसकी पूजा,
आरती व उसकी भक्ति से ऊपर है।

कहते हैं जिस से प्रेम किया जाता है
उस पर जरूरी नही विश्वास सदा हो
लेकिन जिस पर विश्वास अटल हो
उस से तो प्रेम सदा सदा ही होता है।

इसीलिए हमें ईश्वर पर सदा आस्था
रखनी है यह उसकी पूजा भक्ति है,
आदित्य ईश्वर की चाहत भूखे को
भोजन, गरीब की सेवा में शक्ति है।

कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ

चण्डीगढ़ में महत्वपूर्ण तीर्थंकर पुरावशेष

-डॉ० महेन्द्रकुमार जैन ह्यमनुजह्न, इन्दौर

तीन सपरिकर धातु तीर्थंकर, पुरातत्त्व संग्रहालय चण्डीगढ़, 14-16वीं शताब्दी

चण्डीगढ़ के सैक्टर 10 सी. में राजकीय कला महाविद्यालय में पुरातत्त्व विभाग का संग्रहालय है। इसमें श्रमण संस्कृति से सम्बद्ध प्राचीन पुरावशेष भी प्रदर्शित हैं। बौद्ध बीथिका अलग से है, क्योंकि बौद्ध पुरावशेष पर्याप्त हैं, किन्तु जैन श्रमण परम्परा के पुरावशेष यहां बहुत कम हैं, परन्तु जो हैं वे बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमने दिनांक 1 दिसम्बर 2023 के सर्वेक्षण में जो पाया वह इस प्रकार है-

तीर्थंकर प्रतिमा का धड़

चण्डीगढ़ संग्रहालय में पंजीयन संख्या जे.-135 पर तीर्थंकर का धड़ प्रदर्शित है जिसका शिर व वक्ष सुरक्षित है, नाभि भी सुरक्षित है किन्तु स्कंधों के बाद हाथ और पाद आदि नहीं हैं। बलुआ पाषाण से निर्मित इस तीर्थंकर प्रतिमा का समय कुषाण काल द्वितीय शताब्दी बताया गया है, इस कारण यह प्रतिमा बहुत महत्वपूर्ण है। प्रतिमा के कुंचित केश हैं। वक्ष पर सुन्दर श्रीवत्स चिह्न बना हुआ है। इसकी परिचय-पट्टिका में ह्यबस्ट ऑफ महावीरह्य महावीर का धड़ लिखा है। किन्तु तीर्थंकर महावीर प्रतिमा का कोई चिह्न दिखाई नहीं देता। लोहानीपुर के बाद देश की यह सर्व प्राचीन प्रतिमा है। इसका अंकन बहुत सुन्दर व मुखरकृति सौम्य है। कांच के बाहर से चित्र लिये जाने के कारण यहां दिये गये चिचत्र में में मुखाकृति कुछ विकृत सी प्रतीत होती है।

तीर्थंकर का शिर (प्रथम)

पंजीयन संख्या जे.-135 पर तीर्थंकर प्रतिमा का शिर प्रदर्शित है। यह बलुआ पाषाण का है। नासिका भग्न है, ओष्ठ बहुत सुन्दरता से निर्मित हैं। केश कुंचित हैं। यह प्रतिमा-खण्ड कुषाणकाल द्वितीय शताब्दी का बताया गया है। संग्रहालय में लगी परिचय-पट्टिका में इसे तीर्थंकर महावीर की प्रतिमा का शिर बताया गया है। किन्तु तीर्थंकर महावीर प्रतिमा का कोई चिह्न दिखाई नहीं देता।

तीर्थंकर का शिर (द्वितीय)

पंजीयन संख्या जे.-179 पर तीर्थंकर प्रतिमा का शिर प्रदर्शित है। यह भी बलुआ पाषाण का है। नासिका भग्न है किन्तु कुछ कम टूटी हुई है। ओष्ठ आदि प्रथम वर्णित शिर की तरह हैं। इस प्रतिमा के केश कुंचित अर्थात घुंघराले कुण्डली लिए हुए नहीं हैं। इसके कुचित के स्थान पर अर्धचन्द्र जैसीं पंक्तियां बनी हुईं हैं। केशों का ऐसा अंकन अन्यत्र अनुपलब्ध है। परिचय-पट्टिका में इसे भी तीर्थंकर महावीर की प्रतिमा का शिर बताया गया है। किन्तु तीर्थंकर महावीर प्रतिमा का कोई चिह्न नहीं है।

जैन सन्त

संग्रहालय के पंजी संख्या 115 पर पद्मासन में एक सपरिकर खण्डित पाषाण प्रतिमा है, जो हरियाणा से प्राप्त हुई है। यह तीर्थंकर प्रतिमा जैसी है, लेकिन तीर्थंकर प्रतिमा नहीं है, देखें-

इस प्रतिमा के सिंहासन में सिंह बने हैं, उसके उपरान्त निकट में आराधक अंकित हैं। उनके बायें ओर महिला आसीन स्पष्ट है, दायीं ओर की छबि खण्डित है। इनके ऊपर आसन पट्टिका पर कलश जैसी आकृति है, थोड़ी अस्पष्ट है। दोनों ओर चँवरधारी दशार्ये गये हैं। श्रीवत्स चिह्न है, मुख-आनन खण्डित है किन्तु कलात्मक प्रभावल का कुछ भाग अवशेष है। चामरधारियों के ऊपर मुख्य प्रतिमा के शिर के समानान्तर सनाल कमल लिये हुए देवाकृतियां हैं। उनके ऊपर के स्थान वितान में अभिषेकातुर गज बने हैं। ये सभी अंकन सपरिकर तीर्थंकर प्रतिमाओं में पाये जाते हैं, किन्तु इस प्रतिमा के बाजुओं में बाजूबंद या अक्षमाला-भुजबंध जैसा कोई आभरण दशार्या गया है जो इसे तीर्थंकर प्रतिमा प्रतिष्ठापित करने से निषेध करता है। परन्तु फिर भी प्रतिमा के वक्ष पर श्रीवत्स की उपस्थिति इसे तीर्थंकर स्थापित करने के लिए पर्याप्त प्रमाण है। संग्रहालय ने इसे ह्यह्यजैन सन्तह्नह्न उचित लिखा है। इसका समय 13वीं शताब्दी है।

पद्मासन तीर्थंकर

संग्रहालय से बाहर परिसर में यह प्रतिमा स्थापित प्रदर्शित है। बलुआ खुरदुरे पाषाण की प्रतिमा है। यह अर्धपद्मासनस्थ है अर्थात पैर एक के ऊपर एक चढ़ा हुआ नहीं है, ऐसे अंकन अधिकांश दक्षिण भारत में प्राप्त होते हैं। यहां इसकी परिचय पट्टिका में भी दक्षिण भारत दशार्या गया है। इस प्रतिमा के आसन पर नहीं अपितु पैरों के बगल दोनों ओर सिंह आकृतियां दशाईं गईं हैं। दोनों और औसतन बड़े चामरधारी देव अंकित हैं। प्रभावल दक्षिण भारत की कला में प्रदर्शित है। शिर पर कलात्मक त्रिछत्र शोभित है। इस प्रतिमा का समय 16वीं शताब्दी अनुमानित किया गया है।

तीन धातु तीर्थंकर

एक काष्ठ के आधार पर तीन धातु प्रतिमाएँ प्रदर्शित हैं। दो श्वेताम्बर प्रतिमाएं जान पड़तीं हैं और एक दिगम्बर। दिगम्बर प्रतिमा के मुख, नासिका आदि प्रक्षाल करने से घिस गये हैं। इनमें अभ्यिलेख हैं। ये 14वीं व 16वीं शताब्दी की प्रतिमाएं हैं। आलेख के साथ जो छायाचित्र दिये हैं वे कांच के अन्दर रखीं मूर्तियों के चित्र बाहर से निकालने पर मूर्तियां कुछ विकृत सीं दिखती हैं, किन्तु इनकी मुद्रा सौम्य है।

-डॉ० महेन्द्रकुमार जैन ह्यमनुज',
22/2, रामगंज, जिंसी, इन्दौर
मो. 9826091247
mkjainmanujbhoo@gmail.com

अमूल्य बुजुर्गों की सलाह, जीने की नई राह। बुजुर्ग हमारे संस्कार और धरोहर।

दैनिक समाज जागरण

यह विडंबना है जब मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगनशीलता और परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं। यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि इस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन,व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।

वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसि-

ाक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की धीरे-धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है। इस अवस्था में मान सम्मान की कमी की समस्या तो होती ही है, दूसरी तरफ सीमित तथा अल्प धन की उपलब्धता के कारण आर्थिक कष्ट भी वृद्धों को उठाना पड़ता है। इसके साथ ही परिवार तथा समाज की नजरों में व्यक्ति अनुपयोगी, बोझ, फालतू समझा जाने लगता है, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति के मन में एक प्रकार की वितृष्णा आने लगती है। और कई बुजुर्ग इस अवहेलना को ना बर्दाश्त कर आत्महत्या तक कर बैठते हैं। जो व्यक्ति कुछ समय पहले तक महत्वपूर्ण था, विशिष्ट था वह अचानक ही बोझ समझा जाने लगता है। उसके मान सम्मान एवं भावनाओं का महत्व बहुत कम हो जाता है। भागदौड़ वाली इस जिंदगी में युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों से एक दूरी बनाना शुरू कर देती है और वह व्यक्ति अकेला ही रह जाता है। जब मनुष्य अपने को एकाकी समझने लगता है तो यह उसके जीवन का सर्वाधिक कठिन समय एवं पल होता है। आत्मविश्वास जनित प्रेरणा की कमी वृद्धावस्था को बोझिल बना देती है। व्यक्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, दूसरों पर निर्भरता बढ़ने लगती है। नई पीढ़ी द्वारा उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। यही परिस्थिति वृद्धा अवस्था के लिए एक अभिशाप की तरह होती है। वृद्धावस्था में मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक कष्ट के प्रमुख कारणों में से संयुक्त परिवार का विघटन भी है। युवा पीढ़ी द्वारा अपने मां-बाप से अलग होकर रहने की चाहत हमारे देश में एक गंभीर समस्या पैदा करती है। वृद्ध व्यक्ति या दंपत्ति को जिस आयु में पुत्र, पुत्रियों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, ऐसे समय में पुत्र द्वारा उनकी देखभाल छोड़कर अलग रहने के लिए अलग मकान बनाना या किराए पर रहना, उस दंपत्ति या व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करती है। भारत देश वही देश है यहां की संस्कृति में परिवार के बुजुर्ग को भगवान के समान माना जाता था, किंतु संयुक्त परिवार प्रणाली के विघटन के कारण आज की नई युवा पीढ़ी ना तो बड़ों के अनुशासन में रहना चाहती है नहीं उन्हें किसी प्रकार का आदर सम्मान देना चाहती है। औद्योगिकरण और विसंस्कृतिकरण प्रणाली के फल स्वरुप युवा पीढ़ी के रहन-सहन एवं जीवन शैली में तीव्र बदलाव देखा जा रहा है। इस युग में व्यक्ति जितना अपने कार्यों में व्यस्त हो गया है कि उसको परिवार के साथ बैठने, रहने की फुर्सत ही नहीं मिल पाती। भारत में बदलते परिवेश में ओल्ड एज होम की अवधारणा तेजी से बल पकड़ती जा रही है। नई पीढ़ी तरह पुरानी पीढ़ी के बीच एक तरह कम्युनिकेशन गैप भी आ जाता है, जो बुजुर्गों के लिए एक बड़ी समस्या होती है। बुजुर्ग दंपत्ति हो या व्यक्ति के पास जब तक धन रहता है तब तक उनके पुत्र, पुत्री उनका ख्याल रखते हैं और जब वह धनहीन हो जाते हैं, तो उन्हें नकार दिया जाता है ।यह एक बड़ी समस्या आज बुजुर्गों के सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी है। व्यक्ति को बुजुर्ग अवस्था में जब सबसे ज्यादा धन की आवश्यकता होती है तब उसके पास धन नहीं होता है। यह धन की कमी उपेक्षा का बड़ा कारण भी बनती है। युवा पीढ़ी का व्यक्तिगत स्वार्थ एवं धन के प्रति आकर्षण भी बुजुर्गों के प्रति प्रभाव तथा उपेक्षा का मूल कारण होता है।

व्यक्ति का जब सर्वश्रेष्ठ काल होता है तब उपेक्षित और समस्या ग्रस्त होकर अवसाद ग्रस्त हो जाता है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग वृद्धावस्था के बारे में लिखा है

मेरे साथ रहो, रुको वृद्ध हो,
अभी जीवन का सर्वोत्तम शेष है।

वृद्ध व्यक्ति भी मानव है, उसे भी संवेदना, सहानुभूति और प्यार की आवश्यकता होती है। नई पीढ़ी को चाहिए कि वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें उनकी लगातार सेवा करनी चाहिए, उनके मार्गदर्शन उनका परामर्श परिवार तथा समाज के लिए जल कल्याणकारी होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार उनका आशीर्वाद उनकी शुभकामनाएं लोक मंगलकारी होती हैं यह माना जाता है कि बुजुर्ग का आशीर्वाद ईश्वर के आशीर्वाद जैसा ही होता है।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक,लेखक,
रायपुर छत्तीसगढ़ ,9009 415 415,

मैने जग की अजब तस्वीर देखी, कोई हंसता है कोई रोता है

कवि प्रदीप जन्मः 6 फरवरी, 1915, उज्जैन, मध्य प्रदेश; मृत्युः 11 दिसंबर, 1998, मुम्बई, महाराष्ट्र) का मूल नाम 'रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी' था। प्रदीप हिंदी साहित्य जगत और हिंदी फि ल्म जगत के एक अति सुदृढ़ रचनाकार रहे। कवि प्रदीप 'ऐ मेरे वतन के लोगों' सरीखे देशभक्ति गीतों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 1962 के 'भारत-चीन युद्ध' के दौरान शहीद हुए सैनिकों की श्रद्धांजलि में ये गीत लिखा था। 'भारत रत्न' से सम्मानित स्वर कोकिला लता मंगेश-कर द्वारा गाए इस गीत का तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में 26 जनवरी 1963 को दिल्ली के रामलीला मैदान से सीधा प्रसारण किया गया था। यूँ तो कवि प्रदीप ने प्रेम के हर रूप और हर रस को शब्दों में उतारा, लेकिन वीर रस और देश भक्ति के उनके गीतों की बात ही कुछ अनोखी थी।

जन्म

देश प्रेम और देश-भक्ति से ओत-प्रोत भावनाओं को सुन्दर शब्दों में पिरोकर जन-जन तक पहुँचाने वाले कवि प्रदीप का जन्म 6 फरवरी, 1915 में मध्य प्रदेश में उज्जैन के बड़नगर नामक कस्बे में हुआ था। प्रदीप जी का असल नाम 'रामचंद्र नारायण द्विवेदी' था। इनके पिता का नाम नारायण भट्ट था। प्रदीप जी उदीच्य ब्राह्मण थे।

शिक्षा

कवि प्रदीप की शुरूआती शिक्षा इंदौर के 'शिवाजी राव हाईस्कूल' में हुई, जहाँ वे सातवीं कक्षा तक पढ़े। इसके बाद की शिक्षा इलाहाबाद के दारागंज हाईस्कूल में संपन्न हुई। इसके बाद इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। दारागंज उन दिनों साहित्य का गढ़ हुआ करता था। वर्ष 1933 से 1935 तक का इलाहाबाद का काल प्रदीप जी के लिए साहित्यिक दृष्टीकोंण से बहुत अच्छा रहा। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की एवं अध्यापक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। विद्यार्थी जीवन में ही हिन्दी काव्य लेखन एवं हिन्दी काव्य वाचन में उनकी गहरी रुचि थी।

विवाह

कवि प्रदीप का विवाह मुम्बई निवासी गुजराती ब्राह्मण चुन्नीलाल भट्ट की पुत्री सुभद्रा बेन से 1942 में हुआ था। विवाह से पूर्व कवि प्रदीप ने अपनी भावी पत्नी से एक प्रश्न पूछा था- "मैं आग हूँ, क्या तुम मेरे साथ रह सकोगी।" इसका बड़ा माकूल उत्तर सुभद्रा बेन ने दिया- "जी हाँ, मैं पानी बनकर रहूँगी।" इसका निर्वाह उन्होंने जीवन भर किया। 1950 में विले पार्ले में एस.बी. मार्ग पर 700 गज का प्लॉट खरीदकर 70 हजार रुपये में प्रदीप ने शानदार बंगला बनवाया। बंगला साहित्यिक मित्रों के स्वागत के लिए सदैव खुला रहता था। अमृतलाल नागर छः महीनों तक इस बंगले में रहे थे। प्रदीप दम्पत्ति दो पुत्रियों ह्यमितुलह्न और ह्यसरगमह्न के अभिभावक बने।

कविता का शौक

किशोरावस्था में ही कवि प्रदीप को लेखन और कविता का शौक लगा। कवि सम्मेलनों में वे खूब दाद बटोरा करते थे। कविता तो आमतौर पर हर व्यक्ति जीवन में कभी न कभी करता ही है, परंतु रामचंद्र द्विवेदी की कविता केवल कुछ क्षणों का शौक या समय बिताने का साधन नहीं थी, वह उनकी सांस-सांस में बसी थी, उनका जीवन थी। इसीलिए अध्यापन छोड़कर वे कविता की संरचना में व्यस्त हो गए।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

संवेदनशील सरकार में होती है गरीब-कमजोर की सुनवाई: सीएम योगी

सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

गोरखपुर, 9 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार संवेदनशील होती है तो गरीब-कमजोर लोगों की सुनवाई होती है। उन्हें बिना भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है। केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ऐसी ही संवेदनशील सरकार है। यह सरकार बिना भेदभाव शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो पहुंचा ही रही है, जन सहयोग से समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का भी प्रयास कर रही है।

सीएम योगी शनिवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 1500 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। दहेज की कुरीति से कई गरीब परिवार विवाह के पवित्र यज्ञ से वंचित हो जाते थे। बाल विवाह से पूरी तरह छुटकारा पाने के साथ दहेज के अत्याचार को समाप्त करने की दिशा में यह आयोजन अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमें समाज में किसी भी ऐसी कुरीति को पनपने नहीं देना है जो समाज के विकास में बाधक हो।

योजना के तहत अब तक हो चुके हैं तीन लाख बेटियों के हाथ पीले

आदित्यनाथने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक करीब तीन लाख शादियां करा चुकी है। 2017 के पूर्व प्रति जोड़े विवाह पर 31 हजार रुपये खर्च किए जाते थे बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है।

महिला सशक्तिकरण केंद्र व राज्य सरकार की प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस निमित्त हर जरूरी कदम उठा रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मातृ वंदना जैसे कई कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा व प्रेरणा की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने संसद में एक नया विधेयक भी पारित किया है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत व नगर निकायों की तर्ज पर संसद व विधानसभाओं में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के प्रयासों का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में 01करोड़ 75 लाख तथा देश में 9 करोड़ 60 लाख महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। अब तो इस योजना के तहत होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर मिलना भी शुरू हो चुका है। उन्होंने गरीबों को मकान, शौचालय, आयुष्मान कार्ड देने की योजनाओं को उन्हें गरीबी से उबारने के साथ महिला सशक्तिकरण के अभियान का हिस्सा बताया।

25 हजार रुपये होगी कन्या सुमंगला योजना की राशि

सीएम योगी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को और मजबूती देने के लिए उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई तक 15000 रुपये का पैकेज उपलब्ध कराया जाता है। नए वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 25000 रुपये कर दिया जाएगा। बेटी की पढ़ाई तो मुक्त होगी ही, उसके अन्य खर्चों के लिए भी इस योजना से राशि मिल जाएगी।

सीएम से लेकर विधायक तक, आनंद का अद्भुत क्षण

सीएम योगी ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। कहा कि किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है जहां मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करने, नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं।

दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र व उपहार भी किया भेंट

समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1500 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया।

कार्यक्रम को प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद,बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान और गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विधायक श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, डॉ विमलेश पासवान, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

यूं ही नहीं है बच्चों को अपने सीएम योगी पर नाज

सर्किट हाउस से सटे अंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए स्कूली बच्चों से मिले मुख्यमंत्री

गोरखपुर, 9 दिसंबर। अनुशासित शासन व्यवस्था के लिए देश-दुनिया में ख्याति बटोरने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व का एक खास पहलू है, बाल प्रेम। देश के भविष्य के बीच सीएम योगी, वर्तमान के अपने निजी व्यस्तता में भी समय निकाल ही लेते हैं। प्रोटोकॉल से इतर मुलाकात, प्यार-दुलार, आशीर्वाद के बीच बच्चों ने कोई ख्वाहिश की तो उसे भी अभिभावक बनकर पूरा करना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। तभी तो बच्चों को भी अपने सीएम योगी पर नाज है। योगी आदित्यनाथ के बाल प्रेम और बच्चों को उन पर गर्व की अनुभूति का एक संगम शनिवार सुबह गोरखपुर में देखा गया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से मुलाकात तो की ही, चॉकलेट देकर हेलिकॉप्टर के बारे में उनकी जिज्ञासा को भी तृप्त कराया।

शनिवार सुबह गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर के हेलिपैड पर प्रोटोकॉल और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी। इसी बीच जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर यहां लैंड हुआ, परिसर से सटे और एक बंद गेट से उस पार पड़ने वाले अंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए दो स्कूलों के बच्चों का उत्साह और उल्लास आसमान छूने लगता है। हवा में लहराते सैकडों बच्चों के हाथ देख और बाल कंठ से समवेत गुंजित अभिवादन की आवाज सुन सीएम योगी पहले से तय कार्यक्रम स्थल की बजाय मुस्कुराते हुए बच्चों के पास पहुंच जाते हैं। फिर वही सिलसिला जो मुख्यमंत्री को अलहदा बनाती है। बाल प्रेम, बच्चों के लिए प्रोटोकॉल से बेपरवाह। अंबेडकर पार्क के बंद गेट के पास बच्चों को प्यार-दुलार, गिफ्ट में चॉकलेट, खूब पढ़ने का आशीष तो जमकर हंसी ठिठोली भी। अकस्मात इस आत्मीय मुलाकात-संवाद के बीच बंद गेट से कई बच्चे मुख्यमंत्री की तरफ हाथ बढ़ा देते हैं और सीएम भी बिना पल गंवाए अभिभावक सरीखे होकर उनके हाथ थाम लेते हैं। इस बीच कई बच्चों ने मुख्यमंत्री के समक्ष हेलिकॉप्टर के बारे में नजदीक से जानने की इच्छा व्यक्त की। इस पर सीएम योगी ने पायलट और अधिकारियों से कहा कि बच्चों को नजदीक से हेलिकॉप्टर दिखाएं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अधिकारियों ने बच्चों को नजदीक से हेलिकॉप्टर दिखाया जहां बच्चों की फोटो भी खींची गई। सभी बच्चों को अधिकारियों ने चॉकलेट गिफ्ट किया। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल बरगदवा एयर एसआरजी लिटिल एंजेल चरगांवा के बच्चे शामिल रहे।

नवंबर में 116445 बार हुई बसों की जांच, करीब 29 लाख रुपये की हुई वसूली

सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बसों के पारदर्शी संचालन को किया जा रहा सुनिश्चित

लखनऊ, 9 दिसंबरः योगी सरकार उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को समृद्ध बनाने के लिए प्रयासरत है। निगम से संचालित बसों के पारदर्शी संचालन के लिए योगी सरकार की तरफ से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं प्रतिमाह निगम के प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित जांच की जाती है। इसी क्रम में नवंबर 2023 में प्रवर्तन दलों द्वारा यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित बसों की कुल 116445 बार जांच की गई। इस दौरान जांच दल ने करीब 29 लाख (28 लाख 88 हजार 506 रुपये) का प्रशमन शुल्क वसूला। प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, परिवहन मंत्री एवं प्रबंध निदेशक के निदेर्शों के अनुपालन में जांच दल द्वारा यूपीएसआरटीसी की संचालित बसों की जांच की जाती है। इसमें बिना टिकट यात्री, बिना बुक भार वहन, चालक/परिचालक की अल्कोहल टेस्ट आदि जांच होती है। प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन ने बताया कि नवंबर में जांच दलों (मुख्यालय नियंत्रित टाटा सूमो प्रवर्तन दल, इंटर सेंटर दल एवं क्षेत्रीय प्रवर्तन दल) द्वारा जांच के दौरान कुल 4455 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गये, जबकि 125.42 टन बिना बुक भार पकड़ा गया। 8405 चालकों/परिचालकों का ब्रेथ एनलाईजर मशीन द्वारा एल्कोहल जांच की गयी।

माफिया हावी होंगे तो बाधित कर देंगे विकास : सीएम योगी

यूपी में शरारत के तहत कमजोर किया गया था सहकारिता को :सीएम योगी

डीसीएफ के नवनिर्मित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

गोरखपुर, 9 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहकारिता हो या अन्य कोई क्षेत्र, यदि उसमें माफिया हावी होंगे तो विकास बाधित कर देंगे, आमजन को तबाह कर देंगे। उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले यही होता था। पर, आज उत्तर प्रदेश में माफिया गिरोहों पर शिकंजा कस दिया गया तो न केवल प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा बदली है बल्कि विकास के बड़े बड़े कार्य हो रहे हैं और लोगों की आय बढ़ रही है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के नथमलपुर में जिला सहकारी फेडरेशन (डीसीएफ) लिमिटेड के नवनिर्मित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक लंबे दौर तक गैंगवार के कारण गोरखपुरवासियों पर पहचान का संकट था। यहां उद्यमी निवेश नहीं करना चाहते थे, बैंक युवाओं को लोन नहीं देते थे। विकास के बड़े कार्य नहीं होते थे। अगर विकास की कोई बड़ी परियोजना आ भी गई तो माफिया ठेका हथियाने को हावी हो जाते थे, नतीजा होता था गैंगवार।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहकारिता आंदोलन भारत के विकास की आत्मा रही है। जिन राज्यों ने इसकी मूल अवधारणा और महत्व को समझ लिया वे विकास में आगे निकल गए। जिन राज्यों में सहकारिता की उपेक्षा हुई या सहकारिता गलत लोगों के हाथ में चली गई, वे राज्य पिछड़ गए। राज्य के पिछड़ने से प्रति व्यक्ति आय पर भी नकारात्मक असर पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शरारत के तहत सहकारिता को कमजोर किया गया। 2017 के पूर्व यूपी के 16 जिला सहकारी बैंकों के लाइसेंस रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने निरस्त कर दिए थे। इन बैंकों में पैसा जमा करने वाले छोटे किसान और छोटे व्यापारी तबाह थे। बेटी की शादी के लिए भी पैसा नहीं निकल पा रहा था। सीएम योगी ने कहा कि आज सरकार के सहयोग से कई बैंक फिर से खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सहकारिता का फैलाव किया है। इसके लिए अलग से मंत्रालय गठित किया है जिसकी कमान गृहमंत्री अमित शाह के पास है। सहकारिता के जरिये सबकी सहभागिता से विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

छोटी जोत के किसानों के बीच बनाएं सहकारिता का मॉडल

मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी जोत के किसानों के बीच एफपीओ बनाकर और अलग अलग कार्यों जैसे खाद्य प्रसंस्करण, भण्डारण आदि से किसानों को जोड़कर सहकारिता का मॉडल खड़ा किया जा सकता है। इन मॉडलों से बड़ी संख्या में लोग प्रेरित होंगे और रोजगार भी बढ़ेगा। सीएम योगी ने बताया कि सरकार वेयरहाउस बनाने के लिए सब्सिडी भी दे रही है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा नए भारत का दर्शन : सीएम योगी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सुना प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन, 1100 पीएम आवासों के भूमि पूजन में हुए सम्मिलित, लाभार्थियों को किया सम्मानित

गोरखपुर, 9 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों में भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उनके नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। नया भारत वैश्विक स्तर पर 142 करोड़ भारतवासियों के गौरव को बढ़ाता है। इस भारत मे बड़ी-बड़ी परियोजनाएं तो आगे बढ़ ही रही हैं, सबका साथ सबका विकास के ध्येय के अनुरूप योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सब तक पहुंच रहा है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के झारखंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनने से पूर्व उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले 1100 आवासों के प्रतीकात्मक भूमि पूजन में भी सम्मिलित हुए और जनहित की योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। सीएम योगी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की चर्चा के दौरान कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों के अंदर देश मे 10 करोड़ से अधिक गरीबों के शौचालय बनाए गए हैं, इनमें से 4 करोड़ शौचालय उत्तर प्रदेश के लोगों के बने हैं। देश मे 4 करोड़ गरीबों के आवास बनवाए गए हैं जिनमें से 55 लाख यूपी में बने हैं। देश में 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना से पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ मिल रहा है, यूपी में इस योजना से 10 करोड़ लोग सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। पीएम मोदी की पहल पर कोरोना काल से देश में 80 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न की सुविधा मिल रही है। शासन की ये योजनाएं सबको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

शासन की योजनाओं के लाभ से कोई भी वंचित नहीं रहेगा

सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 15 नवंबर को पीएम मोदी ने झारखंड के एक सुदूर गांव से किया है। 26 जनवरी तक यह यात्रा देश के हर गांव तक पहुंचेगी। इस यात्रा के दौरान शासन की योजना से लाभान्वित लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी से अन्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। यात्रा के दौरान ही पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है। उन्होंने सबको विश्वास दिलाया कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में कुछ लाभार्थियों में मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किए और योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार के प्रति आभार जताया।

स्टालों का किया अवलोकन, बच्चों को कराया अन्नप्राशन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारकर उनका अन्नप्राशन कराया और उपहार दिया। वह कुछ देर तक बच्चों के साथ खेलते रहे। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की।

झारखंडी महादेव मंदिर में की पूजा अर्चना

कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पूर्व सीएम योगी ने झारखंडी महादेव मंदिर में विधि विधान से देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना कर लोक मंगल की प्रार्थना की।

दो वर्ष में काशी पुराधिपति के दरबार में रिकॉर्ड 12.92 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

श्री काशी विश्वनाथ धाम का विस्तार, सुविधा और सुगमता के कारण महादेव के दरबार में बना उपस्थिति का कीर्तिमान

सीएम योगी आदित्यनाथ भी अनवरत करते हैं बाबा का दर्शन, शिव भक्तों की सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए धाम में बेहतर सुविधा का देते हैं निर्देश

साल में जहां लाखों भक्त बाबा के दरबार में लगाते थे हाजिरी, अब वह संख्या करोड़ों में पहुंच रही

वाराणसी, 9 दिसंबरः काशी पुराधिपति के दरबार का प्रताप है कि यहां हर मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि दो वर्ष में यहां 12.92 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाकर सुखी-स्वस्थ होने की कामना की। पीएम नरेंद्र मोदी ने 13 दिसंबर 2021 को श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण किया था। काशी के चौतरफा विकास, श्री काशी विश्नाथ धाम का विस्तार, वहां मिलने वाली सुविधा और सुगमता के चलते बाबा के भक्तों ने महादेव के दरबार में हाजिरी का कीर्तिमान बना दिया है। इसके बाद दिनोदिन भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। दो साल में काशी पुराधिपति के दरबार में रिकॉर्ड लगभग 12 करोड़ 92 लाख से अधिक लोगों ने शीश नवाया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी समय-समय पर बाबा के दर्शन करते हैं और निरीक्षण के दौरान शिव भक्तों की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन का निर्देश देते रहते हैं।

13 दिसंबर को लोकार्पण के हो जाएंगे दो वर्ष श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण को 13 दिसंबर 2023 को दो वर्ष पूरे हो जाएंगे। बाबा का धाम हर वर्ष भक्तों के आमद का नया कीर्तिमान बना रहा है। प्रतिदिन बाबा के दरबार में लाखों भक्त दर्शन करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद बाबा के दरबार में सौ बार से अधिक हाजिरी लगा चुके हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण 13 दिसंबर 2021 को हुआ था। तब से 6 दिसंबर 2023 तक 12 करोड़ 92 लाख 24 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। वहीं दिसंबर अंत तक यह संख्या 13 करोड़ पार करने का अनुमान है।

श्रद्धालुओं की सुविधा का भी कुशल प्रबंधन मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा के मुताबिक मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर कुशल प्रबंधन किया जा रहा है। गर्मी, ठंड और बरसात में तेज धूप से बचाने के लिए जर्मन हैंगर, पैर न जले इसके लिए मैट, कूलर, पीने का शुद्ध पानी, श्रावण मास में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क व्हील चेयर, सभी के लिए चिकित्सा आदि की व्यवस्था ने शिव भक्तों की मंदिर तक पहुंचने की राह आसान कर दी है।

लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

13 दिसंबर 2021 से दिसंबर 2021 तक--- 48,42,700 दर्शनार्थी

जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक –7,11, 47,000दर्शनार्थी

जनवरी 2023 से 6 दिसंबर 2023 –5, 32, 35,000 दर्शनार्थी

कुल----- 12करोड़ 92 लाख 24 हजार 700 दर्शनार्थी

श्रावण मास 2023 में एक करोड़ से अधिक भक्तों ने बाबा के दरबार में की समृद्धि की कामना

अधिमाह के कारण श्रावण इस बार दो मास का पड़ा था। इसमें जुलाई 2023 में 72,02891व अगस्त में 95,62,206 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। दो महीने में यह संख्या लगभग एक करोड़ 67 लाख 65 हजार 97 रही। वहीं श्रावण मास 2022 में काशी पुराधिपति के दर्शन करने वालों की संख्या 76, 81561 थी।

आज आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 206788 वादों का हुआ निस्तारण- जिला जज

माननीय न्यायामूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद/प्रशासनिक अधिकारी श्री पंकज भाटिया द्वारा दिनांक 09.12.2023 को दीवानी न्यायालय गौतमबुद्धनगर में आगमन किया गया, जिनके द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रात 10 बजे दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन किया गया। उक्त अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित हुयें तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत विधि दर्शन नामक पुस्तक का विमोचन माननीय न्यायामूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा किया गया उक्त पुस्तक की प्रतियॉ समस्त न्यायिक अधिकारीगण में वितरित की गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय व तहसील स्तर पर माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता एंव दिशा-निर्देशन में दिनांक 09.12.2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 53989 वाद तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व न्यायालय द्वारा कुल 83629 वाद, बैकं द्वारा 970 मामलें, एन0पी0सी0एल0 द्वारा 22 मामलें व यू0पी0पी0सी0एल के 4874 मामलें तथा श्रम न्यायालय द्वारा 362 मामलें व धनराशि 9346381 है, पुलिस विभाग द्वारा 6519 मामलों का निस्तारण किया गया। बी0एस0एन0एल0 द्वारा 26 मामलें तथा परिवहन विभाग द्वारा 19138 तथा यातायात विभाग द्वारा 34368 मामलों का निस्तारण हुआ इस प्रकार कुल प्री-लिटिगेशन के 159882 मामलें निस्तारित हुये। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 206788 वाद निस्तारित हुये। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयवार निस्तारित वादों का विवरण निम्न हैः- श्री अवनीश सक्सेना, जिला जज 37 वादों का निस्तारण किया गया। श्री इंदर प्रीत सिंह जोश, पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय द्वारा 27 वाद व समझौता धनराशि 16550119 है। श्री उदय प्रताप सिंह, पीठासीन अधिकारी, अतिरिक्त वाणिज्य न्यायालय द्वारा 14 वाद व समझौता धनराशि 9327768 है। श्री बुद्धि सागर मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 27 है। श्रीमती प्रतिक्षा नागर, अपर जिला जज प्रथम द्वारा 03 वाद है। श्री विकास नागर, अपर जिला जज, पोक्सो कोर्ट प्रथम द्वारा 04 वाद हैं। श्री विजय कुमार हिमॉशु, अपर जिला जज द्वितीय/विशेष न्यायाधीश, (एस0सी0/एस0टी एक्ट) द्वारा 04 वाद है। श्री चन्द्र मोहन श्रीवास्तव अपर जिला जज, पोक्सो कोर्ट प्रथम द्वारा 587 वाद व जुमार्ना 6473227 है। श्री राजेश कुमार मिश्रा, अपर जिला जज-षष्टम द्वारा 07 वाद है। श्री रणविजय प्रताप सिंह, अपर जिला जज/एफ0टी0सी0 1 द्वारा 01 वाद हैं। श्रीमती प्रियंका सिंह, अपर जिला जज, एफ0टी0सी-द्वितीय द्वारा 02 वाद है। श्रीमती बुशरा आदिल रिजवी, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 05 वाद। श्री जयहिंद कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम द्वारा 13464 वाद व जुमार्ना धनराशि 634800 है। श्रीमती शिवानी त्यागी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय द्वारा 8046 वाद व जुमार्ना धनराशि 807440 है। श्री प्रदीप कुमार कुशवाहा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय द्वारा 9796 वाद व जुमार्ना धनराशि 1716660 है। श्रीमती अर्पिता सिंह अतिरिक्त सिविल जज सी0डि 1/ए0सी0जे0एम द्वारा 4568 वाद व समझौता धनराशि

पीड़ित ने इटवा पुलिस पर लगाया विवेचना में लीपा पोती का आरोप

इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी महरी के रहने वाले ओमकार मिश्रा ने दर्ज कराया था मुकदमा।

पीड़ित ओमकार मिश्रा का आरोप, मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी आरोपी को नहीं पकड़ रही पुलिस।

सिद्धार्थनगर। इटवा थाना क्षेत्र के पिपरी महरी गांव के रहने वाले ओमकार मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर इटवा पुलिस पर विवेचना में लीप पोती का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ओमकार मिश्रा का आरोप है कि गांव के रामकुमार उर्फ ताखन पुत्र राम नारायन ने जमीन खरीदवाने का झांसा देकर पीड़ित से बारी बारी करके तीन लाख रुपए ले लिया। और जमीन भी नहीं दिलवाया। जिस पर पीड़ित ने थानाध्यक्ष इटवा को शिकायती पत्र देकर धन गमन करने के आरोप में आरोपी

पर मुकदमा पंजीकृत कराया। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षीगण प्रभावशाली हैं इसी वजह से इटवा पुलिस विवेचना में लीपा पोती कर रही है। विपक्षियों को आज तक पुलिस द्वारा थाने पर कभी नहीं बुलाया गया और ना ही पूछताछ किया गया। इसी वजह विपक्षियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। बताते चलें इटवा पुलिस विवेचना में लीपापोती को लेकर आए दिन सुर्खियों में रहती है। ओमकार मिश्रा ने मीडिया को बताया कि इस मामले की विवेचना अन्य थानों से कराए जाने पर ही उनको न्याय मिल सकती है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़ा के तहत आयोजित की गई एक दिवसीय जनपद स्तरीय स्टेकहोल्डर्स कार्यशाला, महिला व बालिका हिंसा जैसे विषयों व कानूनों पर दी गई जानकारियां

समाज जागरण - बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद । गिरते हुए बाल लिंग अनुपात (उरफ) में वृद्धि करने के साथ साथ कन्या भ्रूण हत्या को रोकने तथा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ साथ मिशन ऑपरेशन जागृति संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाम से एक फ्लैगशिप योजना की शुरूआत की गई है। जिसके अंतर्गत, महिला कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव, निदेशक संदीप कौर एवं उप निदेशक आशुतोष कुमार सिंह के आदेश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार महिला कल्याण अधिकारी एवं जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा के नेतृत्व में 1 से 15 दिसंबर तक विशेष पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। जिसमें, ग्रामीण विकास विभाग व विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला विधिक प्राधिकरण सचिव एवं जिला अपर सत्र न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सभागार में पोक्सो अधिनियम, घरेलू हिंसा

अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न उत्पीड़न निवारण अधिनियम, जेजे एक्ट आदि विषयों पर "एक दिवसीय जनपद स्तरीय स्टेकहोल्डर" कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका संचालन महिला कल्याण अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा ने किया। इस दौरान संबंधित अधिनियम के पंपलेट वितरण किए गए और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

कार्यशाला में सरकारी व गैर सरकारी रिसोर्स पर्सन के रुप में अधिवक्ता आरती यादव, किशोर न्यायिक बोर्ड से विश्व विमोहन कुलश्रेष्ठ बाल कल्याण समिति से प्रोफेसर उग्रसेन पांडे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व अपर सत्र न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए अति महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी।

कार्यशाला में मुख्य रूप से पुलिस विभाग, समस्त बाल कल्याण अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग से आशा एएनएम, माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग से अध्यापिकाएं एवं आईसीडीएस विभाग से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सहित सीओ सदर हीरालाल कनोजिया, प्रशिक्षणाधीन सीओ अमरीश कुमार, प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह एवं बाल संरक्षण अधिकारी अपर्णा कुलश्रेष्ठ, शिक्षिका कल्पना राजौरिया, सीमा निमेष लुबना वसीम सहित अल्लव थाना रंजना गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, र जुगेंद्र सिंह प्रभारी रखढव, थाना रसूलपुर रक रविन्द्र कुमार सिंह, थाना रामगढ़ रक रजनी वर्मा, महिला थाना रक प्रीति राय, थाना अल्लव र प्रेमपाल सिंह, थाना अल्लव आ0 सतेन्द्र कुमार व अन्य पुलिस कर्मी और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का आयोजन दिलाई सपथ

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रधान प्रतिनिध रियाज के अगुवाई मे किया गया

सिद्धार्थनगर- विकास खण्ड भनवापुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेव मुस्तहकम मे शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रधान प्रतिनिध रियाज के अगुवाई मे किया गया विकसित भारत यात्रा मे बाल विकास,स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग राष्ट्रीय आजीविका मे स्टाल लगाकर सरकार को योजनाओ के बारे मे

जानकारी दी गयी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिध भनवापुर लवकुश ओझा ने कहा सरकार की योजनाओ का प्रचार-प्रसार गांव मे विभाग के लोग पहुंच कर कर रहे है ताकि पात्र ब्यक्तियो तक लाभ पहुंच सके इसके लिए हर ग्राम पंचायत मे चौपाल लग रहा है तथा उपस्थित लोग को विकसित भारत का सपथ दिलाया इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिध लवकुश ओझा,खण्ड विकास अधिकारी आलोक दत्त उपाध्याय,संजय पटेल,सुनील कुमार, सचिव रण विजय यादव,समाज सेवी सुखदेव मिश्रा,बेव मुस्तहकम इन्डियन ग्रामीण वितरक वीरेन्द्र कुमार,अमित पान्डेय,अन्नू द्विवेदी,रीषू सिंह,गुड्डू तिवारी,हरि राम चौधरी,विवेक कुशवाहा सहित भारी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।

संकल्प विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं का किया गया प्रचार प्रसार

कही नाराजगी तो कही सरकार की योजनाओं का हुआ बखान

प्रधानमंत्री आवास वा किसान सम्मान निधि के लाभाथीयी के खिले चेहरे

इलेक्टानिक प्रचार वाहन पर लोगो ने जाना विभिन्न योजनाओं का लाभ

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को गढ़ीवा मझिगवां व मडौली गांव में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही संकल्प विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया वही महावतपुर असहट पिपरहा से जलंधरपुर मार्ग पर बनी रोड़ का उद्घाटन भी किया।

जिसमे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति रही। वही कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री वा विधायक को मड़ौली में रोड के संबंध में कुछ ग्रामीणों ने खरी खोटी भी सुनाई।

शनिवार दिन में पहला कार्यक्रम ग्राम पंचायत गढीवा मझिगवा में रखा गया जहां भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं का उल्लेख करते हुए साध्वी ने जनता के लगें दरबार को जमकर सजाया।

उस दौरान कई लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी भी सौंपी गई। वही उज्ज्वला योजना के तहत भी कई लाभार्थियों को सिलेंडर किट सौपी गई। वही इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 50 गोल्डन फॉर्म खाद्य रसद विभाग की तरफ से 10 फॉर्म प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 11 फॉर्म तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 127 फॉर्म जमा किए गए। जबकि शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग के अधिकारी कार्यक्रम से नादारत रहे। वही किसान सम्मान निधि के तहत कई किसानों के फॉर्म जमा किए गए। इसके कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री का काफीला ग्राम पंचायत मडौली पहुंचा। जहां कार्यक्रम की शुरूआत हुई जैसे ही केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सरकार की उपलब्धियां गिनानी शुरू की। वैसे ही ग्रामीण की जनसंख्या में इजाफा होना शुरू हो गया पूरा मैदान लोगों से खचाखच भर गया। इस दौरान कई लोग अपनी समस्या सुनाने के लिए मंच के पास पहुंचे जहां उन्हें दरकिनार कर दिया गया। इसी दौरान मडौली गांव निवासी करूणेश सिंह नाम के युवक ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए सवाल जबाव किया।

वही कार्यक्रम के दौरान साध्वी निरंजन ज्योति के अलावा, क्षेत्रीय विधायका कृष्णा पासवान, विजयीपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदित्य त्रिवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह तोमर प्रधान अतुल सिंह, मड़ौली ग्राम प्रधान सचिव शिवचंद्र निषाद सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी गण के अलावा विजयीपुर खण्ड विकास अधिकारी सकील अहमद , एडीओ पंचायत मो हारून सहित ब्लाक कर्मचारी ,सप्लाई इंस्पेक्टर हरीश साहनी,समेत कृषि विभाग,पंचायती राज विभाग, सहित अन्य विभाग वा भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम सभा गढ़िवा हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधियों अधिकारियों की उपस्थिति में ग्राम सभा सचिव की अनुपस्थिति पर डीपीआरओ उपेंद्र राज खफा दिखे जिस पर विकासखंड अधिकारी विजयीपुर न होने से कार्यवाही की बात कही

सखियावं एवं घनघौल गाँवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर..विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हसवा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सखियावं एवं घनघौल ग्राम पंचायत में बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा की गोष्ठी आयोजित हुई । जिसमें सैकड़ों लोगों की भीड़ बैठक में मैहजूद हुए।बीडीओ ने मां सरस्वती के चित्र में फूलों की माला डाल कर दीप प्रज्वलित कर नमन किया। सखियावं कंपोजिट विधालय और घनघौल कंपोजिट विधालय में बच्चों ने स्वागत गीत और संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया।विकसित भारत संकल्प यात्रा की बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी ने सभी को संकल्प दिलाया कि संपूर्ण भारत को विकसित देश बनाने का प्रयास सरकार कर रहीं हैं। जानकारी देते हुए कहाकि शहर से लेकर गाँव - गाँव में विकसित गाँव बनाने का लक्ष्य चल रहा है। सरकार ने पांच लाख रुपये इलाज किसी भी अस्पताल मे निशुल्क किया जा रहा है। यही ही नहीं सासद और विधायक निधि से गंभीर रूप पीड़ित व्यक्ति निशुल्क कराया जा रहा है। मोदी सरकार किसानों को छः हजार रुपये सीधे खातों में भेजा जा रहा है। हर घर में जल पहूँचा कर ही सरकार लोगों का सपना साकार कर रहीं हैं। थारियावं कृषि वैज्ञानिक विभाग एस.

के पाड़ेय ने किसानों को बताया किअपने अपने खेतों में मोटे अनाज के लिए सरकार विशेष रूप से अधिक प्रयोग में लाया जाए। गेहूँ के आटे के प्रयोग करने से शरीर में मोटापा अधिक हो रहा है। काकुन, बाजारा, सावन, ज्वार के खेती अधिक से अधिक करें। कैल्शियम और आयरन विटामिन अधिक पाया जाता है। खेतों में गोबर , हरी खाद, केचुआ खाद,की खाद अधिक प्रयोग करें। तभी खेती अधिक उपजाऊ भूमि तैयार हो जायेगी।

बीडीओ सतीश चन्द्र पाड़ेय और एडीओं पंचायत कौशलेन्द्र सिंह एंव सखियावं ग्राम प्रधान राघवेंद्र सिंह , एवं घनघौल ग्राम प्रधान जानकी एवं बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर अनीता कुमारी, शशि दुबे एवं सखियावं गाँव की गर्भवती महिलाओं में आरती देवी, सावित्री देवी, इसके अलावा अन्नप्राशन के लिए कुनाल, शिवाशी एवं सखियावं रोजगार सेवक शिव प्रताप मौर्य,और घनघौल रोजगार सेवक मेवालाल, रमेश चन्द्र गुप्ता , राकेश श्रीवास्तव, सखियावं गाँव की खुशबू देवी, गायत्री, सपना, सरिता एवं अन्नप्राशन अभी मौर्य, पायल , आंगनबाड़ी कार्यकत्री गायत्री दिवेदी, रानी देवी , सूर्य मुखी, एएनएम अर्चना देवी और सखियावं गाँव की गर्भवती महिलाएँ मंजू देवी, सेजल, एवं अन्नप्राशन सिदार्थ, सुनैना,एवं घनघौल गाँव की अनीता देवी, गुड़िया देवी, अंकिता देवी, ममता देवी,गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराया गया एवं अंश, मनू, वंतिका बच्चों को खीर खिलाकर मासूम बच्चों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर भाजपा मंडल प्रभारी भिटौरा ब्रजेश दिवेदी,, एवं महामंत्री मंगल सिंह , सखियावं सचिव मकरंद कुमार मिश्रा , एवं घनघौल सचिव रवींद्र सिंह,घनघौल रोजगार सेवक मेवालाल,आंगनबाड़ी कार्यकत्री ज्योति, सूर्य मुखी, जयकरन , मोहम्मद इमरान,पशु विभाग डा राजेश यादव, स्वास्थ्य विभाग हेमचन्द्र चौधरी, आशा बहू संगीता देवी,अजय कुमार एवं फिजियो थेरेपी मोहम्मद रिजवान,सत्येन्द्र दिवेदी , सुपरवाइजर शशि दुबे, एवं अनीता कुमारी एवं पूर्व ग्राम प्रधान शारदा प्रसाद यादव, ,सहित अन्य जनप्रतिनिधि मैहजूद रहे।

10 दिसंबर से प्रारंभ होगा राष्ट्रीय कार्यक्रम सघन पल्स पोलियों अभियान

दैनिक समाज जागरण ऋषभ कुमार

बिंदकी फतेहपुर - उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर में आज दिनांक 08 दिसंबर 2023 को उपजिलाधिकारी महोदय तहसील बिंदकी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यक्रम सघन पल्स पोलियों अभियान की TTF बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे उप जिलाधिकारी महोदया द्वारा बताया गया कि दिनांक 10 दिसंबर 2023 दिन रविवार

को बूथ वाले दिन प्रातः 8 बजे से 4 बजे तक खुले रहेंगे। और बुलावा टोली बनाकर .5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप दिलाने के लिए प्रचार प्रसार करेंगे । BMC यूनिसेफ वैभव निगम के द्वारा बताया गया कि बूथ का उद्घघाटन किसी प्रभावशाली व्यक्ति से किया जाए । इस मौके पर तहसील बिंदकी के समस्त ब्लॉक के प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी देवमई डॉ विमलेश कुमार, सीएचसी बिंदकी के अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र, सीएचसी अमौली डॉ पुष्कर कटियार, बीएमसी यूनिसेफ वैभव निगम देवमई बीएमसी यूनिसेफ शरद कुमार तिवारी खजुहा , बाल विकास परियोजना अधिकारी,खंड विकास अधिकारी,और खंड शिक्षा अधिकारी अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बाल मेला एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर शहर के आबूनगर स्थित विद्या त्रिपाठी इंटर कॉलेज में विद्यालय

परिवार ने बाल मेला एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र व छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें बच्चों द्वारा कबड्डी, खो-खो, कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़ जैसे खेलों का आयोजन किया गया और जिन बच्चों ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया उनको प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका एवं प्रबंधक सुषमा तिवारी संचालक कृष्ण कुमार त्तिवारी प्रधानाचार्य राजकुमारी सोनी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। वही 67वीं प्रदेसीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 सीएबी इंटर कॉलेज प्रयागराज में संपन्न हुई जिसमें विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के कक्षा 11 के सम्यक त्रिवेदी पुत्र संजय त्रिवेदी अंडर 17/19 में प्रतिभा किया और गोल्ड मेडल हासिल कर अपने विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया।

अस्पताल के प्रांगण से मुख्य विकास अधिकारी ने जन जागरूकता रैली को फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद फतेहपुर में 10 दिसम्बर 2023 को पल्स पोलियो दिवस को सफलता पूर्वक आयोजन को दृष्टिगत दिन शनिवार को जिला अस्पताल के प्रांगण से मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जन जागरूकता रैली को फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न स्कूलों के छात्र/छत्राओं व एन0सी0सी0 के द्वारा दो बूद जिंदगी के नारे लगाते हुए आबूनगर पुलिस चौकी के पीछे से बिन्दकी बस स्टॉप होते हुए जिला अस्पताल में रैली का समापन हुआ।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 10 दिसम्बर 2023 को होने वाले बूथ दिवस पर लगाये गये अधिकारी, कर्मचारी तैनाती बूथ पर समय से पहुंचकर बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूद दवा पिलाये व

पल्स पोलियो को देश से भगाये। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की बूथों पर निगरानी हेतु ड्यूटी लगायी गयी हैं वो निरन्तर भ्रमण करके शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलवायें।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि 10 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को 09:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक 1280 बूथों के माध्यम से 437697 लछित बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलायी जायेगी, के लिए ट्रांजिट टीमो की संख्या 42, घर-घर टीमों की संख्या 884, पर्यवेक्षक की संख्या 256, ईट भट्टो एवं घुमंतू परिवार हेतु सचल टीमों की संख्या 39 लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि 11 दिसम्बर 2023 से 15 दिसम्बर 2023 तक ए टीम, 18 दिसम्बर 2023 से बी टीम द्वारा घर-घर जाकर बूथों से छूटे बच्चों को दवा पिलायेंगे। अभियान हेतु प्राप्त वैक्सीन 548000 बी0ओ0पी0वी0 है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी,जिला सूचना अधिकारी, पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,फतेहपुर ने बताया कि दिनांक-09.12.2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर न्यायालय फतेहपुर एवं समस्त तहसील में किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक-09.12.2023 का उद्घाटन रणंजय वर्मा माननीय जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर के कर कमलो द्वारा विटनेश कक्ष दीवानी न्यायालय परिसर फतेहपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का संचालन किया गया एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फतेहपुर के द्वारा अपने आर्शीवचनो में सभी न्यायिक अधिकारियो को इस लोक अदालत मे अधिकाधिक मामलो को निस्तारित किये जाने का निर्देश दिया एवं सभी न्यायिक अधिकारियो को यह भी कहा कि अधिकाधिक संख्या में वादो को सुलह समझौता केन्द्र में प्रेषित किया जाये जिससे वादो का निस्तारण सुलह समझौता के माध्यम से अधिकाधिक संख्या में हो सके। माननीय जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा, अखिलेश पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम फतेहपुर, मो0 अहमद खान, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, श्रीमती नित्या पाण्डेय अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर द्वारा न्यायालय परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

आज दीवानी न्यायालय परिसर फतेहपुर, खागा न्यायालय परिसर, ग्राम न्यायालय, बिन्दकी परिसर, कलेक्टेज्ट परिसर फतेहपुर, समस्त तहसील परिसर, समस्त नगर पालिका एवं समस्त नगर पंचायत परिसर, श्रम कार्यालय परिसर, समस्त विद्युत वितरण खण्ड परिसर, कार्यालय दूर संचार, समस्त बैंको द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उपरोक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा द्वारा कुल 02 वादो का निस्तारण करते हुए 272674 रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। अमित पाल सिंह, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फतेहपुर के द्वारा 31 वैवाहिक वादों एवं 11 प्रीलिटिगेशन विवादो का निस्तारण किया गया एवं सुश्री मंजुला सरकार, अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, फतेहपुर द्वारा 08 वैवाहिक वादो एवं 06 प्रीलिटिगेशन विवादो का निस्तारण किया गया। धनेन्द्र प्रताप सिंह, पीठासीन अधिकारी, मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण, फतेहपुर द्वारा 55 मोटर दुर्घटना याचिकाओं का निस्तारण करते हुए 30321726 रु० का प्रतिकर दिलाया गया। श्री अखिलेश कुमार पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम फतेहपुर द्वारा 06 वादो का निस्तारण करते हुये 3000 रुपये दिलाया गया। मोहम्मद अहमद खान विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा 01 वाद का निस्तारण करते हुये 500 का अर्थदण्ड के रुप में जमा कराया गया। विनोद कुमार चैरसिया, विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम द्वारा 03 वाद का निस्तारण करते हुए 30,000 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। अनिल कुमार टप अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो प्रथम द्वारा 02 वादो का निस्तारण करते 2000 रु0 वसूल कराया गया। श्री विनय तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट द्वारा 132 वादों का निस्तारण करते हुये 135000/रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्री अविजीत भूषण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रथम द्वारा 02 वादों का निस्तारण करते हुये 1000/रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया।

राम नरेश मौर्या, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम, फतेहपुर द्वारा 08 वादो का निस्तारण करते हुये 1186068/रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। प्रभारी अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत द्वारा 03 वादो का निस्तारण करते हुये 386233/रुपए वसूल कराया गया। राज बाबू मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट द्वारा दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुये .../रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्रीमती रोमा गुप्ता अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं० 1 द्वारा 2623 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 105847 रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्री महेन्द्र कुमार पासवान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-02/एम0पी0एम0एल0ए0 द्वारा 537 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए रू० 3659/- अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया।

अनुपम कुशवाहा, सिविल जज/सी0डि0/एफ0टी0सी0. द्वारा 951 वादो का निस्तारण करते हुए 6622686 रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। प्रत्यूश गुप्ता ग्राम न्यायालय जू0डि0 बिन्दकी, द्वारा 3020 वादों का निस्तारण करते हुए 6471/- रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्रीमती अंकिता सिंह तृतीय सिविल जज जू0डि0 द्वारा 147 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 12366. रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्रीमती भावना साहू सिविल (जू०डि०/एफ०टी०सी०) महिला हिंसा अधिनियम द्वारा 287 वादों का निस्तारण करते हुए 26772 रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया।

ट्रेन की चपेट में आकर रेलवे कर्मचारी की मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलाबाद और फैजुल्लापुर रेलवे स्टेसन के बीच ट्रेन की चपेट में आकर रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रामपुर थरियांव निवासी स्व. बलराम यादव का 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार यादव जो रेलवे में नौकरी करता था। आज वह ड्यूटी पर था तभी ड्यूटी के दौरान थाना क्षेत्र के रसूलाबाद और फैजुल्लापुर रेलवे स्टेसन के बीच ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विधायक अयाह- शाह द्वारा किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। दिनांक 09.12.2023 को मा० विकास गुप्ता जी विधायक अयाह शाह की अध्यक्षता में विकास खंड असोथर के अंतर्गत ग्राम चककाजीपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ । विधायक जी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 विधायक जी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि जनता की भलाई के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से छूटे पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना, साथ ही जनता की भलाई के लिए जो योजनाएं चल रही है वह जन जन तक पहुंचे और नागरिकों को योजनाओ की जानकारी हो। जिससे कि नागरिक जागरूक होकर योजनाओ का लाभ उठा सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में प्रत्येक गांव तक पहुंचकर नागरिकों को जागरूक करने साथ ही लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, महिलाओ, खेत, खलिहान के विकसित होने पर ही विकसित राष्ट्र की संकल्पना पूरी होगी । साथ ही किसानों को कृषि यंत्रों में ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कराकर लाटरी के माध्यम से अनुदान देकर यंत्र की खरीदारी कराई जा रही है। देश की आधी आबादी में महिलाओ को सशक्त बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार दिन रात कार्य रही है। महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समूहों के माध्यम से, उद्योग से जोड़कर, रोजगारपरक योजनाओ व उनके उत्पादों की बिक्री का बाजार में सही मूल्य दिलाकर उनकी उनकी आय बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि इस अभियान के तहत जनता की सरकार जनता के द्वार आकर योजनाओ से लाभान्वित करने के साथ ही जागरूक करने का कार्य मोदी जी की गारंटी वाला रथ (प्रचार वाहन) व कैम्प के माध्यम से किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए बिना भेद भाव के सबका साथ, सबका विश्वास, सबके प्रयास से कार्य कर रही है।

इस मौके पर मा0 विधायक जी ने महिलाओं को पोषण किट वितरित की व विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों को यथा-मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के स्वीकृत प्रमाण-पत्र का वितरण किये। खंड विकास अधिकारी असोथर ने विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री की शिकायत ग्राम प्रधान ने की सीडीओ से

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुरझबहुआ ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम चुरियानी का एक मामला प्रकाश में आया है।जिसमे आंगनबाड़ी केंद्र की संख्या दो गुना दर्शाकर पोषाहार को बेंच लिया जाता है।टीकाकरण में भी आंगनबाड़ी अपने दायित्यों का निर्वहन करती है।जहां ग्राम प्रधान सुनैना देवी ने बताया कि बच्चों की संख्या 12झ 15 के बीच रहती है। जबकि आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरोज देवी दो गुना संख्या बढ़ाकर रखती हैं।आंगनबाड़ी कार्यकत्री के फजीर्वाड़े की शिकायत ग्रामीणों ने कई बार की तो उन्होंने अपने पति एवं प्रतिनिधि वीरेंद्र शिवहरे को आंगनबाड़ी केंद्र पर भेजा।ग्रामीणों ने जो शिकायत की थी

वह सही मिली तो आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बच्चों की दर्ज फर्जी संख्या दिखाने से उनके पति को मना कर दिया और फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी देने लगी।जहां ग्राम प्रधान ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री की इस तानाशाही की शिकायत सीडीओ से की गई है।।

साई डिग्री कॉलेज में छात्रों को वितरित किए स्मार्टफोन

पूरनपुर। नगर के साई गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शनिवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बाबूराम पासवान एवं अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने मां शारदे की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कॉलेज में बीएससी गृह विज्ञान बीएससी विज्ञान एवं बीए बीकॉम उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए गए।स्मार्टफोन प्राप्त कर सभी छात्राएं खुशी में झूम उठे।विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी के वर्तमान युग में छात्रों को स्मार्टफोन की

बहुत ही आवश्यकता है।स्मार्टफोन का सदुपयोग छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने में सहयोग प्रदान करेगा।स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक रजत सक्सेना कॉलेज के प्रचार्या डॉ निधि जौहरी के दिशा निर्देश पर संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्रबंधक रजत सक्सेना और प्राचार्य ने सभी छात्रों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से तौसीफ अहमद, किशन विश्वकर्मा, जितेंद्र वर्मा,नफीस अहमद, सचिन वर्मा,शीतल राय,देवकी सहित कई लोग मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता रैली निकाल किया जागरूक

पूरनपुर। नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर के तहत मतदाता जागरूकता रैली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं छात्र छात्राओं ने पूरनपुर नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को वोट बनवाने एवं मतदान के प्रति जागरूक किया गया। रैली में स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता संबंधी नारे लगाए गए एवं 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया एवं अपने वोट का सही इस्तेमाल करने की भी सलाह दी गई।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार गौतम जी द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री साजिद खां ने स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को अपने आसपास के लोगों को अधिक से अधिक वोट बनवाने एवं मतदान के प्रति जागरूक करने की जानकारी दी।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी साजिद खां, विद्यालय के प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार,उमाशंकर चौरसिया, प्रज्ञा वर्मा, सुशील मौर्य,रामबाबू,संजय सरकार,जयप्रकाश दुबे आदि का विशेष सहयोग रहा।

ऑपरेशन जागृति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद। एका वार्ड नंबर 5 किला मोहल्ला रामलीला मैदान पर एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ के दिशा निर्देशन में चल रहे कार्यक्रम ऑपरेशन जागृति में महिला पुरुषों बेटियों ने भाग लिया।मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे क्षेत्राधिकार जसराना राजवीर सिंह ने महिलाओं पुरुषों को अपराध के प्रति जिम्मेदारी का आभास कराते हुए कहा कि महिलाओं को मोहरा ना बनाएं घर की इज्जत को सम्हाल कर रखें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ती वीर नारी नीलम देवी ने बेटियों को

संबोधन में कहा कि कोई भी परेशानी है छेड़छाड़ की बात होने पर भीड़ में रहे हेल्प लाइन नंबर 1090 का प्रयोग करें। भारतीय संस्कृति के अनुसार कपड़े पहने। कार्यक्रम के आयोजक एका थाना अध्यक्ष शिवभान राजावत सिंह ने ऑपरेशन जागृति के बारे में समुचित जानकारी देते हुए महिलाओं को सभी हेल्पलाइन नंबर नोट कराए। गढ़मान्य व्यक्तियों को समझाते हुए कहा कि छोटे-छोटे झगड़ों में महिलाओं को मोहरा ना बनाएं। अपनी बात शालीनता के तरीके से थाने में आकर कहिए आपकी हर संभव मदद की जाएगी।

योग कार्यशाला के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देता है।

दैनिक समाज जागरण

फि रोजाबाद। समग्र कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयास में, महात्मा गांधी गर्ल्स पीजी कॉलेज ने "स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग" पर पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित, कार्यशाला 5 दिसंबर, 2023 को शुरू हुई और 9 दिसंबर, 2023 को समाप्त होगी। कॉलेज की प्रतिष्ठित प्राचार्य डॉ. अंजू शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान समग्र स्वास्थ्य के लिए योग को दैनिक जीवन में शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। शारीरिक शिक्षा की सहायक प्रोफेसर डॉ. अमृता सिंह ने कार्यक्रम सचिव के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, कार्यशाला के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित किया और इसे कॉलेज की भलाई के प्रति प्रतिबद्धता के साथ जोड़ा। कोच नीमा, प्रजना केशरवानी, डॉ. अनीता चौरसिया, माया मधुर, डॉ. जेबा फारुकी जैसी खेल समिति के सदस्यों और विभिन्न सम्मानित एसोसिएशन सदस्यों सहित उल्लेखनीय हस्तियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला में 116 छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।शैक्षणिक उत्कृष्टता से परे:* कार्यशाला ने न केवल अकादमिक उत्कृष्टता प्रदर्शित की, बल्कि अपने छात्रों और कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ाने के लिए कॉलेज के समर्पण पर भी

प्रकाश डाला। पाँच दिनों तक छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने कॉलेज की प्रतिबद्धता को दशार्या।

दूसरे और तीसरे दिन, डॉ. अमृता सिंह की देखरेख में, कोच नीमा ने प्रतिभागियों को योग प्रशिक्षण प्रदान किया, जबकि डॉ. अमृता सिंह ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर अंतर्दृष्टि साझा की। चौथे दिन सेवानिवृत्त जिला स्काउट मास्टर एवं जिला योग प्रशिक्षक राधेश्याम गुप्ता ने योग के माध्यम से स्वास्थ्य जीवन शैली पर व्याख्यान दिया।

स्वस्थ जीवन के लिए योग" विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन आज मुख्य अतिथि के रूप में डॉ शैल गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। डॉ. ऋचा सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। समारोह में योग मुद्राओं पर शैल गुप्ता का व्याख्यान शामिल था और डॉ. अनीता चौरसिया, प्रज्ञा केसरवानी और माया मधुर सहित गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित थे।राजनीति विज्ञान की पूर्व शिक्षिका शैल गुप्ता ने छात्रों के लिए प्रेरणा के रूप में अपने जीवन संघर्षों को साझा किया और योग के माध्यम से अनुशासन को प्रोत्साहित किया। उन्होंने समय पर सूरज उगने और डूबने की अनुशासित प्रकृति और व्यक्तियों को तदनुसार अपनी दैनिक दिनचर्या निर्धारित करने की आवश्यकता के बीच समानताएं बताईं।कार्यक्रम सचिव डॉ. अमृता सिंह ने आभार व्यक्त किया और डॉ. अनीता चौरसिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान खेल समिति के सदस्य प्रज्ञा केसरवानी और माया मधुर उपस्थित थे।

स्वस्थ जीवन के लिए योग कार्यशाला ने न केवल कॉलेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया, बल्कि कॉलेज समुदाय के भीतर एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के सामूहिक प्रयास के रूप में भी काम किया।

जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर अवनीश सक्सेना द्वारा किशोर बाल संप्रेषण गृह फेस-2 एवं किशोरी बाल संप्रेषण गृह सेक्टर 62 नोएडा किया गया विजिट।

जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर अवनीश सक्सेना द्वारा विगत दिवस किशोर बाल संप्रेषण गृह फेस टू नोएडा कि विजिट की गई एवं वहां पर रह रहे किशोरों की समस्याएं सुनी तथा उनके मुकदमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इसके साथ ही किशोरों के मनोरंजन एवं कौशल विकास के अंतर्गत संगीत उपकरण पियानो दिया गया। इसके उपरांत उनके द्वारा सेक्टर 62 नोएडा स्थित किशोरी बाल संप्रेषण गृह की विजिट



की गई एवं वहां पर रह रही किशोरियों से बातचीत की गई एवं उनके मुकदमों के संबंध में जानकारी ली गई तथा उनके लिए भी एक पियानो दिया गया। उक्त संगीत उपकरण को पाकर किशोर एवं किशोरियां काफी खुश एवं उत्साहित हुये। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर के साथ अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर ऋचा उपाध्याय तथा किशोर एवं किशोरी बाल संप्रेषण गृह के अधीक्-ाक एवं अधीक्षिका उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों आम जनमानस को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से किया जा रहा है जागरूक।

गौतम बुद्ध नगर 09 दिसंबर, 2023 शासन के निदेर्शों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र वंचित लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज माननीय विधायक दादरी तेजपाल नागर की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत बंबावड़ विकासखंड बिसरख में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रचार वैन के द्वारा भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी का सजीव प्रसारण प्रसारित किया गया, जिसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा संवाद किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किये गये।

जनपद न्यायाधीश, हरवीर सिंह द्वारा सभी न्यायिक अधिकारीगण एवं अन्य विभागों के उपस्थित अधिकारीगण एवं बैंक अधिकारीगणों से लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों के निस्तारण का आहवान किया गया

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद। शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का उदघाटन हरवीर सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरविन्द कुमार सिंह-।।, प्रभारी जिलाधिकारी फिरोजाबाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद, अपर जिलाधिकारी (वि/रा)फिरोजाबाद, बार के अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद न्यायाधीश, हरवीर सिंह द्वारा सभी न्यायिक अधिकारीगण एवं अन्य विभागों के उपस्थित अधिकारीगण एवं बैंक अधिकारीगणों से लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों के निस्तारण का आहवान किया गया और उनके द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व, स्टाम्प, सिविल, धारा 138 एन०आई०एक्ट, भरण पोषण व अन्य अपराधिक एवं वैवाहिक वाद में अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराये जाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव यजुवेन्द्र विक्रम सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद द्वारा सभा में उपस्थित सभी अधिकारीगण, बैंक के अधिकारीगण, पत्रकारों व प्रशासन एवं पुलिस विभाग के द्वारा दिये गये विशेष सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजीव सिंह नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फिरोजाबाद द्वारा द्वारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथिगणों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत की महत्ता और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 263902 वादों का निस्तारण कर कुल मु०149240197/- रू० अर्थदण्ड के रूप

में वसूल किया गया। इनमें से मुख्यतः जनपद न्यायालय द्वारा60696 वाद, परिवार न्यायालयों द्वारा 156 वाद निस्तारित कर सुलह समझौते के आधार पर 7 जोडे एक साथ भेजे गये। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 33 वादों का निस्तारण करते हुए 26640000/- धनराशि प्रतिकर के रूप में प्रदान की गयी है। राजस्व न्यायालय द्वारा 26265 वाद, बैंक द्वारा बसूली योग्य 786 वादों में 112143000/- धनराशि का सैटलमेंट किया गया। अन्य विभागों द्वारा176155 वाद निस्तारित किये गये।

जनपद न्यायालय फिरोजाबाद न्यायिक अधिकारीगण में हरवीर सिंह जनपद न्यायाधीश द्वारा 7 वाद, नवनीत गिरी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं० 1 द्वारा 2 वाद, विजय कुमार आजाद स्पेशल जज पोक्सो एक्ट फिरोजाबाद द्वारा 3वाद, इफराक अहमद स्पेशल जज एस०सी०/एस०टी० एक्ट फिरोजाबाद द्वारा 3वाद, दीपा राय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं० 2 द्वारा 17 वाद, रवीन्द्र कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं० 11 फिरोजाबाद द्वारा 549 वाद, अवधेश पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट नं० 2 फिरोजाबाद द्वारा 1 वाद, अवधेश कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट नं० 1 फिरोजाबाद द्वारा 1 वाद, संजय कुमार यादव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट नं० 3 फिरोजाबाद द्वारा 4 वाद, जितेन्द्र गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं० 7 द्वारा 1 वाद, राजीव सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं० 9 फिरोजाबाद द्वारा 5 वाद, पीयूष सिद्धार्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट नं० 1 फिरोजाबाद द्वारा 2 वाद, अतुल चौधरी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट नं० 2 फिरोजाबाद द्वारा 5 वाद निस्तारित किये गये।

मजिस्ट्रेट न्यायालयों में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मिनाक्षी सिन्हा द्वारा46006 मुकदमों का निस्तारण, सिविल जज सी०डि० प्रेम बहादुर सिंह द्वारा 32 मुकदमों का निस्तारण, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि यादव द्वारा2204 मुकदमों का निस्तारण, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिकोहाबाद सुव्रत पाठक द्वारा 1571 मुकदमों का निस्तारण, अपर सिविल जज सी०डि० कोर्ट सं० 1 फिरोजाबाद नगमा खान द्वारा 1083मुकदमों का निस्तारण, सिविल जज सी०डि०/एफ०टी०सी० फिरोजाबाद सुशान्त बहल द्वारा 1003 मुकदमों का निस्तारण, सिविल जज जू०डि० फिरोजाबाद सौम्या मिश्रा द्वारा 6 मुकदमों का निस्तारण, न्यायिक मजिस्ट्रेट अजय सिंह-।। द्वारा 1620 मुकदमों का निस्तारण, अपर सिविल जज जू०डि० कोर्ट नं० 2 फिरोजाबाद मनीष कुमार यादव द्वारा 1145 मुकदमों का निस्तारण, अपर सिविल जज जू०डि० कोर्ट नं० 3 फिरोजाबाद प्रभात कुमार सिंह द्वारा 1526 मुकदमों का निस्तारण, ग्राम न्यायालय जसराना शिरीश पटेल द्वारा 66 मुकदमों का निस्तारण, सिविल जज जू०डि० शिकोहाबाद नेहा चौधरी-। द्वारा 52 मुकदमों का निस्तारण, अपर सिविल जज जू०डि० कोर्ट नं० 1 शिकोहाबाद अमित कुमार मौर्य द्वारा 1125 मुकदमों का निस्तारण, अपर सिविल जज जू०डि० कोर्ट नं० 2 शिकोहाबाद उदायन कुमार गौतम द्वारा 1097 मुकदमों का निस्तारण, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मुनेश कुमार सिंह द्वारा 1011 मुकदमों का निस्तारण व विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अनिल प्रताप सिंह द्वारा 362 मुकदमों का निस्तारण किया गया।

संस्कृति ही समृद्धि की संवाहक है

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं दाऊ दयाल महिला पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश की संस्कृति में लोक उत्सव और मानव मूल्य विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ , सहायक निदेशक डॉ राजेश अहिरवार संस्कृति विभाग, प्रो०कृष्णा राज 'आचार्य',सर्वेश कुमार एस०पी० सिटी,जेलर आनंद सिंह,स्वयं चन्द्र अधिकारी प्रबंध समिति की अध्यक्षा श्रीमती माला रस्तोगी एवं प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा जी द्वारा मॉड्ं शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात दाऊ दयाल शिक्षण संस्थान में अध्यनरत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की मोहक प्रस्तुति से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। संगोष्ठी में प्रो०रामबाबू गौतम'आरजी'(न्यू जर्सी) ,प्रो०सुषमा मल्होत्रा, न्यूयार्क अमेरिका, कृष्णा राज आचार्य काठमांडू (नेपाल),के अतिरिक्त दरभंगा, पंजाब छत्तीसगढ़,पश्चिम बंगाल ,तथा गुजरात आदि देशों के विविध राज्यों से शिक्षाविद् एवं साहित्यकार शामिल हुए।

इसी के साथ ही स्वागत श्रृंखला में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा जी ने स्वागत संभाषण के दौरान आगंतुक अतिथियों को बैज, पटका एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर भव्य स्वागत किया। इसी दौरान उत्तरप्रदेश की राज्यपाल माननीय श्री मती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री महाराज योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्राप्त शुभकामना संदेश पढ़ें गए।प्राचार्या जी के कुशल निर्देशन में डॉक्टर अंजु गोयल असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश की लोक संस्कृति पर आधारित लघु फिल्म तैयार की गई जिसके माध्यम से सभागार में

उपस्थित समस्त जन समुदाय को रूबरू कराया गया। उक्त संगोष्ठी दो सत्रों में संचालित की गई जिसके प्रथम चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत संगीत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर स्नेहलता शर्मा के निर्देशन में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के संपूर्ण जीवन शैली पर आधारित नृत्य नाटिका के माध्यम से मानव मूल्यों की स्थापना की गई वहीं चित्रकला विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर विनीता यादव एवं श्रीमती शालिनी मिश्रा जी के सौजन्य से उत्तर प्रदेश की लोक संस्कृति एवं लोक कलाओं पर आधारित छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर हमारी प्राचीन संस्कृति को सराहा।

संगोष्ठी की द्वितीय चरण में तकनीकी सत्र में मंचासीन अतिथियों में प्रोफेसर कृष्णा राज आचार्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीज वक्ता के रूप में रहकर उत्तर प्रदेश की संस्कृति पर विस्तृत चर्चा की,रिसोर्स पर्सन के रूप में श्री श्याम चंद्र अधिकारी जी ने अपना शोध पत्र वाचन कर उत्तर प्रदेश की संस्कृति से जनमानस को रूबरू किया। स संस्कृति विभाग के सहायक निदेशक डॉ राजेश अहिरवार ने ने अपने वक्तव्य में कहा कि उत्तर प्रदेश की पावन धरा भगवान राम और कृष्ण की जन्मस्थली है यहां की मिट्टी के कण-कण में हमारी संस्कृति का वास है वैश्विक स्तर पर हिंदुस्तान ने सत्य ज्ञान और अहिंसा का संदेश देने वाला बुद्ध दिया है।वैदिक काल से ही उत्तर प्रदेश की संस्कृति में संगीत, नृत्य, वास्तुकला एवं स्थापत्य कला आदि के माध्यम से भारतीय समाज में सत्यम, शिवम, सुंदरम की स्थापना की जाती रही हैअंत में उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी समृद्धि की संवाहक है ।मुख्य वक्ता के रूप में मंचासीन प्रोफेसर निशा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में संस्कृति, साहित्य एवं समाज का अन्योन्यायाश्रित संबंध को स्पष्ट किया वहीं प्रोफेसर विनीता गुप्ता(अध्यक्षा शिक्षा शास्त्र विभाग) ने आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक की संस्कृति के स्वरूप पर वृहद प्रकाश डाला। इस सत्र में उच्च कोटि के लगभग 10 शोध पत्रों का वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० माधवी सिंह एवं डॉ० शिप्रा सिंह ने किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रो०निशा अग्रवाल (अध्यक्षा मनोविज्ञान विभाग) ने धन्यवाद विज्ञापन की परंपरा का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष प्रकट किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव श्रीमान अनूप चंद्र जैन डॉ मयंक भटनागर अंजुमन रियाज डॉ रणवीर सिंह, प्रदीप भारद्वाज,डॉक्टर विजय कुमार शर्मा,प्रो० प्रीति अग्रवाल, प्रो० प्रेमलता जी, प्रो०रंजना राजपूत, डॉ इंदिरा रानी गुप्ता ,डॉ छाया बाजपेई, डॉ ज्योति अग्रवाल, डॉ रूमा चटर्जी, डॉ नम्रता निश्चल त्रिपाठी, डॉ निधि गुप्ता, डॉ शालिनी सिंह, डॉ श्वेता राय सिंह डॉ राजश्री भदौरिया, डॉ पंकज मिश्रा, डॉ सरिता रानी, नीतू सिंह, डॉ शमा बी, डॉ अर्चना अग्रवाल, डॉ कंचन सिंह, डॉ गरिमा सिंह, ऋषि कुमार जी, डॉ संध्या चतुर्वेदी,श्री विकास वार्ष्णेय, डॉ निधि गुप्ता, श्री शब्बीर उमर,श्री शम्भू दयाल, अमित अग्रवाल सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

सिर्फ वही बता सकते हैं कि... धीरज साहू से कांग्रेस ने भी खींच लिया हाथ, अब तक करीब 300 करोड़ नकद बरामद

नई दिल्ली. कांग्रेस ने पार्टी के राज्य सभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से जुड़े कुछ परिसरों से बड़े पैमाने पर नकदी की बारामदगी के बाद शनिवार को कहा कि उसका साहू के कारोबार से कोई लेना-देना नहीं है, तथा इस मामले पर उन्हें ही अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ह्यएक्सह्न (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, ह्यसांसद धीरज साहू के व्यवसाय से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है. सिर्फ.वही बता सकते हैं और उन्हें यह स्पष्ट करना भी चाहिए कि कैसे आयकर अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर उनके ठिकानों से इतनी बड़ी मात्रा में नकद बरामद किया जा रहा है. अधिकारियों ने बताया कि बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ आयकर विभाग के छापे में अब तक भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है. ये छापे साहू से जुड़े परिसरों में भी मारे गए हैं. सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग ने राशि की गिनती के लिए तीन दर्जन से अधिक नोट गिनने वाली मशीनें लगाई हैं. मशीनों की सीमित क्षमता की वजह से बे-हिसाब राशि को गिनने में समय लग रहा है.

भाजपा ने जिला मुख्यालय पर कांग्रेस के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम अपर जिला अधिकारी को सोपा ज्ञापन

कांग्रेस का वायदा यानी भ्रष्टाचार की गारंटी-- जिला अध्यक्ष

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला व महानगर द्वारा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट सिविल लाइंस दबरई पर धरना प्रदर्शन व महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी भाजपा ने जिला मुख्यालय पर अभिषेक सिंह को दिया गया।। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का वादा मतलब भ्रष्टाचार की गारंटी है। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी हुई जिसमें 200 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि बरामद की गई है, इससे साफ होता है कि कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन का एक ही उद्देश्य है, भ्रष्टाचार करना , 70 सालों में कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस पार्टी के भ्रष्ट नेताओं ने भ्रष्टाचार करके काली कमाई की है। देश की जनता के पैसे को लूटने का सिर्फ कार्य किया और अपनी तिजोरिया भरने का कार्य किया है, भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस पार्टी का सच और कांग्रेस पार्टी के नेताओं का सच देश की जनता अब सब

जान चुकी हैं।। महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार ने कहा कि कांग्रेस की पहचान लूट और भ्रष्टाचार ,कांग्रेस की पहचान देश का पैसा अपने जेब में भरना और कांग्रेसियों को मजबूत करना यही इनकी नीति और नियति रही है। घमंडिया गठबंधन में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट और दलाली की गारंटी है।। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है, कांग्रेस ने जनता से जो लूटा है उसकी पाई-पाई जनता को लौटानी होगी।। कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकला नोटों का पहाड।।। ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय से भाजपा कार्यकताओं ने मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट कांग्रेस नेताओं और भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस पार्टी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।। सांसद डॉ चंद्र सेन जादौन , महापौर कामिनी राठौर , पूर्व विधायक राम गोपाल पप्पू लोधी , ओम प्रकाश वर्मा , मोहन देव शंखवार पूर्व विधायक शिव मोहन श्रुति राजेंद्र बोहरे हरा ने कार्यकताओं को संबोधित किया।। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से जिला मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता , विजय सिंह , लक्ष्मी नारायण यादव , चेयरमैन रंजना सिंह , अविनाश सिंह भोले , शशिकला यादव , केके शर्मा , केशव फौजी , सुनील विधोलिया , ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव , श्रीनिवास शर्मा , रूपेश शुक्ला , मुन्नी देवी , संजय परमार , महेन्द्र द्विवेदी , राजेश चौहान , विष्णु सक्सेना , सतीश यादव , हनुमंत बघेल , दीपक चौधरी , प्रमोद बघेल , हरिओम वर्मा , गुड्डा पहलवान, शैलेंद्र गुप्ता , शैलेन्द्र वाल्मीकि, लक्ष्मी कांत शुक्ल , सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।।

2 दिन पूर्व प्रेमी संग भागी विवाहिता का कोई सुराग नहीं

फिरोजाबाद। थाना उत्तर के मोहल्ला कौसल्या नगर से 2 दिन पूर्व प्रेमी संग भागी विवाहिता का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पति ने थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना उत्तर के मोहल्ला कौसल्या नगर में एक व्यक्ति किराए के मकान में रहता है इस मकान में कमल पुत्र पूरन सिंह रहता था। उसने मेरी पत्नी से प्रेम संबंध बना लिए 7 दिसंबर को वह घर पर नहीं था तभी कमल उसकी पत्नी को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया जब वह घर पर लौटा तो पत्नी और किराएदार गायब थे उसने काफी जगह तलाशा लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चला बाद में थाने पहुंच कर घटना की नाम जद रिपोर्ट कमल पुत्र पूरन सिंह के नाम कराई है। पुलिस ने धारा 366 में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

दूध लेकर लौट रहे युवक पर फैका जलनशील पदार्थ

फिरोजाबाद। थाना जसराना क्षेत्र में शनिवार की प्रार्थना है दूध लेकर लौट रहे युवक पर पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। जिससे वह झुलस गया पुलिस ने घायल का डॉक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है।

जसराना के गांव जोनामई निवासी 40 वर्षीय केशव लाल पुत्र रमेश चंद्र शनिवार की प्रातः ई रिक्शा द्वारा दूध लेकर अपने घर लौट रहा था वह गांव के निकट पहुंचा ही था। तभी कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट की तथा उसके चेहरे पर कोई ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया जिसके फल स्वरुप उसका चेहरा झुलस गया हमलावर भाग गए घायल ने इसकी जानकारी थाना जसराना को दी पुलिस ने घायल का डॉक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है। केशव लाल ने बताया की सत्यभान से हमारी रंजिश चल रही है। उसने ही शनिवार की प्रातः उसने हमारा ई रिक्शा रोक लिया और मारपीट की चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया जिससे चेहरा झुलस गया।

महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय 12वे वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

समाज जागरण वाराणसी

रामनगर, वाराणसी डोमरी स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय 12वे वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्रो. भुवन चन्द्र कापरी, पूर्व विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, अध्यक्ष प्रो. कल्पलता पांडेय, पूर्व कुलपति, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उ.प्र, बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल, डोमरी के निदेशक श्री मुकुल पांडेय तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा वन्देमातरम गीत, कुलगीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत डॉ. सुनीति गुप्ता ने किया।अध्यक्ष महोदया ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र, बुके, स्मृति चिन्ह एवं पौधा देकर उनका सम्मान किया।दो दिवसीय क्रीड़ा का प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण डॉ. अरुण कुमार दुबे ने प्रस्तुत किया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता मे कबड्डी, बैडमिंटन, खो- खो, चेस, कैरम, हाई जम्प, दौड़ आदि प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि ने दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को मेडल तथा पुरस्कार प्रदान किये।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, द्वेष

की भावना से नहीं। खेल के साथ-साथ उन्होंने योग पर भी बल दिया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया गया। उन्होंने छात्राओं को महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए कहा।अध्यक्ष महोदया ने अपने उद्बोधन में छात्राओं का मनोबल बढ़ाया तथा खेल कूद मे प्रतिभाग करने वाली छात्राओ को बधाई दिया तथा महाविद्यालय व राष्ट्र का नाम रोशन करने को कहा। उन्होंने जीवन मे कभी भी निराश न होने को कहा।क्रीड़ा समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओ, छात्राओं, कर्मचारियों तथा पत्रकार बंधुओ का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विजय शंकर मिश्र ने किया।इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह के समापन की घोषणा की गयी।क्रीड़ा समारोह कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका डॉ. रजनी श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम में बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल,प्रह्लादघाट की प्रधानाचार्या श्रीमती स्नेहलता पांडेय, डोमरी की प्रधानाचार्या श्रीमती नीता त्रिपाठी, श्रीमती सोनिया मिश्रा, श्रीमती श्वेता पांडेय,श्रीमती अनीता पाण्डेय, डॉ. अभिजीत, चंदन चौधरी, संतोष तिवारी, चंद्रदीप सिंह, शुभम तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, संतोष कुमार, दीपक मिश्र, हरेंद्र पांडेय, राहुल सिंह, मुद्रिका मिश्रा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्राएं मौजूद रहे।

मतदाता पुनर निरीक्षण अभियान के अंतर्गत फार्म 6 रामनगर मंडल से भरकर महानगर महामंत्री श्री जगदीश त्रिपाठी जी को मंडल प्रभारी श्री मधुकर चित्रांश जी के साथ दिया गया

समाज जागरण वाराणसी

रामनगर : भगवानपुर शक्तिकेंद्र के बुथ समिति का वेरिफिकेशन मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह नेतृत्व में साथ में शक्तिकेन्द्र प्रभारी श्रीमति अन्नपूर्णा मौर्य एवम शक्तिकेन्द्र संयोजक राम इकबाल सिंह के साथ किया गया। जिसमे संगठन द्वारा सभी मंडलो में चल रहे मतदाता पुनर निरीक्षण अभियान के अंतर्गत फार्म 6 रामनगर मंडल से भरकर महानगर महामंत्री श्री जगदीश त्रिपाठी जी को मंडल प्रभारी श्री मधुकर चित्रांश जी के साथ दिया गया।रामनगर मंडल के द्वारा अब तक 387 फॉर्म 6 भरकर

महानगर में जमा किया गया । कार्यक्रम में मुख्यरूप से महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एवं मधुकर चित्रांश महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता मंडल कोषाध्यक्ष संजय बाल्मीकि अन्नपूर्णा मौर्य राम इकबाल सिंह राजगृही सिंह दिलीप पटेल सतेंद्र पांडेय शिवपूजन ,अनिल कुमार मिश्रा प्रमुख रूप से रहे।

भ्रष्टाचारी कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ भाजपा का धरना प्रदर्शन

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी ।। भाजपा नेता वाराणसी महानगर प्रभारी कमलेश झा की अगुवाई में दर्जनों वाराणसी के शहरी सभासद एवम भाजपा नेताओं के साथ भाजपा के कार्यकताओं ने कांग्रेसी नेता के घर पकड़े गए अवैध रूप से काले धन के विरोध में धरना प्रदर्शन करते हुए नारे लगाए जिसमे मुख्य रूप से भाजपा नेता तरना वार्ड सभासद रोहित मिश्र , मदन मोहन दुबे खजुरी सभासद,संदीप रघुवंशी नारायणपुर सभासद,बलराम कनौजिया शिवपुर सभासद,कुसुम पटेल सरसौल सभासद ,आत्मा विश्वेशर हिलमिल राय, अलगू सिंह,कमलेश झा,जेपी सिंह,राजेंद्र प्रसाद मौर्या पार्षद अकथा,रत्न मौर्या राजार्शी मंडल,अजीत सिंह सारनाथ मंडल अध्यक्ष,विवेक सिंह सोनू महानगर मंत्री,आदि सैकड़ों की तादात में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे

समाधान दिवस पर एकाएक शिवपुर थाने पर पहुंचे संयुक्त अपर पुलिस आयुक्त जिलामुख्यालय वाराणसी

समाज जागरण वाराणसी

समाधान दिवस के अवसर पर थाना शिवपुर पर कोई दरोगा नही था मौजूद,सिर्फ अकेले कार्यवाहक थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार चौकी प्रभारी काशीराम आवास थे मौजूद दरोगाओं के समाधान दिवस पर मौजूदगी न रहने के कारण भड़के संयुक्त अपर पुलिस आयुक्त जिलामुख्यालय वाराणसी समाधान दिवस के अवसर पर शिवपुर थाने पर कोई सीनियर दरोगा भी नही था मौजूद,और राजस्वकर्मी भी थे सभी के सभी लोग अनुपस्थित ग्यारह बजे के करीब शिवपुर थाने का जायजा लेने पहुंचे थे आईजी/डीआईजी जिलामुख्यालय वाराणसी, शिवपुर थाने के कार्यवाहक थानाध्यक्ष को कड़ी फटकार लगाते हुए आधे घण्टे के अंदर सभी लोगो को मौजूद होकर समाधान दिवस पर जनसमस्याओं का निस्तारण करने का दिए आदेश समाधान दिवस के अवसर पर पहुंचे आईजी /डीआईजी शिवपुर पुलिस से काफी नाखूस,प्रतिकूल प्रविष्टि करने का हिदायत देते हुए नाराजगी जाहिर करते हुए शिवपुर थाने से वापस निकल गए आईजी/डीआईजी जिलामुख्यलय वाराणसी

65 वर्षीय बुजुर्ग की मिली लावारिस लाश स्थानियों ने दी पुलिस को सूचना

वाराणसी/ लोटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अलाउद्दीपुर गांव पंडित पुल के पास एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की मिली लावारिस क्लास, सूचना पाकर मौके पर पहुंची लोहता पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर स्थानियों घंटो पूछताछ के बाद किया प्रयास लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विद्यालय में खराब भोजन और सुविधाएं ने मिलने से नाराज छात्रों ने किया हंगामा

डेढ़ घंटे जाम रहा हाईवे

एसडीएम पिण्डरा ने किया विद्यालय परिसर का निरीक्षण

व्यवस्था ठीक न होने के चलते लगाया कर्मियों को फटकार

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी बड़ागांव थाना क्षेत्र के सातोमहुआ स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों ने छात्रावास में सुविधा उपलब्ध न होने और खराब भोजन मिलने से नाराज होकर वाराणसी बाबतपुर फोरलेन मार्ग पर शनिवार को सुबह में जाम लगा दिया। इस दौरान छात्रों ने जमकर नारेबाजी की तथा विद्यालय प्रबंधन को जमकर खरी खोटी सुनाया।सूचना मिलने के बाद एसडीएम पिंडरा और थानाध्यक्ष बड़ागांव मौके पर पहुंचे और नाराज छात्रों की समस्याओं का सामाधान करने का आश्वसन दिया,उसके बाद छात्र शांत हुए।

विद्यालय में पढ़ने वाले गाजीपुर के जमनियां निवासी छात्र सत्य प्रकाश, दरुणहां भदोही निवासी शिवम सिंहङ्क करधना वाराणसी निवासी आनंद कुमार सिंह सहित अन्य छात्रों ने बताया कि विद्यालय में अध्यापक पढ़ाने के लिए आते हैं लेकिन क्लासरूम में आने की जगह कार्यालय में ही बैठे रहते हैं। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि छात्रावास में भी सुविधाएं नहीं हैं, इसके अलावा भोजन भी खराब मिलता है। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि इन समस्याओं की शिकायत जब प्रधानाचार्य बबिता सिंह से की जाती हैं तो वे भी कोई कार्रवाई नहीं करती हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी जब उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो लोगों को सड़क पर उतरना पड़ा। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि मीनू के हिसाब से कभी भी भोजन नहीं मिलता है। साफ-सफाई भी नहीं होती है और विद्यालय में छात्रावास होने के बाद भी डॉक्टर मौजूद नहीं रहते हैं। छात्रों को आरओ का पानी पीने के लिए लगाया गया है, लेकिन वह काम नहीं करता है। वहीं कक्षा 6 के छात्र अभय प्रताप व कार्तिक ने बताया कि जब भी हम लोग अपनी समस्या को लेकर विद्यालय प्रबंधन से बात करते हैं तो उन लोगों के द्वारा हम लोगों को डांट फटकार कर भगा दिया जाता है तथा तरह-तरह की यातनाएं देते हुए धमकाया भी जाता है कि अगर तुम लोग विद्यालय प्रबंधन के हिसाब से नहीं चलोगे तो तुम्हें विद्यालय से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा और नाम काटकर घर भेज दिया जाएगा।

छात्रों की समस्याओं को सुनने के बाद एसडीएम प्रतिभा मिश्रा द्वारा चपरासी सूर्यनाथ को हटाने का निर्देश दिया गया। वहीं फर्मासिस्ट बृजेश के खिलाफ भी कार्रवाई करने की बात कही गई।

रोड जाम होने से राहगीरों को होती है परेशानी

वाराणसी बाबतपुर फोरलेन के माध्यम से वाराणसी एयरपोर्ट से हवाई सफर करने वाले लोगों का आवागमन होता है। आश्रम पद्धति के बच्चे हर साल एक या दो बार ध्यान जरूर लगते हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बच्चों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है। शनिवार को भी हाईवे पर जाम लगने के चलते फ्लाइट से सफर के लिए जाने वाले यात्री काफी परेशान नजर आए। चंदौली निवासी राकेश कुमार मिश्रा अपने भाई और माता-पिता को एयरपोर्ट लेकर जा रहे थे। उन्होंने कहा कि दोपहर 12:30 बजे की फ्लाइट होने के चलते समय पर उनको एयरपोर्ट पहुंचना था। जाम लगाए छात्रों से वे काफी अनुनय विनय भी किए लेकिन छात्रों ने उनकी गाड़ी को जाने नहीं दिया। इसी तरह अन्य लोग भी काफी परेशान दिखे दोपहर 12 बजे जान समाप्त होने के बाद लोग अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान किए। इस दौरान वाराणसी की तरफ हरहुआ ओवर ब्रिज और बाबतपुर की तरफ आरटीओ ऑफिस के आगे तक वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

एसडीएम पिण्डरा ने किया विद्यालय परिसर का निरीक्षण

हाईवे पर लगा जाम समाप्त होने के बाद मौके पर पहुंची एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा के द्वारा विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया इस दौरान एसडीएम पिण्डरा ने विद्यालय के क्षत्रो से एक एक कर उनकी समस्या को जाना तथा उन्हें आश्वासन भी दिया कि आज से आपके साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं होगा तथा आपको मिलने वाली किसी सुविधा से वंचित नहीं किया जायेगा। इसके उपरांत एसडीएम पिंडरा के द्वारा परिसर का निरीक्षण किया गया तथा भोजन साफ सफाई शौचालय विद्यालय परिसर में गंदगी तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य न होने के चलते नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार भी लगाया गया।

विद्यालय में कुल 295 छात्र नामांकित हैं।

शनिवार को 196 छात्रा उपस्थित थे। प्रधानाचार्य समेत 12 शिक्षक हैं। इस संदर्भ में आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रधानाचार्य बबीता सिंह से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा और ना ही उनके द्वारा फोन का जवाब दिया गया।

थाना जंसा पुलिस द्वारा 10000/- रुपए का इनामियां अभियुक्त मनीष को किया गिरफ्तार

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी/आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 09.12.2023 को थाना जंसा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर परमपुर अण्डर पास के पास से मु0अ0सं0 247/2023 धारा 3(1) यू0पी0 गैगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित 10000/- रुपए का इनामियां अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र श्यामनारायण पटेल, निवासी ग्राम मधुमक्खियाँ, थाना जन्सा, वाराणसी उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

जिला भाजपा अररिया के प्रभारी का कमान कटिहार के लक्खी महतो को

युवा भाजपा नेता रंजीत यादव ने दिया लक्खी महतो को बधाई एवम प्रदेश नेतृत्व के प्रति जताया आभार

समाज जागरण अररिया।

भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने अपने लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के निर्देष पर 45 जिला प्रभारी बनाए

गए हैं। अररिया जिला के प्रभारी का कमान भाजपा के कद्दावर नेता कटिहार निवासी लक्खी महतो बनाए गए हैं। श्री महतो को अररिया जिला

प्रभारी बनाए जाने पर अररिया लोकसभा के युवा दिलों के धड़कन भाजपा नेता रंजीत यादव ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं भेजी है। रंजीत यादव ने कहा कि इनके कुशल नेतृत्व और निर्देशन में अररिया भाजपा को बल मिलेगा। श्री यादव ने लक्खी महतो को जिला प्रभारी का नेतृत्व देने पर प्रदेश के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार जताया है। इधर श्री महतो को बधाई देने वालों में भाजपा के चाणक्य के नाम से मशहूर प्रेम कुमार मिश्रा, राकेश विश्वास आदि नेता शामिल हैं।

वाहन चेकिंग में 10बाइक सीज दर्जनों वाहनों का हुआ चालान

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी बाबतपुर चौराहे को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को पुलिस द्वारा चलाये गए चेकिंग अभियान के तहत 10 बाइक सीज करने के साथ दर्जनों वाहनों का चालान किया गया। डीसीपी गोमती जोन के निर्देश पर सुबह 10 बजे बाबतपुर चौकी इंचार्ज प्रतीक कुमार तिवारी के नेतृत्व में बाबतपुर चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें 10 बाइक, दो मैजिक सवारी गाड़ियों को सीज करने के साथ दर्जनों वाहनों का चालान किया गया। चौकी इंचार्ज प्रतीक कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। और अति शीघ्र जो दुकानदार सड़क के पटरी पर अतिक्रमण करके रखे हैं ,उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी ।

वृद्ध की हार्ट अटैक से मौंत

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

काशी विद्यापीठ/ वाराणसी लोहता थाना क्षेत्र के अलाउद्दीनपुर गांव के पास शनिवार की सुबह एक वृद्ध की हार्टअटैक से मौंत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौंके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कै लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सारनाथ थाना क्षेत्र के ग्राम टडिया सोनातालाब निवासी शारदा राजभर ऊंचगांव में एक अमरुद का बगीचा खरिदे है। उसी की देखभाल करते है।आसपास के लोगों ने बताया की शनिवार की सुबह 6 बजे वह अलाउद्दीनपुर के पास चाय की दुकान पर गये चाय पीने के बाद पान खाए। थोडीदेर बाद ही वह जमीन पर गिर गये। आसपास के लोग दौडकर उनके पास गये । और उठाकर पास में ही एक हास्पिटल में ले गये।जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचनापरक पुलिस मौंके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष टुन्नू सिंह ने बताया की हार्ट अटैक से ही मृत्यु की संभावना जताई जा रही है। पोस्टमार्टमरिर्पोट आने के बाद ही क्लियर होगा।

हरहुआ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति रविवार को 4 घंटे रहेगी बंदे

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

हरहुआ/वाराणसी स्थानीय क्षेत्र के हरहुआ उपकेंद्र के कंट्रोल रूम के विस्तार करने हेतु रविवार को दिनांक 10/12/2023 को समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक 33/11 हरहुआ उपकेंद्रे के सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

हरहुआ उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति किए जाने वाले गांव हरहुआ डीह, काजीसराय, कोईराजपुरे, वाजिदपुर, लोढ़ान, सरसवां, विरापट्टी, पुआरीकला, अहरक, औसानपुर, करोमा, भटौली, सेहमलपुर, वाजिदपुर, मोहनपुर,हरहुआ बाजार,देवनाथपुर, इत्यादि गांव की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह सूचना सातों महुआ उपकेंद्र के जेई लालब्रत प्रजापति के द्वारा दिया गया।

कुख्यात लुटेरो की टोली पासवान गैंग ने अब तक की है 6 करोड़ की लूट मिजार्पुर का कैश वैन लूटकांड:

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

मिजार्पुर में हुए कैशवैन लूट कांड के संबंध में एसटीएफ और पुलिस टीम ने पासवान गैंग की छानबीन की है। इस जांच के अंतर्गत पुलिस ने देशभर में पासवान गैंग के द्वारा किए गए कैशवैन लूट कांड की गतिविधियों का पता लगाया है। मिजार्पुर पुलिस और एसटीएफ का दावा है कि पासवान गैंग ने अब तक छह करोड़ रुपये की लूट की है। इनके द्वारा पूरे देश में कहीं भी बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया जाता था। मिजार्पुर में लूट के लिए कई महीनों से तैयारी चल रही थी।

12 सितंबर को गार्ड को गोली मार कर लूटे थे पैसे

12 सितंबर को मिजार्पुर कटरा कोतवाली क्षेत्र के बेलतर एक्सिस बैंक के सामने गार्ड जय सिंह की हत्या के बाद, चार बदमाशों ने 35 लाख रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे। सर्विलांस के जरिए हुई छानबीन में पता चला कि इस घटना के पीछे झारखंड का पासवान गैंग है। पुलिस ने इस दौरान मुंबई से एक संदिग्ध चंदन पासवान को पकड़ा और उससे जुड़े गैंग के सदस्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया । उनके बाकी सदस्यों की खोज जारी है। पासवान गैंग ने बीते कुछ वर्षों में देशभर में छह करोड़ रुपये तक की लूट की घटनाएं की हैं।

लूट के बाद दहल गया था जिला

मिजार्पुर में दिनदहाड़े हुई इस लूट ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए थे। कई पुलिस अधिकारियों पर गाज भी गिरी थी। मामले में खुद मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया था और जल्द से जल्द खुलासे के निर्देश दिए थे।

पूर्व एमएलसी के काफिले में घुसना कार सवार को पड़ा भारी हुई जबरदस्त पिटाई मचा अफरा तफरी

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

सेवापुरी : वाराणसी कपसेठी थाना के वाराणसी भदोही मार्ग पे नेवादा गांव के पास शनिवार की सुबह चर्चित पूर्व एमएलसी के काफिले में घुसना कार सवार चाचा भतीजे को काफी महंगा पड़ा जब एम एल सी के साथ चल रहे उनके सुरक्षा गार्डों ने कार चला रहे भतीजे व बगल में बैठे चाचा की जमकर सड़क पर उतार कर लात-घूंसा व बट से पिटाई करना शुरू कर दिए अचानक सड़क पर हुए घटना से भगदड़ मच गया और लोग इधर-उधर भागने लगे ।। बताया जाता हैं कि वाराणसी से भदोही की तरफ पूर्वएमएलसी का कयी गाड़ियों का काफिला जा रहा था।जंसा बाजार के पास से ही कार सवार कई बार काफिले में घुसने का प्रयास किये साथ चल रहे सुरक्षा कर्मियों ने मना किया लेकिन कार सवार नहीं माने और उक्त स्थान पर पहुंचते ही जब कार सवार फिर काफिले में घुसने का प्रयास किये तो गुस्साए सुरक्षा कर्मियों ने दोनों की पिटाई कर दी जिससे चाचा भतीजे को काफी चोट आई है घटना के शिकार चाचा भतीजा कपसेठी थाना के लोहराडिह गांव के निवासी बताए जाते है फिलहाल इस मामले में थाने में कोई तहरीर नहीं पड़ी है ।।

महिला हिंसा के खिलाफ महिलाओं ने की आवाज बुलंद

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

काशी विद्यापीठ ब्लाक/ महिला हिंसा विरोधी पखवाड़े के तहत मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को लोक चेतना समिति के तत्वावधान में क्षेत्र के विभिन्न गांवो की महिलाओं व किशोरियों ने लठिया तिराहे से औढ़े बाजार तक पैदल मार्च किया।क्षोगन लिखी तख्तियां लेकर चुप्पी तोड़ो हिंसा रोको, आज मेरी कल तेरी बारी, उठो संघर्ष की करो तैयारी आदि नारे लगाते हुए पैदल मार्च किया साथ ही मानव श्रृंखला भी बनाई। इसके पूर्व हुए सभा में वक्ताओं ने महिला हिंसा के लिये शराब को मुख्य कारण बताया। शराबबंदी के लिये अभियान चलाने का निर्णय लेने के साथ ही आगामी चुनाव में इसे प्रमुखता से उठाने पर सहमति बनी।

कार्यक्रम में रामपुर, लठिया, विशोखर, खनांव, बंदेपुर, देल्हना, पंडितपुर, रमसीपुर, मिसिरपुर आदि गांवों की महिलाओं व किशोरियों ने भाग लिया। इस दौरान शर्मिला देवी, प्रियंका, रचना, उर्मिला आदि थी।

उत्क्रमित+2उच्च विद्यालय दिघी भुला में चित्रांकन प्रतियोगिता में पूजा अव्वल

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दिघी भुला चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें वर्ग नवम से लेकर 12वीं के विधार्थियों ने भाग लिया ।प्रतियोगिता में वर्ग नवम के पूजा प्रमाणिक प्रथम, वर्ग 10 वीं के जयंती मुखर्जी द्वितीय और वर्ग 11वीं के वर्षा दास ने तृतीया स्थान प्राप्त किया।चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय ने शिक्षकों ने कलम देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय के सहायक शिक्षक निवारण महतो ने कहा कि सभी विद्यार्थियों ने बहुत अच्छा-

राजभवन में विकसित भारत@2047-वॉयस ऑफ यूथ विषयक कार्यशाला में भाग लेंगे बी एन एम यू के 10 शिक्षक:कुलसचिव

11 दिसंबर, 2023 को सुबह 09:00 बजे से है कार्यक्रम

समाज जागरण मधेपुरा ।

राजभवन, पटना में 11 दिसंबर, 2023 को सुबह 09:00 बजे से विकसित भारत@2047-वॉयस ऑफ यूथ विषयक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रोफेसर डॉ. राजनाथ यादव के नेतृत्व में दस प्राध्यापक शामिल होंगे। इनमें डॉ. सुधांशु शेखर (दर्शनशास्त्र), डॉ. शंकर कुमार मिश्र (मनोविज्ञान), डॉ. मोहित गुप्ता (रसायनशास्त्र), ले. गुड्डू कुमार (गणित), डॉ. सुधांशु शेखर (दर्शनशास्त्र), डॉ. शशांक कुमार मिश्र (राजनीति विज्ञान), डॉ. कविता कुमारी (समाजशास्त्र), डॉ. अमरेन्द्र कुमार (इतिहास), डॉ. पंचानंद मिश्र (वनस्पति विज्ञान), डॉ. प्रियंका (गृह विज्ञान) एवं डॉ. प्रफुल्ल कुमार (हिंदी) के नाम शामिल हैं।

कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि कार्यशाला में सशक्त भारत, संपन्न एवं टिकाऊ अर्थव्यवस्था, नवप्रवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सुशासन एवं सुरक्षा और विश्व में भारत विषय पर पैनल डिस्कशन होना है।

पालीगंज में किया गया राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल

पालीगंज/ शनिवार को स्थानीय ब्यवहार न्यायालय परिसर में विवादों को हल करने को लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत जा आयोजन कर कई विवादों को हल किया गया।

जानकारी के अनुसार पालीगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। मौके पर न्यायिक सदस्य रौशन कुमार छापोलिया, गैर न्यायिक सदस्य हृषिकेश, क्लर्क निशांत कुमार, दीपक कुमार, चंदन कांत चंद्रा, संतोष कुमार, पिऊन उपेंद्र शर्मा मौजूद रहे। आयोजित लोक अदालत में पंजाब नैशनल बैंक शाखा पालीगंज, महाबलीपुर, बिक्रम, दुलहीन बाजार, कोरैया, इमामगंज, मसौडा, सहित 195 वादों को 5473553 में समझौता किया गया जिदमे 1337944 हुआ प्राप्त हुआ। भारतीय स्टेट बैंक शाखा पालीगंज सहित कुल 13 वादों का समझौता 366415 रुपए में किया गया। जिसमें प्राप्त राशि 141451है। मध्य बिहार ग्रामीण बैंक शाखा पालीगंज सहित कुल 29 वादों का समझौता राशि 237100 है। जिसमे प्राप्त राशि 237100 है। इंडियन बैंक शाखा पालीगंज का 9 वादों का समझौता राशि 588000 है। वही प्राप्त राशि 36700 है। बी एस एन एल पालीगंज का कुल वाद 24 है जिसका समझौता राशि 46541 है। वही प्राप्त राशि 34486 है। क्रिमिनल केस 9 का आवेदक और अभियुक्त को उपस्थिति में समझौता किया गया।

बाउंड्री का गेट काटते समय क्षेत्रीय लोगो ने चोर को पकड़ पुलिस को सौंपा

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। सारनाथ के शक्तिपीठ आश्रम कालोनी में शनिवार को अपराह्न 3 बजे खाली बाउंड्री का गेट काटते समय कालोनीवासियों ने पकड़ कर पुलिस को सौपा। उनके पास से एक बाइक व लोहे की आरी मिली जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया। शक्तिपीठ आश्रम कालोनी खाली प्लॉट में लगे गेट को तीन युवक काट रहे थे तभी कालोनी के कुछ लोगो को शंका होने पूछताछ किया तो असलियत सामने आया कालोनीवासियों ने एक युवक को पकड़ लिया, इतने में दो अन्य चोर भाग गए। पूछताछ में पकड़ा गया युवक अजय घुरहूपुर सारनाथ का बताया। वही भागे युवक भी करन व जियालाल घुरहूपुर के बताए गए। क्षेत्रीय लोगो ने स्थानीय पुलिस को सूचित कर पकड़े गए युवक को पुलिस को सौप दिया।

श्रीमद् भागवत कथा महा ज्ञान यज्ञ का हुआ आयोजन

समाज जागरण मनोज कुमार साह

गोड्डा शनिवार को दूसरे दिन महागामा प्रखंड अंतर्गत खदहरामाल शिव मंदिर परिसर मैं श्रीमद् भागवत कथा महा ज्ञान यज्ञ को लेकर वृंदावन से आएकथावाचक संत भगवत शरण जी महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा महा ज्ञान यज्ञ में आने के लिए चला हुआ एक-एक कदम करोड़ यज्ञ के समान फल मिलता है भक्ति ज्ञान वैराग्य की कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है जो भगवान

की सच्ची श्रद्धा और विश्वास रखते हैं उसे मुक्ति की प्राप्ति होती है उन्होंने बताया की भागवत कथा को अमर कथा के रूप में भगवान शिव ने माता पार्वती को सुना रहे थे यजमान धर्मवीर शाह पत्नी पुतुल देवी एवं श्रवण जायसवाल एवं पत्नी के साथ शामिल थे कथावाचक के रूप में कथा वाचक के रूप में संत भगवत शरण जी महाराज श्रद्धालुओं को भक्ति पान करा रहे थे कथा संध्या 4:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक किया जा रहा है सैकड़ो श्रद्धालु कथा सुनकर भक्ति में झूम रहे थे

बोलेरो के टक्कर से एक मौत

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

शाम पांच बजे गाजीपुर से वाराणसी की तरफ तेज रफ्तार जा रही बोलेरो ने पचास वर्षीय एकबाल पुत्र सफी निवासी नरपतपुर को टक्कर मार दी जिसे कुचलती हुई वाराणसी की तरफ भाग निकली घायल एकबाल सड़क पर ही दम तोड दिया मौके पर मौजूद पब्लिक ने घायल को सड़क के किनारे करने के बाद पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची चौबेपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एम्बुलेंस से दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल भेज दिया एकबाल पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था बिनकारी का काम करता था मृतक की पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है मृतक को बच्चे नहीं हैं

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस को लेकर मध्य विद्यालय चामटा मे जागुरूकता बैठक

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के मध्य विद्यालय चामटा में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के लेकर भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन कोल्हान के द्वारा मुखिया ,विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति मे मानव अधिकार के विषय पर चर्चा किया है।भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन कोल्हान संगठन के सदस्यों ने सभी लोगों को मानव के अधिकार को विस्तार पूर्वक समझाया । मुखिया अजब सिंह ने कहा कि मानव अधिकारों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसा चर्चा बेहद जरूरी है और मानवता के खिलाफ हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए इस दिवस की अहम भूमिका है। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को कॉपी एवं पेन (कलम) देकर हौसला बढ़ाया गया और सभी विद्यार्थियों को पूरे लगन के साथ पढ़ाई के प्रति मेहनत करने को कहा गया।

युवती से छेंडछांड कर घर से जबरन ले जाने का प्रयास

विरोध पर मां बेटी की लगाई पिटाई, पुलिस को दी तहरीर

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। परिजनों की गैरमौजूदगी में युवक ने घर में घुसकर छेंडछांड की। आरोप है कि जबरन किशोरी को खींचकर ले जाने लगे। विरोध करने पर उसकी पिटाई लगाई।मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।पुलिस जांच कर रही है।

तहसील क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने बताया कि उसका पिता और भाई बाहर मजदूरी करने गए हुए हैं। वह अपनी मां के साथ घर पर अकेली रहती है।आरोप है कि गांव का रहने वाला एक युवक उस पर गलत नियत रखता है।युवती ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि रात्रि के दौरान वह अपने कमरे में सो रही थी।उसकी मां दूसरे कमरे में सो रही थी।इसी दौरान युवक चोरी चुपके से युवती के घर में घुस आया।इसके बाद चारपाई पर उसको गलत नियत से दवोच कर छेंडछांड शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर युवक जबरन युवती को खींचकर अपने साथ ले जाने लगा। शोर मचाने पर युवक ने युवती की पिटाई लगाई।इसी दौरान युवती की मां जाग गई।वह मौके पर पहुंची और विरोध किया तो मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया।झगडे को लेकर बडी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे।वमुश्किल मां बेटी को वचाया।युवती ने वताया कि युवक ने घर से जबरन ले जाकर शादी करने की धमकी दी।इससे परिवार काफी परेशान है।मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच की कर रही है। पुलिस ने वताया मामले की तहरीर पर जांच कराई जा रही है।जांच में मामला सही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

कार न देने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

विना दहेज के वापस आने पर दी धमकी, तहरीर दी

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया। आरोप है कि पति दूसरी शादी करना चाहता है।शिकायत पुलिस से की गई है।

तहसील क्षेत्र के गांव निवासी एक विवाहिता ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में वताया है कि उसकी शादी आठ साल पहले बिलसंडा थाना क्षेत्र के एक गांव एक युवक के साथ हुई थी।जिसमे विवाहिता के मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था।आरोप है कि कुछ समय बाद ससुराली अतिरिक्त दहेज में नगदी व चार पहिया वाहन की मांग विवाहिता से करना शुरू कर दिया। इस पर विवाहिता ने मायके से दहेज लाने से मना कर दिया। जिस पर ससुरालियों ने विवाहिता को छोटी छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि मांग पूरी न करने पर ससुराली उसके पति की दूसरी शादी करने का प्रयास कर रहे हैं।विवाहिता ने वताया कि कईबार ससुराली उसको जान से मारने का प्रयास कर चुके हैं।दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विना दहेज के वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी।घर आई विवाहिता ने घटना की जानकारी परिवार को दी,इस पर विवाहिता के मायके वालों ने पहुँचकर सभी को समझाने का प्रयास किया। तो ससुराल वालों ने गाली गलौज करते हुए लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा हो गए।इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुँच कर मामले की शिकायत पुलिस को तहरीर देकर की है।पुलिस ने वताया मामले में ससुरालियों के खिलाफ तहरीरी दी गई है। जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। दोनों पक्षों को वुलाया गया है।

बैंक के कर्मचारियों की मनमानी से खाता धारक परेशान

वीडियो वायरल होने से कर्मचारियों की हो रही फजीहत

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। सम्पूर्णानगर कस्बा में संचालित हो रहे इंडियन बैंक में इन दिनों अव्यवस्थाओं का वोल वाला है।सरकार ने इलाहाबाद बैंक का इंडियन बैंक में विलय कर दिया है। बैंक शाखा में केवाईसी कराने,जमा रकम के निकासी और नगद जमा करने के लिए जो खाताधारक आते हैं। उनके साथ बैंक के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा अभद्रता और नकारात्मक व्यवहार करने का आरोप है।बैंक कर्मियों पर कई आरोप लगाकर खाताधारकों ने हंगामा किया।

सम्पूर्णानगर से हजारा क्षेत्र के कुछ गांव के लोग संचालित इंडियन बैंक की शाखा से लेन देन करते हैं।नगर सहित आसपास इलाकों के ग्रामीण इसी बैंक में जमा राशि निकालने,पैसों को जमा करने,खातों में केवाईसी कराने,चेकबुक लेने सहित अन्य कई बैंक संबंधी कार्यो के लिए बैंक पहुंचे थे।कई खाताधारक दूर दराज से आते हैं।ताकि समय पर उनका कार्य हो सके।लेकिन बैंक कर्मी समय से बैंक नहीं पहुँचे।जिसके चलते बैंक के मुख्य दरवाजे पर खाताधारकों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।एक खाताधारक ने बताया कि बैंक कर्मचारी अपनी मर्जी से काम करते हैं।बैंक में कैशियर तो कार्य के समय मोबाइल में व्यस्त रहता है।अव्यवस्था और अभद्रतापूर्ण व्यवहार के चलते बैंक की छवि दिनों दिन खराब हो रही है।खाताधारक कर्मचारियों की मनमानी कार्यशैली से परेशान हो चुके हैं। बैंक पहुँचे ग्राम पंचायत रानीनगर मिलन बाजार निवासी आफताब आलम ने बताया कि उनकी पत्नी के खाते में केवाईसी के लिए लगभग 20 दिनों का चक्कर लगाया अब अपने खाते में केवाईसी कराने के लिए बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर है।लेकिन बैंक मैनेजर टाल-मटोल करने में लगा है।कई दिनों से परेशान युवक ने बैंक की कार्य प्रणाली से नाराज होकर बैंक कर्मियों की कार्यप्रणाली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर शासन द्वारा निर्धारित बैंक खुलने की समय बीतने पर भी बैंक पर ताला लटकने एवं खातों में केवाईसी कराने के लिए कई दिनों से लगातार चक्कर लगवाने,रिश्वत की मांग करने एवं बैंक कर्मियों द्वारा ग्राहकों से अभद्रता करने का आरोप लगाया है। बैंक के बाहर खाताधारक ने जमकर हंगामा किया।हंगामे के दौरान बनाई गई वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।सोशल मीडिया पर इंडियन बैंक के कर्मचारियों की जमकर फजीहत हो रही है।

बिजली कर्मचारी और ग्रामीणों में मारपीट,सप्लाई की बंद

थाने पहुंच कर पुलिस को दी तहरीर,दोनों पक्षों में फैसला

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। ग्रामीण के घर में घुसने को लेकर बिजली बिभाग के कर्मचारी और ग्रामीणों में विना पूंछे घर में घुसने पर विवाद हो गया।कहासुनी होने के बाद जमकर मारपीट हुई। पथराव होने से खलबली मच गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीरें दी गई है।लेकिन दूसरे दिन भी कोई कार्यवाही नही की गई।

मामला माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव लोहरपुरा का वताया जा रहा है। वताया जाता है कि गांव पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारी और ग्रामीण में किसी वात को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों में गाली गलौच होने लगी। देखते देखते मामले ने तूल पकड लिया।कहासुनी बढ़ने के बाद दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हुई। ग्रामीणों ने बीच वचाव कर दिया।लेकिन कुछ देर बाद दोनों पक्षों की ओर से जमकर पथराव हुआ।इससे गांव में भगदड़ मच गई।विवाद से नाराज कर्मचारियों ने पूरे गांव की सप्लाई बंद कर दी। गांव में बिजली न आने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।बताया जा रहा है कि गांव में लगभग 150 से अधिक कनेक्शन धारक हैं।जानकारी लगने के बाद माधोटांडा पुलिस पहुंच गई।गांव की लीलावती पत्नी नन्हेलाल ने बताया कि शुक्रवार दोपहर उनकी पुत्रवधू और बेटी नल पर नहा रही थी।तभी संविदा पर तैनात बिजली कर्मचारी धीरेंद्र कुमार अपने 5-6 साथियों के साथ बगैर बात किए घर में घुस आया।इसके बाद घर में लगा बिजली मीटर उखाड़ दिया।विरोध करने पर सभी गाली गलौज कर झूठे मुकदमे फंसाने की धमकी देने लगे।दूसरे पक्ष से माधोटांडा बिजली घर में तैनात पुष्पेंद्र कुमार ने बताया गांव में एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत कर्मचारी ग्रामीणों को जागरुक कर रहे थे।इसी दौरान कुछ लोग गाली गलौज कर मारपीट करने लगे।विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी है।इस मामले में लीलावती और जेई पुष्पेंद्र की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।देर शाम दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद मामला रफा दफा हो गया।जेई पुष्पेंद्र कुमार ने बताया दोनो पक्षों समझौता हो गया है। स्टाफ को बिजली लाइन जोड़ने के लिए भेजा गया है।थाना प्रभारी अचल कुमार ने वताया कि दोनों ओर से तहरीरें आईं थी।लेकिन दोनों पक्षों में समझौता करने पर कार्रवाई नही की गई।

रोटरी क्लब रॉयल्स ने लगाया नेत्र परीक्षण शिविर

पूरनपुर। रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स ने जय सतगुरु देव सविता आत्माराम इंटर कॉलेज महादेव में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया।जिसमे संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया नेत्र परीक्षण शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर के नेत्र चिकित्सा विभाग के डॉक्टर सतीश सिंह एवं ईएमओ चंद्रशेखर ने बच्चों का नेत्र परीक्षण कर लगभग 200 बच्चों का नेत्र परीक्षण कर जरूरतमंद बच्चों को नंबर भी प्रदान किया गया।उनके लिए चश्मा भी प्रदान किया जाएगा। पूरनपुर रॉयल्स के द्वारा लगभग 75 विद्यालयों में नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा चुका है।जरूरतमंद बच्चों को चश्मा भी उपलब्ध करवाया जा चुका है।इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश राठौड़,सुरेंद्र सिंह,मोहन सिंह,रामकिशन सहित कई शिक्षकों का सहयोग रहा।कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष शेखर सिंह सचिव ऋषि खन्ना कौशलेंद्र भदौरिया आदि सदस्य उपस्थित रहे।

सडकों पर खुले में रखे ट्रांसफार्मरों से हादसे का खतरा

आदेश के वावजूद लोहे की जाली से नही ढके ट्रांसफार्मर

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। नगर के अंदर कई जगहों पर बिजली विभाग की लापरवाही के चलते खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसे को दावत दे रहे हैं।अधिकारियों की लापरवाही किसी दिन लोगों पर भारी पड़ सकती है।सड़कों के किनारे खुले में जमीन पर रखिए ट्रांसफार्मरों से कई बड़े हादसे भी हो चुके हैं।उसके बावजूद इनको कबवर्ड नहीं किया जा रहा है। नगर के कई प्रमुख जगहों पर बिजली के ट्रांसफार्मर खुले में जमीन पर रखे हुए हैं।ट्रांसफार्मरों को ढकने के लिए चारों तरफ से लोहे की जाली लगाने के निर्देश हैं।लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते नगर के ट्रांसफार्मरों को चारों तरफ लोहे की जालियां नहीं लगाई गई है।इसके चलते आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है।नगर के कोतवाली रोड,स्टेशन रोड,एचडीएफसी बैंक सहित कई प्रमुख जगह पर जमीन पर ट्रांसफार्मर रखे हुए है।चारों ओर लोहे की जाली ना लगाए जाने से बिजली के टूटे तार जमीन पर पड़े रहते हैं। खुले में रखे ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर जान भी गवां चुके हैं।गर्मी का सीजन शुरू हो गया है।बरसात के दिनों में खुले में रखे ट्रांसफार्मर से और अधिक हादसे की आशंका बढ जाती है।पशु-पक्षी भी चपेट में आ जाते हैं।कई बार शिकायते करने के बावजूद ट्रांसफार्मरों को नहीं ढका जा रहा है।इसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड रहा है।कईबार शिकायते करने के वाद भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।जिससे लोगों में हादसे की आशंका वनी रहती है। लोगों का कहना है कि अगर ट्रांसफार्मरों को नही ढका गया तो कभी भी बडा हादसा हो सकता है।नगरवासियों ने शीघ्र ही ट्रांसफार्मर के चारों तरफ लोहे की जाली लगवाए जाने की मांग की है।जिससे हादसे से छुटकारा मिल सके।

फैली गंदगी से हो सकती है आग की घटनाएं

नगर में रखे खुले में रखे ट्रांसफार्मरों के आसपास गंदगी के ढेर लगे हुए है।कूडा करकट पडा होने से कभी भी अगर ट्रांसफार्मरों से चिंगारी निकलती है तो इस कूडे करकट से आग की घटना भी हो सकती है।लेकिन अभी तक इस समस्या को लेकर कोई अधिकारी संजीदा नही दिख रहा है।

रेलवे ट्रैक पर पडा मिला छात्र का शव, मचा कोहराम

सहपाठी छात्रा के पिता की धमकी से परेशान था युवक

दैनिक समाज जागरण

पीलीभीत। छात्र का शव गांव से ही दो किलोमीटर दूर स्थित रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। इसको लेकर सनसनी फैल गई।सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।पुलिस जांच कर रही है।

न्यूरिया क्षेत्र के गांव पीलाताल निवासी उमाशंकर ने बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र भूपेंद्र गांव टाह के एक विद्यालय में कक्षा दस का छात्र था। वताया जाता है कि क्षेत्र के ही गांव की रहने वाली किशोरी भी उसके साथ उसी विद्यालय में पढ़ाई करती है।बृहस्पतिवार को भूपेंद्र अपने चाचा बीरबल के साथ खेत पर ट्रॉली में गन्ना भर रहा था।परिजनों के अनुसार इसी दौरान सहपाठी किशोरी का पिता खेत पर पहुंचा,जहां उसने भूपेंद्र को धमकाया और जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। खेत से गन्ना भरने के बाद भूपेंद्र अपने चाचा बीरबल के साथ शहर स्थित एलएच शुगर मिल आ गया। गन्ना तौलवाने के बाद शाम लगभग छह बजे गांव पहुंचा। इसके बाद घर से मां की दवा लेने की बात कहकर भूपेंद्र पास के ही गांव चिरौंदापुर के लिए निकाल गया।इसके बाद देर शाम तक वह वापस नहीं आया।परिजन गांव में ही किसी के यहां होने की बात सोचकर सो गए। शुक्रवार तड़के लगभग साढ़े चार बजे पुलिस से परिजनों को सूचना मिली कि उनके पुत्र का शव पिपरिया अगरू के निकट रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ है। परिजनों के मुताबिक भूपेंद्र के शरीर पर ट्रेन से कटने जैसे कोई भी निशान नहीं हैं।थाना प्रभारी प्रदीप विश्नोई ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।मृतक के परिजन के द्वारा कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है।तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

गन्ना बॉन्डिंग पॉलिसी से छोटे किसानों को मिल रहा लाभ

दैनिक समाज जागरण

पीलीभीत। शुक्रवार को जनपद में कुल 2.26 लाख गन्ना कृषक हैं, जो कि विभिन्न गन्ना समितियों के माध्यम से चीनी मिलों को गन्ने की आपूर्ति करते हैं।वर्तमान पेराई सत्र में कुल 8,505 नये गन्ना किसानों को यूनिक कोड आबंटित किये गये हैं। यह किसान पहली बार गन्ना आपूर्ति करेंगे।प्रभु एन सिंह,आयुक्त गन्ना एवं चीनी विभाग, द्वारा जारी सट्टा नीति में छोटे गन्ना किसानों को चीनी मिल चलने के 45 दिन के भीतर पेड़ी गन्ना तथा 1 फरवरी से 45 दिन के अंदर पौधे गन्ने हेतु पर्ची देने के व्यवस्था की गई है। बेसिक मोड (09 कुन्तल) की 8 पर्चियों अर्थात 72 कुन्तल तक के सट्टाधारक कृषकों को छोटा किसान माना गया है। इससे पहले 60 कुन्तल तक के सट्टाधारकों को छोटे किसान की श्रेणी में रखा जाता था।जनपद में कुल 65,731 छोटे किसान हैं, जिनमें से 40,080 छोटे किसानों को अब तक 1,19,387 गन्ना पर्चियां जारी हो चुकी हैं। सर्वाधिक छोटे किसान 31,753 पीलीभीत समिति क्षेत्र से, 22,779 बीसलपुर समिति, 10,782 पूरनपुर समिति एवं 771 मझोला समिति से सम्बंधित हैं।जनपद में 3 नवम्बर को सर्वप्रथम एल. एच. चीनी मिल ने पेरायी कार्य का शुभारम्भ किया था। इसके बाद 8 नवम्बर को बरखेड़ा, 24 नवम्बर को बीसलपुर व 6 दिसम्बर को पूरनपुर चीनी मिल द्वारा पेराई कार्य शुरू किया गया। दिनाँक 6 दिसम्बर तक 60 लाख कुन्तल गन्ने की खरीद की जा चुकी है। अब तक चीनी मिलों द्वारा 4.86 लाख कुन्तल चीनी का उठान किया जा चुका है। प्रतिदिन जनपद की चीनी मिलों द्वारा लगभग 2.25 लाख कुन्तल गन्ना खरीद की जा रही है, जिसमें लघु, सीमान्त व सामान्य कृषकों का गन्ना मिलों में आ रहा है।कृषकों से अनुरोध है कि वे मोबाइल पर एस.एम.एस पर्ची प्राप्त होने के पश्चात ही गन्ने की कटाई करें। किसान बन्धु अपनी पर्ची पर ही गन्ने की आपूर्ति करें जिससे कि आगामी पेरायी सत्रों के लिये आपका बेसिक कोटा अधिक रहे।खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा बताया गया कि वर्तमान मे बैलगाडी है नहीं इसलिए छोटे किसान छोटे ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना ला रहे है। इन किसानो द्वारा अपना सप्लाई मोड 27.00 कु0 का करवा रखा है जिस पर ग्रास वजन 60.00 कुं0 तक तौल किया जाता है। इसके साथ ही इन किसानो की गन्ना पर्ची भी जल्दी आती है।

करोडों खर्च कर भवन तैयार,फिर भी स्टेडियम शुरू नही

कई महीने पहले सांसद वरुण गांधी कर चुके हैं उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। लंबे समय से खेल प्रेमियों के लिए मल्टीपरपज स्पोर्टस भवन बनकर तैयार हो गया है।करोडों की लागत से बने मल्टीपरपज भवन का सांसद ने फीता काटकर शुभारंभ किया था। लेकिन अभी तक स्टेडियम चालू नहीं हो सका है।इसके चलते युवाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।उन्होंने जल्द ही स्टेडियम चालू कराए जाने की मांग की है।

भारत सरकार के खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत आठ करोड़ रुपए की लागत से कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया तालुके महाराजपुर में मल्टीपरपज स्पोर्टस कांप्लेक्स के भवन का निर्माण कराया गया है। जिसका भाजपा सांसद वरुण गांधी ने फीता काटकर उद्घाटन भी किया था। लेकिन अभी तक चालू नहीं हो सका है।खेल मैदान चालू न होने से खिलाड़ियों को खेलने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। खिलाड़ियों का कहना है कि अगर भवन बनकर तैयार हो गया है तो चालू कराने में क्या परेशानी आ रही है।करोड़ों की लागत से बने क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला था। लेकिन अभी तक युवाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।इसके चलते रोष देखा जा रहा है। खेल मैदान अभी तक चालू नहीं हो सका है।इससे युवाओं को अपनी प्रतिभा नही दिखा पा रहे हैं।मल्टीपरपज स्पोर्ट्स का लाभ इसी गांव का नहीं बल्कि आस पडोस के दर्जनों गांव के युवाओं के लिए भी स्टेडियम खास है।लेकिन स्टेडियम चालू न होने से क्रिकेट प्रेमी खेत खलियान में अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए मजबूर हो रहे हैं।संतोष,सुमित,बलराम, विपिन,रोहित सिंह,गंगा चरण सिंह सहित कई क्षेत्रीय युवाओं ने जल्द ही स्टेडियम सुचारु कराए जाने की मांग की है।

सीएचसी में मरीजों को नही मिल पा रही सुविधाएं

कई रोगों के चिकित्सकों की अस्पताल में नहीं है तैनाती

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाएं हावी है।सर्किल क्षेत्र का इकलौता अस्पताल होने के चलते यहां मरीजों की संख्या बड़ी रहती है।जो सुविधाएं मिलनी चाहिए बह मरीजों को नहीं मिल पा रही है।इसके चलते मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है।

नगर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर क्षेत्र का इकलोता केंद्र है।यहां रोजाना बड़ी तादाद में मरीज दवाइयां लेने पहुंचते हैं।लेकिन अस्पताल में प्रसव महिलाओं व अन्य मरीजों के लिए सुविधाएं नहीं है।इसके चलते उनको इधर-उधर भटकना पड़ता है।बड़ी तहसील होने के चलते अस्पताल में प्रसव के मामले अधिक पहुंचते हैं।लेकिन स्त्री रोग विशेषज्ञ न होने के चलते काफी दिक्कतें होती हैं।इसके चलते प्रसव के मामले अधिकतर प्राइवेट अस्पतालों में पहुंच रहे हैं।जहां उनका शोषण किया जाता है।अस्पताल में सीमित डॉक्टर होने से नाक कान गला रोग विशेषज्ञ,हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने से मरीजों को काफी दिक्कतें होती हैं।शीघ्र तैनाती कराए जाने की मांग की है।बड़ा एरिया होने के चलते सड़क दुर्घटनाओं के केस अधिक पहुंचते हैं।इमरजेंसी छोटा होने के कारण मरीजों को जमीन पर लिटा कर इलाज किया जाता है।यहां अमरजेंसी में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।साथ ही यहां अस्पताल में दवाइयों का भी टोटा रहता है।इसके चलते मरीज प्राइवेट मेडिकल स्टोर पर ही पहुंच रहे हैं।जहां मरीजों से मनमाफिक दाम वसूले जा रहे हैं।

हर घर नल-जल योजना से बिगाड़ी गांवों की सड़कें

गावों में लाइन के लिए खोदी गई सड़के बनी मुसीबत

सड़कों से निकलने में समस्या,जिम्मेदार नही दे रहे ध्यान

पूरनपुर। नल-जल योजना के लिए गांव में खोदी गईं सड़कों ने गांव की सड़कों की सूरत बिगाड़ दी है।लाखों रुपये की लागत से बनाई गई सड़के अब खोदे जाने से जर्जर हो गई है।जिस पर ग्रामीणों का चलना दुश्वार हो गया है। शहर से लेकर गांव की सड़कों की हालत बिगड़ गई है।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के दर्जनों गावों में हर घर नल-जल योजना की शुरूआत महीनों पहले की गई है।गावों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है।लोगों के घरों के बाहर कनेक्शन की लाइन भी पहुँचा दी गई है।लेकिन ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई आरसीसी सड़क व इंटरलॉकिंग रोड की हालत जर्जर हो गई।कई गांवों में आरसीसी सड़कों को खोदकर ऐसे ही छोड़ दिया गया है।सड़क का निर्माण कार्य नही कराया गया है।जिससे जर्जर सड़कों पर निकलने में गाँव के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।पाइप लाइन बिछाने का कार्य करने वाले ठेकेदार सड़को को खोदकर उसके अंदर पाइप लाइन बिछाकर चले गए।परंतु कार्यदाई संस्था द्वारा सड़कों को दुरुस्त नहीं कराया गया।जिससे सड़के पूरी तरह से जर्जर हो गई है।उस पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।ऐसे में गांव की जनता में रोष व्याप्त है।वंही गांव के जिम्मेदार ग्राम प्रधान और सचिव के द्वारा भी जर्जर पड़ी सड़कों पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। लाखों रुपये की लागत से बनाई गई सड़के अपनी बदहाली का दर्द बयां कर रही है।जर्जर हालत में पड़ी सड़को पर ग्रामीणों का निकलना दूभर हो गया है।इस कारण लोगों को राह तय करने में मुश्किलों से जूझना पड़ रहा है।ग्रामीण सड़को की हालत जल्द ही दुरुस्त कराने की मांग कर रहे हैं।लेकिन ग्रामीणो की मांग पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

मांगों को लेकर गरजीं महिलाएं, फिर भी समाधान नही

मांगो को अनसुना कर रहे अधिकारी,मांगों पर अडे लोग

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। शारदा नदी की बाढ़ से चंदिया हजारा,राहुल नगर, खिरकिया बरगदिया सहित कॉलोनी नंबर 6 के लोगों को परेशानियों का सामना करना पडता है।मांगों के लेकर बाढ पीडित भूख हड़ताल पर बैठे हैं।महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर नारेवाजी की। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के चंदिया हजारा इलाके के राहुल नगर,कॉलोनी नंबर 6,खिरकिया बरगदिया में बाढ़ पीड़ितों की भूख हडताल लगातार जारी है। बाढ पीडितों का आरोप है कि चेनेलाइजेशन के लिए एनओसी देने की मांग कर रहे हैं।साथ ही बाढ से नष्ट हुई फसल व जमीन का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है।गांव को बाढ़ से बचने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहे हैं।जिसके चलते यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई एकड़ जमीन व फसलें पानी में नष्ट हो चुकी है।कई घर भी शारदा नदी के पानी में बह गए।उसके बावजूद शासन प्रशासन के द्वारा बचाव कर में लापरवाही की गई।बगैर एनओसी के काम न होने देने पर मशीन वापस हो गई।मांगों को लेकर बाढ पीडित भूख हडताल पर बैठे हैं।लेकिन कोई भी अधिकारी उनकी समस्या को सुनने नहीं पहुंच रहे हैं।इससे खफा पीडितों ने अपनी भूख हड़ताल जारी रखी।उनका कहना है कि उनकी मांग पूरी नहीं की जायेगी।तब तक इसी तरह से आंदोलन जारी रहेगा।लोग भूख हड़ताल पर बैठे रहे उसके बावजूद कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।भूख हड़ताल व प्रदर्शन करने के दौरान प्रमिला सरकार,रामगति सरकार, डाली मंडल,सुनीता मंडल.सहित कई मौजूद रहीं।

आधार कार्ड बनाने पर ग्रामीणों की काटी जा रही जेब

कैंप पर ग्रामीणों से बसूला जा रहा मनमाना शुल्क

दैनिक समाज जागरण

पूरनपुर। आधार कार्ड बनाने के नाम पर ग्रामीणों की जमकर जेब काटी आ रही है।आरोप है कि ग्रामीणों से आधार कार्ड बनवाने के नाम पर जमकर उगाही की जा रही है।इसको लेकर ग्रामीणों में खासा रोष देखा जा रहा है।

आधार कार्ड बनवाए जाने को लेकर इन दिनों ग्रामीण इधर-उधर भटक रहे हैं।छात्र व ग्रामीण आधार कार्ड बनवाने को लेकर लगातार चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं।नगर के बीएसएनल एक्सचेंज ऑफिस के अलावा नगर में अन्य जगहों पर आधार कार्ड बनाने का काम कैंप लगाकर किया जा रहा है।आरोप है कि आधार कार्ड बनवाने के नाम पर ग्रामीणों व छात्रों से मनमाने तरीके से दाम वसूले जा रहे हैं।इसके चलते दूरदराज से आने वाले ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाना टेढी खीर साबित हो रहा है।आरोप है कि कैंप में जो अधिक रुपए देता है उसका आधार कार्ड बना दिया जाता है।जो अधिक में नहीं दे पाते है उनका आधार नही वनाया जा रहा है।इससे ग्रामीण इधर उधर भटकते रहते हैं। आधार कार्ड कैंप को देखने वाले अधिकारी निरीक्षण तक नहीं कर पा रहे हैं।ग्रामीणों व छात्रों का कहना है कि अगर आधार कार्ड कैंप पर अधिकारियों का समय-समय पर निरीक्षण होता रहे तो धन उगाही पर रोक लग सकती है।लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।इसको लेकर ग्रामीणों में खासा रोष बना हुआ है।क्षेत्र के शिवम,रोहित,पवन, रामचंद्र,विजय कुमार सहित कई लोगों ने व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है।

घुंघचाई में एसपी ने सुनीं समस्याएं

पूरनपुर। घुंघचाई में थाना दिवस का आयोजन किया गया।फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।एसपी ने समस्याएं सुनकर निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। शनिवार को माडल थाना घुंघचाई में थाना दिवस का आयोजन किया गया।जिसमे पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा घुंघचाई थाने पहुंचे।इसकी जानकारी लगने पर बडी संख्या में शिकायत कर्ता अपनी फरियादें लेकर पहुंचे। एसपी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी,कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संवधित अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए।इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश शुक्ला,घुंघचाई थाना प्रभारी कपिल कुमार शर्मा, दरोगा विनोद सिंह, अवधेश कुमार सहित हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

गोंड आर्ट कलाकारों का उत्साह वर्धन करने कैंप आयोजित

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने किया उत्साहवर्धन

शहडोल ।वन्या, जनजातीय कार्य विभाग म०प्र० भोपाल के तत्वावधान में जनजातीय समुदाय की आर्ट पेंटिंग कला गोंड़ पेंटिंग को प्रोत्साहित एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से दिनांक 09 दिसंबर 2023 को जनजातीय कार्य विभाग शहडोल द्वारा जिले के गोंड़ आर्टिस्टों का पंजीयन एवं जी.आई. टैगिंग का कार्य वन्या जनजातीय कार्य विभाग म०प्र० भोपाल के अधिकारियों द्वारा स्थानीय सीनियर जनजातीय बालक छात्रावास स्टेडियम रोड शहडोल में संपन्न हुआ। इसमें जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थलों के गोंड़ जनजातीय समुदाय के स्थानीय आर्टिस्टों द्वारा गोंड़ आर्ट से संबंधित कलाकृतियाँ अवलोकन कराते हुए पंजीयन कराया गया। जिले में प्रथम बार वन्या जनजातीय कार्य म०प्र० भोपाल द्वारा यह जी.आई. टैगिंग कैम्प आयोजित किया गया,

जिसे स्थानीय जनजातीय आर्टिस्टों एक आर्ट ब्राण्ड नेम तथा उसका पंजीयन क्रमांक उपलब्ध होने से आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। आनन्द राय सिन्हा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य शहडोल अपने विभागीय अमले के साथ स्वतः पंजीयन स्थल पर उपस्थित रहकर, गोंड़ आर्ट कलाकारों का उत्साहबर्धन किया तथा राज्य स्तरीय दल के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही भविष्य में इस प्रकार के कैम्प आयोजित करने हेतु अपेक्षा व्यक्त की गई, ताकि ज्यादा से ज्यादा गोंड़ कलाकारों को अवसर उपलब्ध हो सकें।

करूआताल मे हो रहे शिवमहापुराण कथा को सुनने उमड़ रहे है श्रोता।।

शहडोल । समीपस्थ ग्राम करूआताल स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गत 4 दिसम्बर 2023 से प्रारम्भ शिव महापुराण की अलौकिक अद्वितीय कथा का रसास्वादन करने हेतु ग्राम व क्षेत्र से सुधी श्रोतागण तथा धमार्नुरागी सपरिवार पहुंच रहे है व्यासपीठ से प्रख्यात कथावाचक श्री राकेश जी पाठक (श्री धाम -- वृन्दावन) है इस पुनीत धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान ध्यान सिंह तोमर श्रीमती गायत्री देवी है क्षत्रिय परिवार द्वारा आयोजित यह कथा दोपहर 2बजे से 5बजे तक होती है 7 दिसम्बर 2023 को कथा के क्रम मे शिव विवाह पर सुन्दर तथा प्रेरक

प्रसंग पर प्रवचन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालु उपस्थित होकर प्रसंग का श्रवणपान किया । भगवान भोलेनाथ की यह भव्य दिव्य कर्णप्रिय कार्यक्रम आगामी 14 दिसम्बर 2023 को हवन प्रसाद विवरण तथा भण्डारा के साथ समापन होगा।

कार्यक्रम के दशार्नाभिलाषी अमृत लाल सिंह कोमल सिंह, रामकृपाल सिंह ,सुरेन्द्र सिंह, आदि ने सभी सम्मानित श्रद्धेय श्रोतागणो आगामी शेष दिनो की कथा सुनने के लिए अनुरोध किया है । मालुम हो कि कथावाचक श्री राकेश जी वर्ष 2007 मे ग्राम करूआताल मे श्रीमदभागवत की कथा क्षेत्र वासियो को अपने श्रीमुख श्रवण करा चुके है जिससे इस क्षेत्र के श्रोतागण उनके मुरीद है ।

करोड़ों की रकम बरामदगी का मामला, कानपुर में सांसद, विधायक और मेयर ने जलाया सांसद धीरज साहू का पुतला

सुनील बाजपेई

कानपुर आज यहां शनिवार को विधायक और मेयर की अगुवाई में भाजपाइयों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए 300 करोड़ रुपए की नगदी बरामद किए जाने के मामले में झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू का पुतला जलाया।

आज शनिवार को कानपुर में सांसद, विधायक, महापौर और कार्यकताओं ने जगह-जगह भ्रष्टाचार का पुतला दहन किया।

पुतला दहन करते हुए सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि सोचिए जब कांग्रेस के सांसद के पास 300 करोड़ रुपए की काली कमाई मिली है तो राहुल गांधी के पास कितना

रुपया होगा। इस बीच विधायक महेश त्रिवेदी ने बताया कि जनता अगर अपना भला चाहती है तो कांग्रेस जैसी पापी आत्माओं से छुटकारा पाना पड़ेगा । सुरेश सांसद धीरज साहू का पुतला जलाने की इसी क्रम में महापौर प्रमिला पांडेय ने भी भाजपा कार्यकताओं के साथ मिलकर परेड चौराहा पर भ्रष्टाचार का पुतला फूंका। इस दौरान महापौर ने कहा कि कांग्रेस के एक सदस्य के ठिकानों से जिस तरह नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं वह यह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेस पार्टी किस कदर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

नगर पंचायत मोहनलालगंज के पांडेय मार्केट में आयुष्मान कार्ड व दिव्यंग पेंशन व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला पेंशन सहित कई योजनाओं से सम्बंधित कैम्प लगवाया गया

विवेक कुमार संवाददाता

जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट व लक्ष्य यूथ फाउंडेशन द्वारा पाण्डेय काम्प्लेक्स मोहनलालगंज में स्वावलंबन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं पंजीकरण कर पात्र ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम आयोजक चेयरमैन प्रतिनिधि व व्यापार मण्डल अध्यक्ष अजय पाण्डेय सत्यम ने बताया कि समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन स्टाप सेंटर, लक्ष्य यूथ फाउंडेशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना , मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जानकारियां एवं पंजीकरण करआमजनमानस को लाभान्वित किया गया और बताया कि हमारे ट्रस्ट का प्रयास है की नगर पंचायत मोहनलालगंज के जो भी पात्र नागरिक जानकारी के अभाव में सरकार की योजनाओं से वंचित हैं उन्हें ट्रस्ट के कार्यकताओं के माध्यम से जागरुक कर योजनाओं की सही जानकारी दे पंजीकरण कराकर लाभान्वित कराया जा रहा है। कार्यक्रम सहयोगी लक्ष्य यूथ फाउंडेशन के प्रबंधक अवधेश कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर स्वावलंबन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक कर लाभान्वित कराया जा रहा है हमारा एक ही लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र को लाभान्वित कराया जाए। वहीं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा कठपुतली कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं की जानकारीयां दी गयी। कार्यक्रम में सहयोगी जन सेवा केंद्र संचालक अजय साहू, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, आशीष यादव, शिवम साहू,अश्वनी आनंद, मुकुल, जितेंद्र यादव, नवीन कुमार, मन्नू रॉय सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

जनपद एवं ग्रामपंचायत उपचुनाव को लेकर कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

धापेवाडा, मोहरई,चिखला में सरपंच और जमुनिया में जनपद सदस्य, 40 ग्रामों में होगा पंच के लिए उपचुनाव

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(10 दिसंबर)राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के मद्देनजर जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है।उन्होंने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985, मप्र संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम-1994 और आयुध अधिनियम-1989 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के बाद से उपनिर्वाचन के लिये आदर्श आचार संहिता पंचायतों में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

इस पर रहेगा प्रतिबंध

मप्र कोलाहल अधिनियम 1985 तथा ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का आग्नेय अथवा घातक शस्त्र तथा बंदूक, रायफल पिस्टल, तमंचा, भाला, बल्लम, तलवार, चाकु, बरछी, फरसा, गंठासा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार व विस्फोटक सामग्री आदि का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, संस्था, संगठन, यूनियन, राजनैतिक दल सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी आमसभा, जुलूस, धरना, प्रदर्शन, रैली का आयोजन नहीं करेगा। सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किसी भी व्यक्ति द्वारा नहीं किया जा सकेगा। साथ ही लाउड स्पीकर का उपयोग प्राप्तः 06.00 बजे से पूर्व एवं रात्रि 10.00 बजे के बाद पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।

इन स्थानों पर होगा उपचुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत बालाघाट, बैहर व खैरलांजी के ग्राम धापेवाड़ा, मोहरई और चिखला में सरपंच तथा बालाघाट के ग्राम जमुनियॉ में जनपद सदस्य का उपनिर्वाचन होगा। जबकि जनपद पंचायत बालाघाट के ग्राम बगदरा-14 व हट्टा-07 में, जनपद पंचायत लांजी के ग्राम देवरबेली में, जनपद पंचायत किरनापुर के ग्राम दहेगडवा, खारा, मुरी, डोगरगांव, कान्द्रीकला में, जनपद पंचायत परसवाडा के ग्राम पोगारझोडी, जगनटोला, धनवार में, बिरसा जनपद पंचायत के ग्राम रघोली-रघोली, सालेंटेकरी-11 सालेटेकरी-13 सालेटेकरी-17 कचनारी-03, 05, 06, 07, 09,11,16 बहेराभाटा-05, 07, 10, 11, 14, 20 बाकीगुडा, रेलवाही, अचानकपुर में, जनपद पंचायत खैरलांजी के ग्राम मोहाडी में, जनपद पंचायत वारासिवनी के ग्राम सिर्रा, मेंडकी, लालपुर में और जनपद पंचायत कटंगी के ग्राम हरदोली, नवेगांव, टेकाडी (म०) में एवं कटेरा तथा बनेरा में पंच के लिये उप निर्वाचन होना है।

चोरी के मटेरियल बिक रहे ऊंचे दाम, प्रशासन बेखबर

पंचायतों में चल रहा सचिव राज, नकेल नहीं कस रहे

शहडोल। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामपंचायतों को मानो चोरी की छूट दे दी है। निर्माण कार्यों में लगने वाले मटेरियल की उपलब्धता किस प्रकार और कहां से की जा रही है उसकी वैधता है या नहीं यह सब देखने की आवश्यकता वरिष्ठ अफसरों द्वारा महसूस नहीं की जा रही है। इसलिए पंचायतों में एक ओर फर्जी वेण्डर संस्थाएं पनप रही हैं वहीं दूसरी ओर चोरी के और घटिया दर्जे के मटेरियल काम में लाए जा रहे हैं। ग्रामपंचायतों के निर्माण कार्यों में सरपंच, सचिव तथा ठेकेदार अवैध गतिविधियां अंजाम देते हुए जमकर कमाई कर रहे हैं। यही विभागीय अधिकारियों के चहेते भी बने बैठे हैं।

कहां से आ रही मुरुम

संभाग के अंदर कहीं भी मुरुम की वैधानिक खदाने नहीं हैं, लेकिन पंचायतों के कार्य में जैसे ग्रेवल रोड निर्माण में मुरुम का काफी मात्रा में उपयोग किया जा रहा है। उसका बिल भुगतान और भाड़ा व्यय दिया जा रहा है। अधिकारी संबंधित ठेकेदार और सचिव से यह पूछने की जरूरत नहीं समझते हैं कि जब कहीं भी मुरुम की वैधानिक खदान नहीं

है तो फिर मुरुम कहां से लाई जा रही है। जाहिर है कि कहीं से चोरी करके ही लाई जा रही है। जिसका बिल भुगतान और भाड़ा भुगतान उस तरह किया जा रहा है जैसे वैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप खरीदी की गई हो।

रेत की रायल्टी कहां?

इसी तरह निर्माण कार्यों में रेत की आवश्यकता पड़ती है। भारी मात्रा में रेत तो गिरवाई जाती है लेकिन उसकी खरीदी किस प्रक्रिया से की गई और रायल्टी कितनी दी गई इसका कोई लेखा जोखा नहीं रहता है। इस बात से किसी अधिकारी का कोई सरोकार नहीं रहता है कि रेत कैसे आई। हद तो तब हो जाती है जब कार्रवाई करने का अधिकार रखने वाले अफसर खुद यह कहते हैं कि ग्रामपंचायतें खुद ही अपने जुगाड़ से रेत एकत्र कर लेतीं हैं। अगर सहयोग से रेत एकत्र होती है तो फिर उसका भुगतान क्यों लिया जाता है और लेनदेन होता है तो रायल्टी की याद क्यों नहीं आती? शासन को ही चूना क्यों लगाया जा रहा है।

वेण्डर फर्मों की जांच नहीं

ग्रामपंचायतों के निर्माण कार्यों में मटेरियल सप्लाई के लिए वेण्डर फर्में सक्रिय हैं लेकिन इनकी भी वैधानिकता की जांच नहीं की जा रही है। जिन फर्मों का रजिस्ट्रेशन सालों से निरस्त है वे भी धड़ल्ले से काम कर पैसा पीट रहीं हैं। इन फर्म के संचालक ही अधिकांशतः ठेकेदारी कर रहे हैं और मटेरियल सप्लाई का कार्य भी कर रहे हैं। मटेरियल घटिया लिया जा कर ऊंची दरें दशार्यी जा रही हैं। शासन का हर तरह से नुकसान किया जा रहा है। लेकिन अधिकारी खुद दलाल ठेकेदारों व वेण्डरों के पि्ू बने हुए हैं। अब तो सचिव उनके बगल में बैठने लगे हैं।

स्वर्ण भूमि को मिला एसबीआई का प्री एप्रूड लोन, ग्राहकों में खुशी

विजय तिवारी उमरिया

सम्भाग का पहला प्री एप्रूव्ड प्रोजेक्ट का खिताब कबीर बिल्डकान स्वर्ण भूमि कालोनी उमरिया को मिला है।इस बात की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक शहडोल अमित बघेल ने बताया कि एसबीआई ने इस प्रोजेक्ट को प्री एप्रूव्ड कर दिया है,अब ग्राहकों को भटकने की जरूरत नही बल्कि सरलता से एसबीआई ऋण दे सकती है,और वो बेहतर मकान के मालिक

बन सकते है।इस दौरान अमित बघेल क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई,आलोक कुमार वर्मा मुख्य प्रबंधक क्रेडिट एसबीआई,समीर सिन्हा मुख्य प्रभंधक उमरिया एसबीआई,पारस मेश्राम शाखा प्रबंधक नोरोजबाद एसबीआई मौजूद रहे।विदित हो कि मुख्यालय से सटे स्वर्ण भूमि पर कबीर बिल्डकान करींब 273 मकानो का निर्माण करा रही है,इन मकानों को क्रय करने एसबीआई ने प्री एप्रूव्ड लोन स्वीकृत किया है,संभागीय स्तर में ये पहला मामला है,जहाँ एसबीआई ने प्री एप्रूव्ड लोन की सुविधा दी है।इस मामले में स्वर्ण भूमि के सीईओ ने बताया कि एसबीआई के इस आफर से ग्राहकों को काफी लाभ पहुंचेगा,पहले ग्राहक कई दिनों तक एसबीआई लोन के लिए भटकते थे,अब दो या 3 दिन में सरल डॉक्यूमेंट और एग्रीमेंट से लोन मिल सकेगा,जो मिल का पत्थर साबित होगा।

भाजपा प्रत्याशी के बाहरी होने का नारा विपक्षियों के नहीं आया काम निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी पर लगा रहे थे आरोप

विजय तिवारी शहडोल

विधानसभा चुनाव के दौरान विंध्य जनता पार्टी भ प्रत्याशी फूलमती सिंह ने भाजपा प्रत्याशी पर बाहरी होने का आरोप लगाते हुए स्थानीय प्रत्याशी को जीत दिलाने की मतदाताओं से अपील कर रहे थे, भाजपा के बागी प्रत्याशी बतौर मैदान में उतरे जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलमती सिंह ने तो खुद को असली बीजेपी साबित करने में तुले हुए थे किंतु विपक्ष का ये नारा उनके काम नहीं आया बल्कि अब तक के जयसिंहनगर विधानसभा चुनाव के इतिहास में सबसे ज्यादा मतों से जीत का सेहरा भाजपा प्रत्याशी मनीष सिंह ने अपने नाम करने में कामयाब रहीं। जयसिंह नगर विधानसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी किंतु 2003 से ये सीट भाजपा का गढ़ साबित हो रही है। और लगातार भारतीय जनता पार्टी को जीत हासिल हो रही है। मतदान के पूर्व तक जिला स्तर पर चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिकदलों द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वी पर लगाए गएआरोप प्रत्यारोप की विवेचना और विश्लेषण का दौर भी आम जनता के बीचसुर्खियों में है।

भाजपा ने कांग्रेस के गढ़ में लगाई सेंध

जयसिंहनगर विधानसभा सीट से वर्ष

1993,1998 में कांग्रेस के रामप्रसाद सिंह विधायक निर्वाचित हुए, नवीन परसीमन के बाद सोहागपुर विधानसभा सीट के कुछ हिस्से जयसिंहनगर सीट के हिस्से में जोड़ दिए गए जिसमें सोहागपुर ब्लॉक के कई गांव और नगर पालिका परिषद शहडोल का पूरा हिस्सा जयसिंहनगर विधानसभा में शामिल किया गया। तबसे इस स सीट पर भाजपा अपना पांव जमा बैठी। 2003 से भाजपा के जयराम सिंह मार्को विधायक निर्वाचित हुए, टिकट परिवर्तन के बाद 2008 में सुंदर सिंह विधायक निर्वाचित हुए 2013 में श्रीमती प्रमिला सिंह एवं 2018 में जय सिंह मरावी विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए। वर्ष 2023 में भाजपा ये सीट और अधिक मतों से विजय हासिल कर बरकरार रखना में कामयाब रही।

भाजपा ने दूसरी बार दूसरे विधानसभा के निवासी में लगाया दांव

भारतीय जनता पार्टी ने 2018 को छोड़कर अनेकों बार एवं इसके उपरांत हर विधानसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र के निवासी प्रत्याशियों पर दाव लगाया था किंतु भारतीय जनता पार्टी 2023 में जैतपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक रही बतौर प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतार पाई थी, जबकि 2023 में मनीष सिंह बतौर प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा, और वे जीत दर्ज करने में सफल साबित हुए।

पूर्व में भी यहां लग चुका है बाहरी प्रत्याशी का नारा

जयसिंहनगर विधानसभा सीट में मनीषा सिंह से पहले भी बाहरी प्रत्याशी का नारा लग चुका है। वर्ष 2018में जब विधानसभा सीट से बुढार के समीप गांव निवासी जय सिंह चुनाव लड़ने भाजपा के सिंबल से चुनाव मैदान में उतर गए थे तो जहां विपक्ष द्वारा उन्हें बाहरी प्रत्याशी होने का नारा लगाया जाता था, किंतु उस बार भी विपक्ष का ये नारा तब भी कामयाब नहीं हुआ था और जय सिंह मरावी जयसिंहनगर से विधायक निर्वाचित होने में कामयाब हुए थे। इस बार भी विपक्ष का ये नारा नाकामयाब रहा। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रत्याशी मनीष सिंह जैतपुर विधानसभा अंतर्गत टिकुरी गांव की रहने वाली है, उन्होंने अपने निकटतम प्रतिबंध कांग्रेस पर 35 हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल कर विधायक निर्वाचित होने में कामयाब रहीं। उनकी इस ऐतिहासिक जीत की आंधी में भाजपा समर्थित रही जिला पंचायत उपाध्यक्ष जो खुद को असली बीजेपी बताते हुए व्हीजेपी से चुनाव मैदान में उत्तरे थे उनकी जमानत तक जप्त हो गई।

अटकलों तक का मत हांसिल नहीं कर पाइ फूलमती

लोगों की अटकलों पर भाजपा के बागी व व्हीजेपी प्रत्याशी फूलमती सिंह खरे नहीं उत्तर पाइ। उनके समर्थक तो जीत के दावा कर रहे थे, किंतु लोगों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा था कि फूलमती सिंह 20 से 25 हजार तक मत भाजपा का काटते हुए अपने हिस्से में लाएंगे, जिस दम पर कांग्रेस अपनी जीत का सपना देख रही थी, किंतु वे उम्मीद पर खरा न उतरते हुए 1 हजार में ही सिमट गए।

समाधान थाना दिवस में उपजिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की शिकायते

संवाददाता विवेक कुमार समाज जागरण!

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाने पर सम्पूर्ण थाना दिवस सम्पन्न हुआ जिसमे आई राजस्व की शिकायतों को एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार को मौके पर जाकर कब्जा दिलाने के आदेश दिए हैं । मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र नगर पंचायत मऊ शीतल खेड़ा की उषा पत्नी मोनू ने शिकायत दर्ज कराई की मेरी शादी हो गई कोई अन्य घर की देखभाल करने वाला नहीं था मेरे माता-पिता के मरणोपरांत मैं ससुराल चली गई उसके बाद पड़ोसियों ने मेरे सामने की सहन की भूमि पर जबरन कब्जा करना शुरू कर दिया जबकि आबादी की भूमि पर वह अधिक भूमि पर काबिज हैं फिर भी मेरी भूमि हड़पने पर लगे हैं इससे पहले मैंने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी कि पड़ोसी मंसाराम पुत्र मेवा लाल पत्नी किरण, बाबूलाल, सावित्री आदि मेरी सहन की भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं मना करने पर गाली गलौज करते हैं अब मैं अपने निजी घर पर रहती हूं मेरी समस्या का समाधान कराया जाए । रामदीन पुत्र स्वर्गीय रघुनंदन सिसेंडी ने शिकायत दर्ज कराई कि लेखपाल, राजस्व निरीक्षक ने मेरी भूमि को उप जिलाधिकारी के आदेशानुसार मौके पर पहुंचकर नाप जोख कर खेत की मेड बंदी करवा दी थी लेकिन गांव के दबंग चंद्र शेखर यादव,राम किशोर,पुत्रगण

स्व अयोध्या प्रसाद ने मेरे खेत की मेड राजस्व टीम के जाने के बाद तोड़ दी जिसकी शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज कराई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई उक्त प्रकरण पर नायब तहसीलदार को फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए की शासन के सख्त निर्देश है की मौके पर जाकर भूमि निस्तारण करवाए यदि फिर भी दबंग न माने तो रिपोर्ट दर्ज करा कर जेल भेज दो , किसान रामदीन ने अधिवक्ता करने की असमर्थता व्यक्त की जिसे उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य ने निःशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराने के आदेश नायब तहसीलदार प्रियम्वदा को दिए ताकि गरीब को किसान किसी प्रकार से कोई समस्या न होने पाए ।इस मौके पर नायब तहसीलदार प्रियम्वदा,प्रभारी निरीक्षक राम बाबू सिंह आदि उपस्थित थे।

सभी की घरौनी बने, चाहे मकान व कब्रिस्तान में बना हो ,केंद्रीय राज्यमंत्री

विवेक कुमार संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ राजस्व टीम घरौनी बनाने में कोताही न बरते ग्रामीणों के मकान चाहे खाद के गड्ढे या कब्रिस्तान पर ही क्यों न बने हो उन्हें तोड़ा न जाए उक्त बातें केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने गांव की घरौनी जागरूकता सम्मेलन में व्यक्त की। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र खुजौली में घरौनी जागरूकता सम्मेलन में बोलते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद कौशल किशोर ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसमें महिलाओं को ड्रोन कैमरे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें स्वयं सहायता समूह की दीदी शामिल रहेंगी उन्हें जहां एक ओर रोजगार मिलेगा वहीं दूसरी ओर कृषि की देखभाल ड्रोन कैमरे द्वारा निगरानी की जा सकेगी सरकार ने किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रखी हैं और प्रधानमंत्री सम्मान निधि के माध्यम से भी किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है घरौनी वितरण जागरूकता सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ने कहा कि यदि किसी भी ग्रामीण का मकान सुरक्षित भूमि चाहे खाद का गड्ढा हो, पशुचर, कब्रिस्तान पर ही क्यों न मकान बने हो जिन्हें तोड़ा न जाए यदि आगे आवश्यकता पड़ी तो तोड़ने से पहले उन्हें सरकार नए मकान उपलब्ध कराएगी उसके बाद ही उक्त भूमि पर बने मकानों को तोड़ा जाएगा जिससे किसी भी प्रकार की कोई ग्रामीणों को परेशानी न हो और राजस्व विभाग सभी ग्रामीणों की घरौनी बनाना सुनिश्चित करें । इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत, उप जिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य,खंड विकास अधिकारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

समाजसेवी एवं भाजपा नेता उमेश देशमुख को लोस टिकट देने की उठने लगी मांग

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (10 दिसंबर)आरक्षित विधानसभा बैहर निवासी समाजसेवी एवं भाजपा के कद्दावर नेता उमेश देशमुख को लोकसभा से टिकट देने की मांग उठने लगी है।आमजन का सोचना है कि अतिपिछड़े बैहर क्षेत्र का विकास तो होने से रहा ऐसे में लोकसभा प्रत्याशी हमारे पिछड़े क्षेत्र से ही हो तो कैसा रहेगा।क्योंकि विधान सभा क्षेत्र बैहर आरक्षित होने से यहां के अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों को विधान सभा में जाने का अवसर नहीं मिलता है जबकि यहां भाजपा का वोट बैंक अन्य पिछड़ा वर्ग ही है।जिसे साधने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग को बालाघाट सिवनी लोक सभा क्षेत्र से अवसर मिलना चाहिए।उमेश देशमुख बालाघाट व सिवनी जिला के लिए एक जाना पहचाना नाम है जिससे उम्मीद की जा रही है बैहर विधानसभा से लोकसभा उम्मीदवार होने से एक तों बैहर का विकास तीव्र

गति से होगा दूसरा पंवार बाहुल्य जिला की वजह से भी उमेश देशमुख लोकसभा टिकट के लिए फिट बैठते है। मृदुल स्वभाव, मितभाषी और सरल व्यक्तित्व के धनी, वर्ष 1988 में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लैंप्स मोहगांव के सदस्य का पहला चुनाव में विजयश्री प्राप्त कर दूसरी बार 1989 जनवरी में मार्केटिंग सोसायटी मोहगांव के सदस्य का चुनाव में विजयश्री प्राप्त कर 1989 में ग्राम पंचायत जानपुर से लगातार दो पंचवर्षीय तक सरपंच रहेहैं।लगातार राजनीति में अपनी सेवा समर्पित आज तक करते आ रहे है। भारतीय जनता पार्टी मंडल बिरसा के तीन बार मंडल अध्यक्ष और तीन बार के जिलापंचायत सदस्य(सभापति) रह चुके हैं,वर्तमान में बैहर विधान सभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि हैं, विधायक प्रतिनिधि रह चुके हैं,सामाजिक स्तर पर पंवारो की राष्ट्रीय तीर्थ स्थली व लगभग 115 वर्ष पुराना सामाजिक संगठन पंवार राम मंदिर ट्रस्ट बैहर के लगातार 15 वर्षों तक के पूर्व अध्यक्ष,वर्तमान में राष्ट्रीय पंवार क्षत्रिय महासभा के निर्वाचित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऐसे भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता "श्री उमेश देशमुख जी को क्यों न इन्हें बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी हेतु जनसमर्थन अभियान चलाया जाए।और केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व से प्रत्याशी घोषित करने हेतु भी पहल जारी किए जाने हेतु सतत प्रयास किया जाय। ताकि बैहर क्षेत्र से सांसद बने और अतिपिछड़े बैहर क्षेत्र का समग्र विकास हो सके।

2880 किग्रा अवैध महुआ लाहन जब्त, वारासिवनी और कटंगी में की गयी कार्यवाही

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (10 दिसंबर)जिलें में मदिरा के अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध आबकारी वृत वारासिवनी एवं कटंगी के द्वारा सयुंक्त कार्यवाही की गई। जिसमें शनिवार को खैरलांजी तहसील के

ग्राम झारिया के जंगल के अंदर अलग-अलग स्थानो से 96 पन्नियों में भरा हुआ लगभग 2880 किलो महुआ लाहन जप्त कर 03 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया । सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 288000/-रुपए है। इस कार्यवाही मे वृत प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप श्रीवास, मुख्य आरक्षक द्वारसिंह उइके, आरक्षक रमेश मुरकुटे, नरसिंग टेकाम, टीकाराम शरणागत, अतरलाल उइके, भानु प्रताप, सरस्वती उइके एवं अनिता कुमरे उपस्थित रहे।

महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय 12वे वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

समाज जागरण वाराणसी

रामनगर, वाराणसी डोमरी स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय 12वे वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्रो. भुवन चन्द्र कापरी, पूर्व विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, अध्यक्ष प्रो. कल्पलता पांडेय, पूर्व कुलपति, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उ.प्र, बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल, डोमरी के निदेशक श्री मुकुल पांडेय तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा वन्देमातरम गीत, कुलगीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत डॉ. सुनीति गुप्ता ने किया।अध्यक्ष महोदया ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र, बुके, स्मृति चिन्ह एवं पौधा देकर उनका सम्मान किया।दो दिवसीय क्रीड़ा का प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण डॉ. अरुण कुमार दुबे ने प्रस्तुत किया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता मे कबड्डी, बैडमिंटन, खो- खो, चेस, कैरम, हाई जम्प, दौड़ आदि प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि ने दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को मेडल तथा पुरस्कार प्रदान किये।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, द्वेष

की भावना से नहीं। खेल के साथ-साथ उन्होंने योग पर भी बल दिया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया गया। उन्होंने छात्राओं को महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए कहा।अध्यक्ष महोदया ने अपने उद्बोधन में छात्राओं का मनोबल बढ़ाया तथा खेल कूद मे प्रतिभाग करने वाली छात्राओ को बधाई दिया तथा महाविद्यालय व राष्ट्र का नाम रोशन करने को कहा। उन्होंने जीवन मे कभी भी निराश न होने को कहा।क्रीड़ा समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओ, छात्राओं, कर्मचारियों तथा पत्रकार बंधुओ का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विजय शंकर मिश्र ने किया।इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह के समापन की घोषणा की गयी।क्रीड़ा समारोह कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका डॉ. रजनी श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम में बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल,प्रह्लादघाट की प्रधानाचार्या श्रीमती स्नेहलता पांडेय, डोमरी की प्रधानाचार्या श्रीमती नीता त्रिपाठी, श्रीमती सोनिया मिश्रा, श्रीमती श्वेता पांडेय,श्रीमती अनीता पाण्डेय, डॉ. अभिजीत, चंदन चौधरी, संतोष तिवारी, चंद्रदीप सिंह, शुभम तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, संतोष कुमार, दीपक मिश्र, हरेंद्र पांडेय, राहुल सिंह, मुद्रिका मिश्रा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्राएं मौजूद रहे।

मतदाता पुनर निरीक्षण अभियान के अंतर्गत फार्म 6 रामनगर मंडल से भरकर महानगर महामंत्री श्री जगदीश त्रिपाठी जी को मंडल प्रभारी श्री मधुकर चित्रांश जी के साथ दिया गया

समाज जागरण वाराणसी

रामनगर : भगवानपुर शक्तिकेंद्र के बुथ समिति का वेरिफिकेशन मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह नेतृत्व में साथ में शक्तिकेन्द्र प्रभारी श्रीमति अन्नपूर्णा मौर्य एवम शक्तिकेन्द्र संयोजक राम इकबाल सिंह के साथ किया गया। जिसमे संगठन द्वारा सभी मंडलो में चल रहे मतदाता पुनर निरीक्षण अभियान के अंतर्गत फार्म 6 रामनगर मंडल से भरकर महानगर महामंत्री श्री जगदीश त्रिपाठी जी को मंडल प्रभारी श्री मधुकर चित्रांश जी के साथ दिया गया।रामनगर मंडल के द्वारा अब तक 387 फॉर्म 6 भरकर

महानगर में जमा किया गया । कार्यक्रम में मुख्यरूप से महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एवं मधुकर चित्रांश महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता मंडल कोषाध्यक्ष संजय बाल्मीकि अन्नपूर्णा मौर्य राम इकबाल सिंह राजगृही सिंह दिलीप पटेल सतेंद्र पांडेय शिवपूजन ,अनिल कुमार मिश्रा प्रमुख रूप से रहे।

भ्रष्टाचारी कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ भाजपा का धरना प्रदर्शन

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी ।। भाजपा नेता वाराणसी महानगर प्रभारी कमलेश झा की अगुवाई में दर्जनों वाराणसी के शहरी सभासद एवम भाजपा नेताओं के साथ भाजपा के कार्यकताओं ने कांग्रेसी नेता के घर पकड़े गए अवैध रूप से काले धन के विरोध में धरना प्रदर्शन करते हुए नारे लगाए जिसमे मुख्य रूप से भाजपा नेता तरना वार्ड सभासद रोहित मिश्र , मदन मोहन दुबे खजुरी सभासद,संदीप रघुवंशी नारायणपुर सभासद,बलराम कनौजिया शिवपुर सभासद,कुसुम पटेल सरसौल सभासद ,आत्मा विश्वेशर हिलमिल राय, अलगू सिंह,कमलेश झा,जेपी सिंह,राजेंद्र प्रसाद मौर्या पार्षद अकथा,रत्न मौर्या राजार्शी मंडल,अजीत सिंह सारनाथ मंडल अध्यक्ष,विवेक सिंह सोनू महानगर मंत्री,आदि सैकड़ों की तादात में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे

समाधान दिवस पर एकाएक शिवपुर थाने पर पहुंचे संयुक्त अपर पुलिस आयुक्त जिलामुख्यालय वाराणसी

समाज जागरण वाराणसी

समाधान दिवस के अवसर पर थाना शिवपुर पर कोई दरोगा नही था मौजूद,सिर्फ अकेले कार्यवाहक थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार चौकी प्रभारी काशीराम आवास थे मौजूद दरोगाओं के समाधान दिवस पर मौजूदगी न रहने के कारण भड़के संयुक्त अपर पुलिस आयुक्त जिलामुख्यालय वाराणसी समाधान दिवस के अवसर पर शिवपुर थाने पर कोई सीनियर दरोगा भी नही था मौजूद,और राजस्वकर्मी भी थे सभी के सभी लोग अनुपस्थित ग्यारह बजे के करीब शिवपुर थाने का जायजा लेने पहुंचे थे आईजी/डीआईजी जिलामुख्यालय वाराणसी, शिवपुर थाने के कार्यवाहक थानाध्यक्ष को कड़ी फटकार लगाते हुए आधे घण्टे के अंदर सभी लोगो को मौजूद होकर समाधान दिवस पर जनसमस्याओं का निस्तारण करने का दिए आदेश समाधान दिवस के अवसर पर पहुंचे आईजी /डीआईजी शिवपुर पुलिस से काफी नाखूस,प्रतिकूल प्रविष्टि करने का हिदायत देते हुए नाराजगी जाहिर करते हुए शिवपुर थाने से वापस निकल गए आईजी/डीआईजी जिलामुख्यलय वाराणसी

विद्यालय में खराब भोजन और सुविधाएं ने मिलने से नाराज छात्रों ने किया हंगामा

डेढ़ घंटे जाम रहा हाईवे एसडीएम पिण्डरा ने किया विद्यालय परिसर का निरीक्षण

व्यवस्था ठीक न होने के चलते लगाया कर्मियों को फटकार

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी बड़ागांव थाना क्षेत्र के सातोमहुआ स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों ने छात्रावास में सुविधा उपलब्ध न होने और खराब भोजन मिलने से नाराज होकर वाराणसी बाबतपुर फोरलेन मार्ग पर शनिवार को सुबह में जाम लगा दिया। इस दौरान छात्रों ने जमकर नारेबाजी की तथा विद्यालय प्रबंधन को जमकर खरी खोटी सुनाया।सूचना मिलने के बाद एसडीएम पिंडरा और थानाध्यक्ष बड़ागांव मौके पर पहुंचे और नाराज छात्रों की समस्याओं का सामाधान करने का आश्वसन दिया,उसके बाद छात्र शांत हुए।

विद्यालय में पढ़ने वाले गाजीपुर के जमनियां निवासी छात्र सत्य प्रकाश, दरुणहां भदोही निवासी शिवम सिंहङ्क करधना वाराणसी निवासी आनंद कुमार सिंह सहित अन्य छात्रों ने बताया कि विद्यालय में अध्यापक पढ़ाने के लिए आते हैं लेकिन क्लासरूम में आने की जगह कार्यालय में ही बैठे रहते हैं। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि छात्रावास में भी सुविधाएं नहीं हैं, इसके अलावा भोजन भी खराब मिलता है। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि इन समस्याओं की शिकायत जब प्रधानाचार्य बबिता सिंह से की जाती हैं तो वे भी कोई कार्रवाई नहीं करती हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी जब उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो लोगों को सड़क पर उतरना पड़ा। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि मीनू के हिसाब से कभी भी भोजन नहीं मिलता है। साफ-सफाई भी नहीं होती है और विद्यालय में छात्रावास होने के बाद भी डॉक्टर मौजूद नहीं रहते हैं। छात्रों को आरओ का पानी पीने के लिए लगाया गया है, लेकिन वह काम नहीं करता है। वहीं कक्षा 6 के छात्र अभय प्रताप व कार्तिक ने बताया कि जब भी हम लोग अपनी समस्या को लेकर विद्यालय प्रबंधन से बात करते हैं तो उन लोगों के द्वारा हम लोगों को डांट फटकार कर भगा दिया जाता है तथा तरह-तरह की यातनाएं देते हुए धमकाया भी जाता है कि अगर तुम लोग विद्यालय प्रबंधन के हिसाब से नहीं चलोगे तो तुम्हें विद्यालय से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा और नाम काटकर घर भेज दिया जाएगा।

छात्रों की समस्याओं को सुनने के बाद एसडीएम प्रतिभा मिश्रा द्वारा चपरासी सूर्यनाथ को हटाने का निर्देश दिया गया। वहीं फर्मासिस्ट बृजेश के खिलाफ भी कार्रवाई करने की बात कही गई।

रोड जाम होने से राहगीरों को होती है परेशानी

वाराणसी बाबतपुर फोरलेन के माध्यम से वाराणसी एयरपोर्ट से हवाई सफर करने वाले लोगों का आवागमन होता है। आश्रम पद्धति के बच्चे हर साल एक या दो बार ध्यान जरूर लगते हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बच्चों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है। शनिवार को भी हाईवे पर जाम लगने के चलते फ्लाइट से सफर के लिए जाने वाले यात्री काफी परेशान नजर आए। चंदौली निवासी राकेश कुमार मिश्रा अपने भाई और माता-पिता को एयरपोर्ट लेकर जा रहे थे। उन्होंने कहा कि दोपहर 12:30 बजे की फ्लाइट होने के चलते समय पर उनको एयरपोर्ट पहुंचना था। जाम लगाए छात्रों से वे काफी अनुनय विनय भी किए लेकिन छात्रों ने उनकी गाड़ी को जाने नहीं दिया। इसी तरह अन्य लोग भी काफी परेशान दिखे दोपहर 12 बजे जान समाप्त होने के बाद लोग अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान किए। इस दौरान वाराणसी की तरफ हरहुआ ओवर ब्रिज और बाबतपुर की तरफ आरटीओ ऑफिस के आगे तक वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

एसडीएम पिण्डरा ने किया विद्यालय परिसर का निरीक्षण

हाईवे पर लगा जाम समाप्त होने के बाद मौके पर पहुंची एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा के द्वारा विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया इस दौरान एसडीएम पिण्डरा ने विद्यालय के क्षत्रो से एक एक कर उनकी समस्या को जाना तथा उन्हें आश्वासन भी दिया कि आज से आपके साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं होगा तथा आपको मिलने वाली किसी सुविधा से वंचित नहीं किया जायेगा। इसके उपरांत एसडीएम पिंडरा के द्वारा परिसर का निरीक्षण किया गया तथा भोजन साफ सफाई शौचालय विद्यालय परिसर में गंदगी तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य न होने के चलते नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार भी लगाया गया।

विद्यालय में कुल 295 छात्र नामांकित हैं।

शनिवार को 196 छात्रा उपस्थित थे। प्रधानाचार्य समेत 12 शिक्षक हैं। इस संदर्भ में आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रधानाचार्य बबीता सिंह से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा और ना ही उनके द्वारा फोन का जवाब दिया गया।

65 वर्षीय बुजुर्ग की मिली लावारिस लाश स्थानियों ने दी पुलिस को सूचना

वाराणसी/ लोटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अलाउद्दीपुर गांव पंडित पुल के पास एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की मिली लावारिस क्लास, सूचना पाकर मौके पर पहुंची लोहता पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर स्थानियों घंटो पूछताछ के बाद किया प्रयास लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना जंसा पुलिस द्वारा 10000/- रुपए का इनामियां अभियुक्त मनीष को किया गिरफ्तार

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी/आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 09.12.2023 को थाना जंसा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर परमपुर अण्डर पास के पास से मु0अ0सं0 247/2023 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित 10000/- रुपए का इनामियां अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र श्यामनारायण पटेल, निवासी ग्राम मधुमक्खियाँ, थाना जन्सा, वाराणसी उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

जिला भाजपा अररिया के प्रभारी का कमान कटिहार के लक्खी महतो को

युवा भाजपा नेता रंजीत यादव ने दिया लक्खी महतो को बधाई एवम प्रदेश नेतृत्व के प्रति जताया आभार

समाज जागरण अररिया।

भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने अपने लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के निर्देष पर 45 जिला प्रभारी बनाए

गए हैं। अररिया जिला के प्रभारी का कमान भाजपा के कद्दावर नेता कटिहार निवासी लक्खी महतो बनाए गए हैं। श्री महतो को अररिया जिला

प्रभारी बनाए जाने पर अररिया लोकसभा के युवा दिलों के धड़कन भाजपा नेता रंजीत यादव ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं भेजी है। रंजीत यादव ने कहा कि इनके कुशल नेतृत्व और निर्देशन में अररिया भाजपा को बल मिलेगा। श्री यादव ने लक्खी महतो को जिला प्रभारी का नेतृत्व देने पर प्रदेश के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार जताया है। इधर श्री महतो को बधाई देने वालों में भाजपा के चाणक्य के नाम से मशहूर प्रेम कुमार मिश्रा, राकेश विश्वास आदि नेता शामिल हैं।

वाहन चेकिंग में 10बाइक सीज दर्जनों वाहनों का हुआ चालान

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी बाबतपुर चौराहे को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को पुलिस द्वारा चलाये गए चेकिंग अभियान के तहत 10 बाइक सीज करने के साथ दर्जनों वाहनों का चालान किया गया। डीसीपी गोमती जोन के निर्देश पर सुबह 10 बजे बाबतपुर चौकी इंचार्ज प्रतीक कुमार तिवारी के नेतृत्व में बाबतपुर चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें 10 बाइक, दो मैजिक सवारी गाड़ियों को सीज करने के साथ दर्जनों वाहनों का चालान किया गया। चौकी इंचार्ज प्रतीक कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। और अति शीघ्र जो दुकानदार सड़क के पटरी पर अतिक्रमण करके रखे हैं ,उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी ।

वृद्ध की हार्ट अटैक से मौंत

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

काशी विद्यापीठ/ वाराणसी लोहता थाना क्षेत्र के अलाउद्दीनपुर गांव के पास शनिवार की सुबह एक वृद्ध की हार्टअटैक से मौंत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौंके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कै लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सारनाथ थाना क्षेत्र के ग्राम टडिया सोनातालाब निवासी शारदा राजभर ऊंचगांव में एक अमरुद का बगीचा खरिदे है। उसी की देखभाल करते है।आसपास के लोगों ने बताया की शनिवार की सुबह 6 बजे वह अलाउद्दीनपुर के पास चाय की दुकान पर गये चाय पीने के बाद पान खाए। थोडीदेर बाद ही वह जमीन पर गिर गये। आसपास के लोग दौडकर उनके पास गये । और उठाकर पास में ही एक हास्पिटल में ले गये।जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचनापरक पुलिस मौंके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष टुन्नू सिंह ने बताया की हार्ट अटैक से ही मृत्यु की संभावना जताई जा रही है। पोस्टमार्टमरिर्पोट आने के बाद ही क्लियर होगा।

हरहुआ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति रविवार को 4 घंटे रहेगी बंदे

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

हरहुआ/वाराणसी स्थानीय क्षेत्र के हरहुआ उपकेंद्र के कंट्रोल रूम के विस्तार करने हेतु रविवार को दिनांक 10/12/2023 को समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक 33/11 हरहुआ उपकेंद्रे के सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

हरहुआ उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति किए जाने वाले गांव हरहुआ डीह, काजीसराय, कोईराजपुरे, वाजिदपुर, लोढ़ान, सरसवां, विरापट्टी, पुआरीकला, अहरक, औसानपुर, करोमा, भटौली, सेहमलपुर, वाजिदपुर, मोहनपुर,हरहुआ बाजार,देवनाथपुर, इत्यादि गांव की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह सूचना सातों महुआ उपकेंद्र के जेई लालब्रत प्रजापति के द्वारा दिया गया।

कुख्यात लुटेरो की टोली पासवान गैंग ने अब तक की है 6 करोड़ की लूट मिजार्पुर का कैश वैन लूटकांड:

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

मिजार्पुर में हुए कैशवैन लूट कांड के संबंध में एसटीएफ और पुलिस टीम ने पासवान गैंग की छानबीन की है। इस जांच के अंतर्गत पुलिस ने देशभर में पासवान गैंग के द्वारा किए गए कैशवैन लूट कांड की गतिविधियों का पता लगाया है। मिजार्पुर पुलिस और एसटीएफ का दावा है कि पासवान गैंग ने अब तक छह करोड़ रुपये की लूट की है। इनके द्वारा पूरे देश में कहीं भी बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया जाता था। मिजार्पुर में लूट के लिए कई महीनों से तैयारी चल रही थी।

12 सितंबर को गार्ड को गोली मार कर लूटे थे पैसे

12 सितंबर को मिजार्पुर कटरा कोतवाली क्षेत्र के बेलतर एक्सिस बैंक के सामने गार्ड जय सिंह की हत्या के बाद, चार बदमाशों ने 35 लाख रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे। सर्विलांस के जरिए हुई छानबीन में पता चला कि इस घटना के पीछे झारखंड का पासवान गैंग है। पुलिस ने इस दौरान मुंबई से एक संदिग्ध चंदन पासवान को पकड़ा और उससे जुड़े गैंग के सदस्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया । उनके बाकी सदस्यों की खोज जारी है। पासवान गैंग ने बीते कुछ वर्षों में देशभर में छह करोड़ रुपये तक की लूट की घटनाएं की हैं।

लूट के बाद दहल गया था जिला

मिजार्पुर में दिनदहाड़े हुई इस लूट ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए थे। कई पुलिस अधिकारियों पर गाज भी गिरी थी। मामले में खुद मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया था और जल्द से जल्द खुलासे के निर्देश दिए थे।

पूर्व एमएलसी के काफिले में घुसना कार सवार को पड़ा भारी हुई जबरदस्त पिटाई मचा अफरा तफरी

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

सेवापुरी : वाराणसी कपसेठी थाना के वाराणसी भदोही मार्ग पे नेवादा गांव के पास शनिवार की सुबह चर्चित पूर्व एमएलसी के काफिले में घुसना कार सवार चाचा भतीजे को काफी महंगा पड़ा जब एम एल सी के साथ चल रहे उनके सुरक्षा गार्डों ने कार चला रहे भतीजे व बगल में बैठे चाचा की जमकर सड़क पर उतार कर लात-घूंसा व बट से पिटाई करना शुरू कर दिए अचानक सड़क पर हुए घटना से भगदड़ मच गया और लोग इधर-उधर भागने लगे ।। बताया जाता हैं कि वाराणसी से भदोही की तरफ पूर्वएमएलसी का कयी गाड़ियों का काफिला जा रहा था।जंसा बाजार के पास से ही कार सवार कई बार काफिले में घुसने का प्रयास किये साथ चल रहे सुरक्षा कर्मियों ने मना किया लेकिन कार सवार नहीं माने और उक्त स्थान पर पहुंचते ही जब कार सवार फिर काफिले में घुसने का प्रयास किये तो गुस्साए सुरक्षा कर्मियों ने दोनों की पिटाई कर दी जिससे चाचा भतीजे को काफी चोट आई है घटना के शिकार चाचा भतीजा कपसेठी थाना के लोहराडिह गांव के निवासी बताए जाते है फिलहाल इस मामले में थाने में कोई तहरीर नहीं पड़ी है ।।

महिला हिंसा के खिलाफ महिलाओं ने की आवाज बुलंद

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

काशी विद्यापीठ ब्लाक/ महिला हिंसा विरोधी पखवाड़े के तहत मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को लोक चेतना समिति के तत्वावधान में क्षेत्र के विभिन्न गांवो की महिलाओं व किशोरियों ने लठिया तिराहे से औढ़े बाजार तक पैदल मार्च किया।श्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चुप्पी तोड़ो हिंसा रोको, आज मेरी कल तेरी बारी, उठो संघर्ष की करो तैयारी आदि नारे लगाते हुए पैदल मार्च किया साथ ही मानव श्रृंखला भी बनाई। इसके पूर्व हुए सभा में वक्ताओं ने महिला हिंसा के लिये शराब को मुख्य कारण बताया। शराबबंदी के लिये अभियान चलाने का निर्णय लेने के साथ ही आगामी चुनाव में इसे प्रमुखता से उठाने पर सहमति बनी।

कार्यक्रम में रामपुर, लठिया, विशोखर, खनांव, बंदेपुर, देल्हना, पंडितपुर, रमसीपुर, मिसिरपुर आदि गांवों की महिलाओं व किशोरियों ने भाग लिया। इस दौरान शर्मिला देवी, प्रियंका, रचना, उर्मिला आदि थी।

उत्क्रमित+2उच्च विद्यालय दिघी भुला में चित्रांकन प्रतियोगिता में पूजा अव्वल

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दिघी भुला चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें वर्ग नवम से लेकर 12वीं के विधार्थियों ने भाग लिया ।प्रतियोगिता में वर्ग नवम के पूजा प्रमाणिक प्रथम, वर्ग 10 वीं के जयंती मुखर्जी द्वितीय और वर्ग 11वीं के वर्षा दास ने तृतीया स्थान प्राप्त किया।चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय ने शिक्षकों ने कलम देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय के सहायक शिक्षक निवारण महतो ने कहा कि सभी विद्यार्थियों ने बहुत अच्छा-

राजभवन में विकसित भारत@2047-वॉयस ऑफ यूथ विषयक कार्यशाला में भाग लेंगे बी एन एम यू के 10 शिक्षक:कुलसचिव

11 दिसंबर, 2023 को सुबह 09:00 बजे से है कार्यक्रम

समाज जागरण मधेपुरा ।

राजभवन, पटना में 11 दिसंबर, 2023 को सुबह 09:00 बजे से विकसित भारत@2047-वॉयस ऑफ यूथ विषयक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रोफेसर डॉ. राजनाथ यादव के नेतृत्व में दस प्राध्यापक शामिल होंगे। इनमें डॉ. सुधांशु शेखर (दर्शनशास्त्र), डॉ. शंकर कुमार मिश्र (मनोविज्ञान), डॉ. मोहित गुप्ता (रसायनशास्त्र), ले. गुड्डू कुमार (गणित), डॉ. सुधांशु शेखर (दर्शनशास्त्र), डॉ. शशांक कुमार मिश्र (राजनीति विज्ञान), डॉ. कविता कुमारी (समाजशास्त्र), डॉ. अमरेन्द्र कुमार (इतिहास), डॉ. पंचानंद मिश्र (वनस्पति विज्ञान), डॉ. प्रियंका (गृह विज्ञान) एवं डॉ. प्रफुल्ल कुमार (हिंदी) के नाम शामिल हैं।

कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि कार्यशाला में सशक्त भारत, संपन्न एवं टिकाऊ अर्थव्यवस्था, नवप्रवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सुशासन एवं सुरक्षा और विश्व में भारत विषय पर पैनल डिस्कशन होना है।

पालीगंज में किया गया राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल

पालीगंज/ शनिवार को स्थानीय ब्यवहार न्यायालय परिसर में विवादों को हल करने को लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत जा आयोजन कर कई विवादों को हल किया गया।

जानकारी के अनुसार पालीगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। मौके पर न्यायिक सदस्य रौशन कुमार छापोलिया, गैर न्यायिक सदस्य हृषिकेश, क्लर्क निशांत कुमार, दीपक कुमार, चंदन कांत चंद्रा, संतोष कुमार, पिऊन उपेंद्र शर्मा मौजूद रहे। आयोजित लोक अदालत में पंजाब नैशनल बैंक शाखा पालीगंज, महाबलीपुर, बिक्रम, दुलहीन बाजार, कोरैया, इमामगंज, मसौडा, सहित 195 वादों को 5473553 में समझौता किया गया जिदमे 1337944 हुआ प्राप्त हुआ। भारतीय स्टेट बैंक शाखा पालीगंज सहित कुल 13 वादों का समझौता 366415 रुपए में किया गया। जिसमें प्राप्त राशि 141451है। मध्य बिहार ग्रामीण बैंक शाखा पालीगंज सहित कुल 29 वादों का समझौता राशि 237100 है। जिसमे प्राप्त राशि 237100 है। इंडियन बैंक शाखा पालीगंज का 9 वादों का समझौता राशि 588000 है। वही प्राप्त राशि 36700 है। बी एस एन एल पालीगंज का कुल वाद 24 है जिसका समझौता राशि 46541 है। वही प्राप्त राशि 34486 है। क्रिमिनल केस 9 का आवेदक और अभियुक्त को उपस्थिति में समझौता किया गया।

बाउंड्री का गेट काटते समय क्षेत्रीय लोगो ने चोर को पकड़ पुलिस को सौंपा

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। सारनाथ के शक्तिपीठ आश्रम कालोनी में शनिवार को अपराह्न 3 बजे खाली बाउंड्री का गेट काटते समय कालोनीवासियों ने पकड़ कर पुलिस को सौपा। उनके पास से एक बाइक व लोहे की आरी मिली जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया। शक्तिपीठ आश्रम कालोनी खाली प्लॉट में लगे गेट को तीन युवक काट रहे थे तभी कालोनी के कुछ लोगो को शंका होने पूछताछ किया तो असलियत सामने आया कालोनीवासियों ने एक युवक को पकड़ लिया, इतने में दो अन्य चोर भाग गए। पूछताछ में पकड़ा गया युवक अजय घुरहूपुर सारनाथ का बताया। वही भागे युवक भी करन व जियालाल घुरहूपुर के बताए गए। क्षेत्रीय लोगो ने स्थानीय पुलिस को सूचित कर पकड़े गए युवक को पुलिस को सौप दिया।

श्रीमद् भागवत कथा महा ज्ञान यज्ञ का हुआ आयोजन

समाज जागरण मनोज कुमार साह

गोड्डा शनिवार को दूसरे दिन महागामा प्रखंड अंतर्गत खदहरामाल शिव मंदिर परिसर मैं श्रीमद् भागवत कथा महा ज्ञान यज्ञ को लेकर वृंदावन से आएकथावाचक संत भगवत शरण जी महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा महा ज्ञान यज्ञ में आने के लिए चला हुआ एक-एक कदम करोड़ यज्ञ के समान फल मिलता है भक्ति ज्ञान वैराग्य की कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है जो भगवान

की सच्ची श्रद्धा और विश्वास रखते हैं उसे मुक्ति की प्राप्ति होती है उन्होंने बताया की भागवत कथा को अमर कथा के रूप में भगवान शिव ने माता पार्वती को सुना रहे थे यजमान धर्मवीर शाह पत्नी पुतुल देवी एवं श्रवण जायसवाल एवं पत्नी के साथ शामिल थे कथावाचक के रूप में कथा वाचक के रूप में संत भगवत शरण जी महाराज श्रद्धालुओं को भक्ति पान करा रहे थे कथा संध्या 4:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक किया जा रहा है सैकड़ो श्रद्धालु कथा सुनकर भक्ति में झूम रहे थे

बोलेरो के टक्कर से एक मौत

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

शाम पांच बजे गाजीपुर से वाराणसी की तरफ तेज रफ्तार जा रही बोलेरो ने पचास वर्षीय एकबाल पुत्र सफी निवासी नरपतपुर को टक्कर मार दी जिसे कुचलती हुई वाराणसी की तरफ भाग निकली घायल एकबाल सड़क पर ही दम तोड दिया मौके पर मौजूद पब्लिक ने घायल को सड़क के किनारे करने के बाद पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची चौबेपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एम्बुलेंस से दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल भेज दिया एकबाल पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था बिनकारी का काम करता था मृतक की पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है मृतक को बच्चे नहीं हैं

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस को लेकर मध्य विद्यालय चामटा मे जागुरूकता बैठक

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के मध्य विद्यालय चामटा में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के लेकर भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन कोल्हान के द्वारा मुखिया ,विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति मे मानव अधिकार के विषय पर चर्चा किया है।भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन कोल्हान संगठन के सदस्यों ने सभी लोगों को मानव के अधिकार को विस्तार पूर्वक समझाया । मुखिया अजब सिंह ने कहा कि मानव अधिकारों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसा चर्चा बेहद जरूरी है और मानवता के खिलाफ हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए इस दिवस की अहम भूमिका है। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को कॉपी एवं पेन (कलम) देकर हौसला बढ़ाया गया और सभी विद्यार्थियों को पूरे लगन के साथ पढ़ाई के प्रति मेहनत करने को कहा गया।

भाजपा नेता प्रदीप सिगला जैतो को विधानसभा रामपुराफूल का प्रभारी लगाया

प्रदीप सिंगला की नियुक्ति बिलकुल सही फैसला:सुखीजा

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

चंडीगढ़,9 दिसम्बर :जैतो से लगातार तीन बार जीत की हेट्रिक लगाने वाले नगर कौंसल जैतो के पूर्व उपाध्यक्ष व पंजाब भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिगला को लोकसभा फरीदकोट के अधीन आते रामपुराफूल विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रदीप सिंगला की नियुक्ति की घोषणा फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया भारत सरकार के डायरैक्टर व लोकसभा फरीदकोट प्रभारी श्री जीवन गर्ग व कन्विनर श्री विजय शर्मा ने उनको सिरोपा डालकर की। इसके बाद जिला फरीदकोट भाजपा अध्यक्ष गगन सुखीजा, पंजाब भाजपा सचिव दुर्गेश शर्मा, विधानसभा फरीदकोट कन्विनर गौरव कक्कड़,पंजाब भाजपा कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप शर्मा, पूर्व ज़िला प्रधान जयपाल, पंजाब भाजपा कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य लाजपत राय गोयल गोनियाना और अन्य भाजपा नेतओं ने भी प्रदीप सिंगला को बधाई देते हुए सिरोपा डालकर सम्मानित किया। जिला फरीदकोट भाजपा अध्यक्ष गगन सुखीजा ने कहा कि प्रदीप सिंगला की रामपुराफूल विधान सभा के प्रभारी के तौर पर नियुक्ति बिलकुल सही फैसला है क्योंकि इस से पहले भी प्रदीप सिंगला बतौर

प्रभारी विधानसभा बाघापुराना में अपनी सफल सेवाये दे चुके है और इसके अलावा फगवाड़ा, होशियारपुर, मोगा और अन्य चुनावों और उपचुनावों में उनको पार्टी का कार्य करने का अनुभव है।

प्रदीप सिंगला ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुनील जाखड़, प्रदेश महासचिव श्री मंत्री श्रीनिवासलू जी, केंद्रीय मंत्री श्री सोम प्रकाश, पूर्व केबिनेट मंत्री श्री तीक्ष्ण सूद, लोकसभा फरीदकोट प्रभारी श्री जीवन गर्ग, कन्विनर श्री विजय शर्मा जिला भाजपा प्रभारी शिवराज जी,जिला अध्यक्ष गगन सुखीजा और भाजपा हाई कमान का धन्यवाद किया।कैप्शन - भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जैतो के प्रदीप सिंगला का हार डालकर स्वागत करते हुए व अन्य। इस दौरान ही पंजाब भाजपा के वरिष्ठ नेता व गोनियाना मार्केट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन लाजपत राय गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हाईकमान ने प्रदीप सिंगला को रामपुराफूल विधानसभा चुनाव क्षेत्र का प्रभारी नियुक्ति का भव्य स्वागत करते हुए कहा कि हाईकमान ने यह एक बहुत ही अच्छा फैसला किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कठोरता के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम उठाए ,उससे यह तय है कि किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएग : अमित शाह

रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली,9 दिसम्बर : गृह मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज उत्तराखंड के देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - 2023 के समापन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए के टङ्कव२ के साथ नए उत्तराखंड की अनंत संभावनाओं को तलाशने की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड विश्व के सामने इकोफ्रेंडली तरीके से उद्योग जगत के साथ जुड़ने का एक मजबूत उदाहरण बनेगा। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मानना है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड एक ऐसा स्थान है जहां दैवीय शक्ति भी है और विकास भी और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी ने इसके साथ परफॉर्मेंस को भी जोड़ दिया है।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि श्री पुष्कर सिंह धामी जी के नेतृत्व के प्रयास से ही सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को सकुशल बाहर निकाला जा सका। उन्होंने कहा कि पूरा देश चिंतित था और वे स्वयं इस दौरान इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे थे और प्रधानमंत्री मोदी भी स्वयं इसे मॉनीटर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़े धैर्यपूर्वक उन फंसे हुए मजदूरों का हौंसला बढ़ाने के साथ-साथ इस पूरे बचाव अभियान को धामी जी ने बहुत अच्छे तरीके से चलाया और कई बार वहां से उत्तराखंड की जनता को संबोधित भी किया। श्री शाह ने कहा कि धामी जी के चेहरे पर एक अद्भुत शांति और आत्मविश्वास था, जो एक नेतृत्व के लिए बहुत बड़ी बात है।श्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा उत्तराखंड की स्थापना को पीछे उद्देश्य था कि इतने बड़े उत्तर प्रदेश राज्य में उत्तराखंड का विकास नहीं हो पा रहा था। उन्होंने कहा कि आज दो दशक के सफर के बाद ये कह सकते हैं कि अटल जी ने उत्तराखंड को बनाया था, प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड को संवारा है और अब उनके ही नेतृत्व में राज्य आगे बढ़ रहा है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए के एम▪ओयूएस हुए और इस दौरान राज्य में अनंत संभावनाओं को खोलने वाली कई तरह की नई शुरूआत हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है जिससे पूरी दुनिया चकाचौंध हो गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रगति के पीछे प्रधानमंत्री मोदी का दूरदर्शी

नेतृत्व भी है और नेतृत्व के अंतिम छोर तक बातों को फॉलो-अप करने की क्षमता भी है। श्री शाह ने कहा कि इन दोनों वजहों से आज पूरी दुनिया भारत की ओर बहुत आशा के साथ देख रही है और प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने लक्ष्य रखा है कि 2047 तक भारत एक पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में हर क्षेत्र में विश्व में सर्वप्रथम हो। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने भारत के युवाओं के लिए इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में सभी संभावनाओं को खुला रखा है। उन्होंने कहा कि विश्व में आगे बढ़ने के लिए अब भारत का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतत्व में वर्ष 2025 के अंत तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की आजादी के 75 सालों में हमारी अर्थव्यवस्था ने इतनी बड़ी छलांग नहीं लगाई जो 2014 से 2023 के बीच लगाई है।श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज आज क्लाइमेट चेंज के आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है, मेक इन इंडिया के माध्यम से पूरी दुनिया की जीडीपी को गति देने का प्रयास कर रहा है और टेरर-फ्री दुनिया का नेतृत्व भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की विजनरी लीडरशिप के कारण भारत में इतने बहुआयामी बदलाव हुए हैं। श्री शाह ने कहा कि जी-20 बैठक के दौरान दिल्ली घोषणापत्र कूटनीति के क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला है जिसे दशकों तक याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान अफ्रीकन यूनियन को सदस्य बनाने से दुनिया के पिछड़े देशों का नेतृत्व ऑटोमेटेकली भारत के पास आ गया है, इस प्रकार का विजनरी नेतृ▪व श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में 13.5 करोड लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, भारत की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने और माइनस 3 प्रतिशत कृषि विकास दर को 4.46 प्रतिशत तक लाने जाने में भी सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि 2014 में भारत में सिर्फ 4 यूनिकॉर्न स्टार्टअप थे और आज 110 भारतीय स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हैं और भारत के युवाओं ने विश्व में देश को यश दिलाने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि अब तक का सबसे ज्यादा ऋक्क84.8 बिलियन डॉलर 2022 में आया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में आए ये बदलाव 140 करोड़ भारतीयों के आत्मविश्वास का परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में विरासत और तकनीक दोनों क्षेत्रों में एक साथ काम हुआ है और प्रशासन व्यवस्था में भी अनेक प्रकार के परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में राजनीतिक स्थिरता, भ्रष्टाचारमुक्त शासन, जनकल्याण की नीतियां, इन्वेस्टमेंट फ्रैंडली एजेंडा और शांतिपूर्ण माहौल आए हैं।श्री अमित शाह ने कहा कि अटल जी ने उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़ का गठन विकास को गति देने के लिए किया था और आज इसका परिणाम पूरी दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व और श्री पुष्कर सिंह धामी जी के मुख्यमंत्री काल में उत्तराखंड ने सबसे ज्यादा प्रगति की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने हर क्षेत्र में प्रगति की है, चाहे नए इनीशिएटिव लेने हों, भारत की सीमाओं पर स्थ्त गांवों से पलायन को रोकना हो, यात्रा सुचारू रूप से चलाना हो, इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करना हो या फिर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली नीति बनानी हो, 6 सालों में 30 से अधिक नीतियां बनाकर उत्तराखंड एक पॉलिसी ड्रिवन स्टेट बन गया है।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचारमुक्त शासन है जो निवेश के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज कई राज्यों में पारदर्शिता के साथ विकास के सूत्र को जमीन पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जिस कठोरता के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम उठाए हैं, उससे ये तय है कि किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। श्री शाह ने कहा कि उत्तराखंड में हर क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सबसे शांत और सुरक्षित राज्य उत्तराखंड है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन, सेवा, एमएसएमई, लॉजिस्टिक्स, कस्टमाइज्ड पैकेज, आईटी और आयुष के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं।

अपने सांसद के भ्रष्टाचार पर कांग्रेस की चुप्पी निंदनीय : डॉ. कमल गुप्ता

मेयर गौतम ने चेताया, भ्रष्टाचारियों के लिए देश में अब कोई जगह नहीं-

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा)

कांग्रेस सांसद धीरज साहू के आवासों पर छापे व वहां से मिली करोड़ों की संपति को भ्रष्टाचार बताते हुए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पारिजात चौक पर धरना दिया। भाजपा ने आरोप लगाया कि इतने बड़े कांड पर कांग्रेस मुंह तक खोलने को तैयार नहीं है, जिससे पता चलता है कि कांग्रेस व भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ है। धरने की अध्यक्षता करते हुए शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सांसद के घर छापे में अब तक के अनुमान के अनुसार 300 करोड़ की संपति पकड़ी गई है लेकिन इसकी गिनती व जांच जारी है। ऐसे में यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारा है कि न खाउंगा और न ही खाने दूंगा और इसी को सार्थक करते हुए जांच एजेसियों ने अपनी जांच के चलते कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापे मारे हैं। उन्होंने कहा कि इस मसले पर कांग्रेस चुप है, जो निंदनीय है। कांग्रेस को अपने सांसद के कृत्य पर मुंह खोलना चाहिए।

धरने को संबोधित करते हुए मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि भ्रष्टाचारियों के लिए अब देश में कोई स्थान नहीं है। भाजपा सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और ऐसे भ्रष्टाचारियों की जगह अब बाहर नहीं बल्कि जेल में है। उन्होंने कहा कि आज धरना देकर कांग्रेस को चेताया गया है कि वह भ्रष्टाचार बंद करें।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि धरने का संचालन महामंत्री एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया ने किया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया व प्रवीण पोपली, प्रद्रेश कार्यसमिति सदस्य जितेन्द्र जोग, जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, हिसार विधानसभा के तीनों मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, व विकास जैन, पार्षद सतीश सुरलिया, संजय सेहरा, राकेश गुलाटी, अनिल जोगी, प्रवीण बंसल, रामचन्द्र गुप्ता, प्रवीण केड़िया, अंबिका प्रसाद, रंजीव राजपाल, तनुज खुराना, सुनील वर्मा, महेन्द्र पानू, सुमित मित्तल व भीमसेन अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता धरनास्थल पर बैठे।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद और लंच किया

उपराष्ट्रपति ने माता त्रिपुरा सुंदरी के ऐतिहासिक मंदिर में दर्शन किए

रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली,9 दिसम्बर :उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को कहा कि उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ आज अपनी एकदिवसीय यात्रा पर राजस्थान पहुंचे। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने बांसवाडा के गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद किया तथा उनके साथ में लंच भी किया। इससे पूर्व उन्होंने माता त्रिपुरा सुंदरी के ऐतिहासिक मंदिर में डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ दर्शन और पूजा अर्चना भी की।जनजातीय विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जुलाई 2022 में देश में एक ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला जब एक आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को भारत का राष्ट्रपति चुना गया। उन्होंने आगे कहा कि संविधान निमार्ताओं की आत्मा को यह देख कर कितना सुकून मिला होगा जब एक आदिवासी समाज से आने वाली महिला को भारत का प्रथम नागरिक चुना गया।जनजातीय संस्कृति को बचाने के लिए एक छात्रा के प्रश्न का उत्तर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ग्लोबल साउथ की आवाज सशक्त तरीके से उठा रहा है। जनजातीय आबादी वाले अफ्रीकी यूनियन को ऋ20 में शामिल करवाना हमारी ऐतिहासिक उपलब्धि है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि अंग्रेजों ने जो कानून बनाए अपनी सहूलियत के लिए बनाए, स्थानीय जनता और जनजातियों को काबू करने के लिए बनाए। अपने तंत्र को बचाने के लिए बनाए। बहुत गहन चिंतन के बाद, सरकार इनमे तीन बदलाव करने जा रही है।उपराष्ट्रपति ने आगे महिला आरक्षण विधेयक का जिक्र करते हुए कहा कि मैं बांसवाड़ा की भूमि से यह बताना चाहता हूं कि 21 सितंबर को भारतीय संसद ने महिला आरक्षण बिल पास करके इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि इस बिल के पास हो जाने से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। श्री धनखड़ बताया कि यह आरक्षण होरिजेंटल और वर्टिकल दोनों ही है मतलब इसमें यह भी निश्चित किया जाएगा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को भी इस नियम के तहत आरक्षण मिलेगा। उन्होंने इस तथ्य को रेखांकित किया कि यह आरक्षण सामाजिक समानता को सुनिश्चित करेगा।शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर ने जो इतना बड़ा करिश्मा करके दिखाया उसका आधार शिक्षा ही था। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षा को एक ऐसा माध्यम बनाएं, एक ऐसा सकारात्मक हथियार बनाएं कि वे स्वयं उस बदलाव का केंद्र बन सकें जो बदलाव वे

देखना चाहते हैं। समाज में समानता लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है इसीलिए मैं आप सबसे आह्वान करता हूं आप शिक्षा पर पूरा जोर दीजिए पूरी लगन से शिक्षा प्राप्त कीजिए, कभी तनाव मत रखिए, कोई टेंशन मत लीजिए।देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि आज आपके पास में अवसरों की कमी नहीं है। पहले गांव में बिजली नहीं थी, सड़क नहीं थी, घर में शौचालय नहीं थे, नल नहीं थे, इंटरनेट नहीं था, टीवी नहीं थी, गांव के अंदर पांचवी कक्षा से ज्यादा के विद्यालय नहीं थे, पढ़ने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था, आज के दिन गांव में वह सब सुविधा उपलब्ध हैं जो शहरों में हैं।उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा की सीखने के लिए आपको तकनीक का भरपूर प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्र छात्राओं से हर सप्ताह श्रमदान करने की अपील की और विश्वविद्यालय परिसर में हरियाली बढ़ाने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कुछ समय पहले देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला था। सरकारी दफ्तरों में दलालों का बोलबाला था, सत्ता के गलियारे दलालों से भरे पड़े थे, वे निर्णयों को प्रभावित करते थे, वह सब गायब हो गए हैं। सत्ता के गलियारों को दलालों से मुक्त कर दिया गया है।उपराष्ट्रपति ने बढ़ती हुई तकनीकी सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा आप लोगों को बदलता हुआ भारत नजर आ रहा होगा, बिजली का बिल जमा करने, रेलवे की टिकट, पानी का बिल जमा करने के लिए लंबी लाइन लगती थी। पासपोर्ट लेने के लिए तो पता नहीं कितने पापड़ बेलने पड़ते थे। आज के दिन सर्विस डिलीवरी तकनीकी आधारित हो गई है, आपको सुविधाओं का लाभ सीधा मिलता है।यह देश में पिछले कुछ वर्षों में 40-50 करोड़ बैंक खाते खोले गए ताकि पारदर्शिता आए, शासन को पारदर्शी बनाया गया है।उपराष्ट्रपति ने भारत की उपलब्धियां की सराहना करते हुए कहा कि आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, हमारे यहां जितना डिजिटल ट्रांजेक्शन होता है वह अमेरिका, यूके, फ्रांस और जर्मनी के ट्रांजेक्शन से भी चार गुना अधिक है। उन्होंने कहा हमारी प्रतिभा का तो कोई मुकाबला ही नहीं है, हम टेक्नोलॉजी को सहज ही ग्रहण करते हैं।अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमने 23 अगस्त 2023 को यह घोषणा की कि 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा क्योंकि भारत वह पहला देश है जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 को उतारा है। यह सिर्फ अकेला देश है ऐसा करने वाला जिसने इतिहास रच दिया है। अब वहां शिव शक्ति पॉइंट भी है और तिरंगा पॉइंट भी है, और यह सारी उपलब्धियां वैज्ञानिकों की मेहनत की बदौलत हैं,आज अमेरिका, यूके, सिंगापुर और कई विकसित देशों के सैटेलाइट हमारा इसरो अंतरिक्ष में भेजता है।उन्होंने कहा कि आज हमें लीक से हटकर सोचना पड़ेगा। आपके पास सीखने के लिए तकनीकी है। कुछ ऐसी टेक्नोलॉजी है जिन पर चर्चा करते हैं तो लगता है दुनिया कितनी जल्दी बदल रही है क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, के बारे में पता लगाइए क्या ह? हमारा देश इस क्षेत्र में काम कर रहा है। क्वांटम कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में काफी आगे जा चुके हैं। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से टेक्नोलॉजी से जुड़ने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने ट्राईबल पापुलेशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ट्राईबल पापुलेशन हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। उपराष्ट्रपति ने छात्रों को भारतीय संसद देखने के लिए आमंत्रित किया।अंत में उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें अपने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। भारत का हित सर्वोपरि है, भारतीयता में हमारा विश्वास अटूट है, हमें भारतीय होने पर गर्व होना चाहिए, हमें अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियां पर गर्व करना चाहिए। इस अवसर पर बांसवाड़ा के सांसद, श्री कनकमल कटारा, ट्राइबल यूनिवर्सिटी के कुलपति, प्रो के एस ठाकुर, विश्विद्यालय के शिक्षक, बड़ी संख्या में छात्र तथा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पंजाब फामेर्सी काउंसिल के 2 पूर्व रजिस्ट्रार और अधीक्षक को पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने गिरफ्तार किया

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

जैतो, 9 दिसंबर : पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में अपने भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के दौरान पंजाब राज्य फामेर्सी काउंसिल (पीएसपीसी) में एक बड़े घोटाले का पदार्फाश किया, जिसमें कथित तौर पर दो पूर्व रजिस्ट्रार और एक अधीक्षक शामिल थे। निजी फामेर्सी संगठनों के सहयोग से अभ्यर्थियों के पंजीकरण और फार्मासिस्टों को प्रमाणपत्र जारी करने से संबंधित गंभीर अनियमितताओं के आरोप में। राज्य सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सतर्कता जांच के दौरान पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपियों में परवीन कुमार भारद्वाज और डॉ. तेजबीर सिंह (दोनों पूर्व रजिस्ट्रार), और अशोक कुमार लेखाकार (वर्तमान अधीक्षक)। दोषी रजिस्ट्रार और कर्मचारियों ने फार्मासिस्टों के पंजीकरण के दौरान अनिवार्य सत्यापन प्रक्रिया की उपेक्षा की। पंजाब राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड,जो सरकारी कॉलेजों में डी-फामेर्सी करता है राज्य। यह पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग आयोजित करता है, उस काउंसलिंग के दौरान निजी संस्थानों में रिक्तियां रह जाती हैं। इन सीटों को भरने के लिए निजी कॉलेजों ने कथित तौर पर उक्त रजिस्ट्रार और पीएसपीसी को नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की मिलीभगत से, अनिवार्य माइग्रेशन प्रमाणपत्र प्राप्त किए बिना इन उम्मीदवारों से भारी रिश्वत लेकर अन्य राज्यों के छात्रों को कथित तौर पर प्रवेश दिया गया था।इसके अलावा, कई छात्र जिन्होंने निजी मेडिकल या गैर-मेडिकल स्ट्रीम में 10+2 किया है, उन्हें भी आवश्यक 10+2 शैक्षणिक योग्यता के साथ डी-फामेर्सी पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है, जबकि योग्यता के अनुसार नियमित 10+2 है और इसमें भाग लेकर उत्तीर्ण होना चाहिए। विज्ञान का प्रैक्टिकल उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रार के रूप में डॉ. अभिन्दर सिंह थिंद, डॉ. तेजबीर सिंह और परवीन कुमार भारद्वाज की मिलीभगत से सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरे में डालते हुए कई फर्जी फामेर्सी प्रमाणपत्र जारी किए गए। पुलिस बारीकी से जांच में जुटी हुई है। इस केस में न▪ए खुलासे निकलने की संभावना है।

पलवल में पहली बार वीमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन, 22 जिलों की बॉक्सर लेंगी हिस्सा

पलवल. पलवल देवा बॉक्सिंग अकेडमी में तीन दिवसीय स्टेट वीमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. देवा बॉक्सिंग अकेडमी की संचालिका बॉक्सर प्रियंका तेवतिया ने बताया कि यह हरियाणा में इस स्तर का सबसे बड़ा आयोजन है, जिसमें हरियाणा के सभी 22 जिलों के बॉक्सर्स को शामिल होने का मौका मिलेगा. साथ ही, ओलंपियन बॉक्सरों ने भी इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने का निर्णय किया है.

बॉक्सिंग चैम्पियनशिप और देवा बॉक्सिंग क्लब की संचालिका प्रियंका तेवतिया ने बताया कि यह हरियाणा स्तर का पहला आयोजन है, जिससे पहले सीनियर स्टेट वीमेन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप हरियाणा में नहीं हुई थी. इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 22 जिलों की महिला बॉक्सरों को शामिल होने का मौका मिल रहा है. ओलम्पिक खेलों में प्रदेश का नाम रौंगत में लाने वाली बॉक्सर स्वीटी बूरा, पूजा बूरा, और नीतू घनघस इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी. उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से करीब 350 महिला मुक्केबाज हिस्सा ले रही हैं और जो गोल्ड मेडल जीतेंगी, वे सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में प्रतिस्थान प्राप्त करेंगी, जो इसमें सफल रहेंगी, वे ओलंपिक में भी प्रतिस्थान प्राप्त करेंगी.

महिलाओं को आगे बढ़ने का मिलेगा सुनहरा अवसर

बॉक्सर प्रियंका तेवतिया और देवा बॉक्सिंग अकेडमी ने ऐतिहासिक आयोजन पलवल में किया है, जिससे प्रदेशभर की मुक्केबाजों को एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म मिलेगा. उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और उनसे अपने मन से खेलने का सुझाव दिया. प्रियंका ने महिलाओं के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं से हौसला बढ़ने की बात की और खेलों को बढ़ावा देने वाली सरकार की नीतियों की सराहना की. उन्होंने कहा कि पलवल जैसे क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बल्कि इस प्रकार के प्लेटफार्मों से आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा.

कानून को उसकी मदद करनी चाहिए, दिल्ली हाईकोर्ट ने क्यों और किसके लिए कहा ऐसा

नई दिल्ली. दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि संकट के समय किसी व्यक्ति की मदद करने वाले को दयालुता दिखाने के लिए परेशान नहीं किया जाना और यदि ऐसे व्यक्ति को परेशान किया जाता है तो कानून को आगे आकर अवश्य ही उसकी मदद करनी चाहिए. अदालत ने एक ट्रक चालक की विधवा के लिए पांच लाख रुपए की क्षतिपूर्ति मंजूर करते हुए यह टिप्पणी की. साल 2018 में सड़क हादसे के शिकार एक व्यक्ति की मदद करते हुए इस चालक की जान चली गई थी. न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने हाल के अपने आदेश में कहा, ह्लजब वह(पीड़ित) अपनी गाड़ी की ओर लौट रहा था, जो कि संभवतः सड़क पर एक तरफ खड़ी होगी, तब उसे तेजी से आ रहे एक अन्य वाहन ने टक्कर मार दी और वह घायल हो गयाङ्क हमें तो यह मानना ही होगा कि नेकनीयत वाला इंसान होने के नाते उसने अपना ट्रक रोका और संकट में फंसे किसी व्यक्ति की मदद की.ह्व

अदालत ने कहा, ह्लजिस व्यक्ति ने किसी अन्य इंसान की मदद करना चुना, उसे दयालुता दिखाने के लिए परेशान नहीं किया जाना चाहिए और यदि उस दौरान नेकनीयत वाला यह व्यक्ति घायल हो गया या जानलेवा परिणाम का शिकार हो गया तो कानून को उसके लिए आगे आना चाहिए.ह्व

विधवा ह्यदावा आयुक्तह्व द्वारा क्षतिपूर्ति मंजूर करने से इनकार करने पर उच्च न्यायालय पहुंची थी. दावा आयुक्त ने इस आधार पर क्षतिपूर्ति मंजूर करने से इनकार कर दिया था कि मृतक (चालक) ने खुद ही दुर्घटना का शिकार होकर संकट बढ़ा दिया, जबकि यह

राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल ने सॉडा के गोडियन पुरवा गांव को लिया गोद, की बैठक

दो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की जन्मभूमि विकास के कोसों से है दूर

दैनिक समाज जागरण

सीतापुर राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष संजयपुरी ने विकासखंड सांडा के गोडियन पुरवा गांव को गोद लिया। गांव मे बैठक कर विकास कराने का संकल्प लिया है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एडवोकेट शिवनाथ मिश्रा ने की।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय महंगे राम पुत्र सीताराम को अंग्रेजों ने दिनांक 27- 3- 1941 को 1 वर्ष की सजा और 40 रुपए जुमार्ना व उस-के बाद पुनः 25 -10- 1942 को 1 साल की सजा और 10 रुपए जुबार्ने से दंडित किया गया था। वही बलदेव लाल पुत्र श्री दयाल को देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 15 अगस्त 1972 में खैराबाद में ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया था। जो दस्तावेज परिवार में सुरक्षित रखें है । गांव पहुंचते ही सबसे पहले राजा टोडर मल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवा दल के प्रतिनिधिमंडल ने विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिए गांव का भ्रमण करते हुए, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बलदेव लाल व महंगे राम के घर पर पहुंचकर उनके परिवार से मिलकर कुशलक्षेम हाल जाना । उनके बेटे सुभाष चंद्र व रामस्वरूप से पूछा आपको सरकार की तरफ से क्या-क्या सुविधा मिली है,और आपके गांव का विकास कार्य क्या हुआ उनके बेटे ने बताया कि सरकार की तरफ से हमें कोई भी सुविधाएं नहीं मिली है। टूटे-फूटे घर छप्पर के नीचे हम लोग रह रहे हैं। गांव की आबादी लगभग 800 है। गांव का कोई विकास का नहीं कराया गया है,न गांव में सरकारी विद्यालय है, न बिजली है ,बिजली की रोशनी

के लिए मेरे गांव के लोग तरस रहे हैं,और न तो नाली ,खरंजा ,व पानी पीने के लिए सिर्फ तीन नल लगे हुए हैं, शिक्षा के लिए प्राथमिक विद्यालय भी नहीं है 3 किलोमीटर दूर बच्चों को पढ़ने के लिए जाना पड़ता है, उनके नाम से गेट का निर्माण कराया जाए, बारात घर आंगनवाड़ी केंद्र भी नहीं बना है, उनके नाम पर कोई स्मारक स्थल तक नहीं बनाए गए हैं दो छोटे मंदिर बने हुए हैं ,जो बहुत ही जर्जर अवस्था मे है। पूरा गांव विकास से कोसो दूर है। ग्रामीणों ने अपनी सभी मांगे प्रार्थना पत्र लिखकर कर राष्ट्रीय संस्थापकअध्यक्ष संजयपुरी को दिया है । संजय पुरी ने कहा गोडियन पुरवा गांव को मैंने गोद ले लिया है, इस गांव में दो दो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जन्मस्थली है। जिन्होंने देश को आजाद करने में अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी। जेल की सजा भी भुगतानी पड़ी थी। गांव का सर्वे कराकर विकास करवाया जाएगा। बैठक मे कहा इस समय सरकार के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी उम्र 18 वर्ष की पूर्ण हो चुकी हैं ,वह सभी अपना नाम मतदाता सूची में जोड़वा ले । एक वोट का भी बहुत महत्व है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय महंगे राम,व बलदेव जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व राजस्व सुरक्षा सेवा दल के प्रयासों से गांव का विकास कराने का कार्य किया जाएगा। बैठक में जिला अध्यक्ष शिवनाथ मिश्रा ,जिला मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार राव ,दधीचि इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शुक्ला, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष देवी शंकर बाजपेई, हरीराम फौजी, रामस्वरूप, सुभाष चंद्र राजेंद्र प्रसाद ,अजय कुमार, चेतराम ,मनोज कुमार ,रंजीत कुमार, मलखे ,राधे, हेमराज ,शिवपूजन, अशोक कुमार ,हजारी लाल सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कैट की जबलपुर में महिला विंग गठित

17 दिसम्बर को झांसी में केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी से भेट करेंगी

महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिये अनेक योजनायें: प्रवीन खण्डेलवाल

प्रदेश भर में कैट महिला विंग का गठन किया जा रहा है: भूपेन्द्र जैन

दैनिक समाज जागरण

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश की जबलपुर में महिला विंग गठित की गई है। श्रीमती सीमा सिंह चौहान महिला विंग की प्रमुख होंगी। जबलपुर महिला उद्यमियों को संगठित कर उन्हें व्यापार में प्रोत्साहित करने के लिये इस टीम का गठन किया गया है। यह टीम 17 दिसम्बर को झांसी में आयोजित कैट के राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी से भेंट कर महिला उद्यमियों के लिये केन्द्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाओं पर चर्चा करेंगी।

जबलपुर में आयोजित महिला उद्यमियों की बैठक को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खण्डेलवाल ने कहा कि महिला उद्यमियों के लिये बैंक फायनेंस से लेकर स्वावलम्बन के अनेक कार्यक्रम है, जिनके माध्यम से हम महिलाओं को व्यापार में आगे बढायेगे।

कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने इस अवसर पर प्रदेश भर में महिला विंग के गठन पर जो कार्य

चल रहा है, उसकी जानकारी दी। ग्वालियर, भोपाल, इन्दौर, विदिशा एवं सतना सहित अनेक शहरों में महिला विंग सक्रियता से महिला उद्यमियों के लिये कार्य कर रही है । बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खण्डेलवाल के अतिरिक्त कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र पचौरी, प्रदेश सचिव दीपक सेठी, कैट जबलपुर के जिला अध्यक्ष रोहित खटवानी, महामंत्री मनु शरद तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

कैट महिला विंग प्रमुख श्रीमती सीमा चौहान ने बताया कि वह महिला उद्यमी बहिनों को साथ लेकर कैट के माध्यम से जबलपुर में महिलाओं के लिये ह्लह्लमल्टी प्रोडक्ट कलस्टरह्लह्ल बनाये जाने की मांग मध्यप्रदेश शासन के नव निर्वाचित एमएसएमई मंत्री से करेंगी और इस दिशा में अभूतपूर्व कार्य महिला विंग करेगी। इसी संबध में 17 दिसम्बर को झांसी में जबलपुर का लगभग 15 उद्यमी महिलाओं का प्रतिनिधि मण्डल केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी जी से भेंट करेगा और उन्हें जबलपुर आने हेतु आमंत्रित करेगा।

उद्यमी महिलाओं के लिए जबलपुर में मल्टी प्रोडक्ट क्लस्टर बनाने की मांग रखेगा (कैट)

इस अवसर पर श्रीमती सीमा खटवानी, आराधना चौहान, सिवाना आहूजा, सीमा बादल, डॉ. कामना श्रीवास्तव, डॉ. कल्पना मिश्रा, डॉ. चांदना चकवर्ती, अर्चना सिंह, निविदिता पाण्डे, स्वेता सर्राफ, कीर्ती, संजीवनी आला सहित अनेक महिलायें उपस्थिति थी।

भ्रष्टाचार का सबसे अधिक प्रभाव गरीब पर-मुख्यमंत्री मनोहर लाल

मिशन कर्मयोगी चलाकर कर्मचारियों व अधिकारियों को बनाया जा रहा है चरित्रवान

पंचकूला(संदीप शर्मा) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि भ्रष्टाचार का सबसे अधिक प्रभाव गरीब व्यक्ति पर पड़ता है। भ्रष्टाचारी गरीब व्यक्ति का हक मारकर स्वयं को समाज में प्रतिष्ठित दिखाने का कार्य करते हैं। इसलिए हमें समाज के साथ संबंध जोड़कर समाज सेवा का दायित्व निभाना चाहिए और भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। भ्रष्टाचार से दूर रहकर देश व प्रदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री आज पंचकूला के लोक निर्माण विश्रामगृह में हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रदेश के 9 जिलों के 25 स्थानों पर, जहां मिशन कर्मयोगी की ट्रेनिंग दी जा रही है, वहां पर भी अधिकारी व कर्मचारी ऑनलाइन इस कार्यक्रम से जुड़े। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में भ्रष्टाचार रोकने में सराहनीय कार्य करने वाले 16 अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में भ्रष्टाचार विषय पर आज के दिन चर्चा हो रही है। भ्रष्टाचार किसी देश व प्रदेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया में कम या ज्यादा मिलता है। इससे मुक्त होने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जन जागरण की कोई कमी नहीं है। कमी है तो केवल संस्कारों की है। यदि हम जीवन में संस्कार और संतोष के भाव का समावेश कर लें तो भ्रष्टाचार से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक, नैतिक और चारित्रिक भ्रष्टाचार से मुक्ति पाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारी देश व समाज को खोखला करने का काम कर रहे हैं। भ्रष्टाचार एक तरह का कैंसर है, जिसके घातक परिणाम होते हैं। इसके अलावा चारित्रिक भ्रष्टाचार की सोच वाले व्यक्ति समाज में अपनी लोकलाज बढ़ाने के लिए भ्रष्टाचार करते हैं।मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री, चाणक्य तथा चंडीगढ़ निवासी समाजसेवी जगदीश आहूजा के जीवन का उदाहरण देकर लोगों का आह्वान किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही एक लक्ष्य तय किया था कि सबसे पहले अपनी राजनीतिक बिरादरी की छवि को कायम रखने का कार्य करेंगे। यह चुनौतीपूर्ण कार्य को उन्होंने संभव करके

दिखाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भर्तियों में पारदर्शिता रखी और किसी भी आवेदक के साथ भेदभाव नहीं किया। मेरिट के आधार पर ही नौकरियां दी गई, जिसकी बदौलत गरीब के बच्चे का नौकरी पाने का सपना पूरा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम चलाया है। इसके तहत प्रदेश के तीन लाख से अधिक कर्मचारियों को कर्मयोगी बनने की प्रेरणा दी जा रही है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

भ्रष्टाचार असंतोष, ईर्ष्या और हीन भावना का घोतक -मुख्य सचिव

इस मौके पर हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने कहा कि भ्रष्टाचार असंतोष, ईर्ष्या और हीन भावना का घोतक है। हीन भावना से ग्रसित व्यक्ति भ्रष्टाचार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार को जड़ मूल से समाप्त करने के लिए सतर्कता को सशक्त माध्यम बनाया है। वर्तमान में सरल केन्द्रों के माध्यम से 600 से अधिक नागरिक सुविधाओं व सेवाओं को समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। इसके साथ ही उनकी मॉनिटरिंग के लिए भी व्यवस्था की गई है। इन सभी नागरिक सुविधाओं व सेवाओं को ऑटो अपील सिस्टम से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा मिशन कर्मयोगी के तहत 900 मास्टर ट्रेनर तैयार किये जा चुके हैं । इसी श्रृंखला में अब तक 8622 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मार्च 2024 तक 3.50 लाख अधिकारियों व कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षित किए जाने की योजना है जिससे भ्रष्टाचार रोकने में बड़े पैमाने पर लाभ होगा।

व्यवस्था परिवर्तन से लगा है भ्रष्टाचार पर अंकुश : पुलिस महानिदेशक

इस दौरान कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि भ्रष्टाचार लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा है और भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही इस लड़ाई में सभी को एकजुटता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल प्रदेश ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है। उन्होंने ऑटो अपील सिस्टम का उ-दाहरण देते हुए कहा कि प्रदेश में तकनीक का इस्तेमाल करते हुए भ्रष्टाचार नियंत्रित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इतना ही नहीं, एंटी करप्शन ब्यूरो में भी रैंक के अंतर को समाप्त करते हुए प्रक्रियात्मक परिवर्तन का कार्य किया गया। ब्यूरो का पुनर्गठन करते हुए रीजनल एंटी करप्शन ब्यूरो स्थापित किए गए।भ्रष्टाचार उन्मूलन के कार्य में पारदर्शिता व निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए चीफ विजिलेंस अफसरों की तैनाती की गई। इस अवसर पर नैतिक व्यवहार मूल्यों और कर्तव्यों को आत्मसात व भावनात्मक से ओतप्रोत लघु फिल्म दिखाई गई।इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त एवं राजस्व श्री टीएसएन प्रसाद, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अशोक खेमका, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल, एडीजीपी ला एंड आर्डर ममता सिंह और डीआईजी एसीबी पंकज नैन मौजूद रहे।

बालश्रम के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है-: श्री सतीश चन्द्र मिश्रा

दैनिक समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती सुरोखित शैशव कार्यक्रम के तहत देहात इंडिया तथा जिला श्रम कार्यलय, श्रावस्ती के संयुक्त तत्वावधान में बालश्रम के विरुद्ध जन जागरूकता किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत करते हुए देहात इंडिया बाल संरक्षण अधिकारी हसन फिरोज ने बाल कल्याण अधिकारी सी०ओ० सतीश चंद्र मिश्रा, सुभम तिवारी नायब एस०एस०बी०से समुझ यादव, शिव कुमार का स्वागत किया। सी०ओ०सतीश चंद्र मिश्रा, सुभम तिवारी नायब ने बालश्रम पर बोलते हुए कहा कि हम सभी को बालश्रम के खिलाफ एकजुट होने की आवश्यकता है। इसके साथ हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इस प्रकार जागरूकता वाहन थाना मल्ही पुर से चलकर वीरपुर जमुनहा बाजार, गंगापुर लक्ष्मणपुर,कानीबोजी चौराहा होते हुए बस अड्डा पहुंचा । इस बीच में लोगो

को स्टीकर तथा श्रम विभाग के तरफ से उपलब्ध कराएं गए बाल श्रमिकों हेतु चलाई जा रही योजनाओं का पैंपलेट भी बांटा गया। कानीबोझी से होते हुए देहात इंडिया शाखा कार्यालय पर ले जाकर सभा का समापन किया गया। इस क्रम में विभिन्न दुकानों, होटलों, किराना, ऑटो गैरेज आदि प्रतिष्ठानों में जाकर लोगो को बालश्रम के खिलाफ जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे देहात इंडिया से मोहम्मद मुजम्मिल,जन्नतुल फिरदौश, अर्चना, सरोज व श्रीपाल जी उपस्थित रहे।

11 दिसम्बर 2023 को राजकीय आईटीआई में होगा रोजगार दिवस का आयोजन

54 कम्पनियाँ में 6352 पदों पर रोजगार के मिलेंगे अवसर

प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि 11 दिसम्बर 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 54 कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि कम्पनी में अभ्यर्थी की विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग योग्यता की आवश्यकता है। इसके लिए आयुसीमा 18 से 45 वर्ष तथा हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईट-ीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक वाले ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन 10,000 से 40,000 रुपये प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में महिला व पुरूष दोनो अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कुल 6352 पदों पर चयन किया जायेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी 11 दिसम्बर 2023 को अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

भविष्य में सभी से एक प्रतिशत लेबर सेस जमा कराया जाएगा-: सहायक श्रमायुक्त सन्तपाल

दैनिक समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देश पर सहायक श्रमायुक्त सन्तपाल ने बताया है कि मेसर्स अभिषेक राव, एनर्जी सेल्यूशन (पेट्रोल पम्प) लक्ष्मनपुर रोड भिनगा के विरुद्ध लागत का एक प्रतिशत लेबर सेस जमा न करने के एवज में उपकर सग्राहक/सहायक श्रमायुक्त श्रावस्ती द्वारा उपकर निर्धारण आदेश जारी किया गया। उन्होने बताया है कि मेसर्स अभिषेक राव को तीन नोटिस प्रेषित की गयी तथा सुनवाई की विभिन्न तिथियां भी निर्धारित की गयी है, किन्तु प्रतिष्ठान स्वामी द्वारा न तो डॉक रिसीव किए और न ही निर्धारित तिथियों पर अपना पक्ष रखने हेतु प्रस्तुत हुए। जिस कारण से सुनवाई का पर्याप्त समय देने के उपरान्त उपकर सग्राहक द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही की गयी। प्राप्त सूचना के अनुसार आदेश की एक कॉपी मे० अभिषेक राव एनर्जी सेल्यूशन को प्रेषित की जा चुकी है। उन्होने यह भी बताया है कि मेसर्स सतीष ऑटोमोबाइल तथा किसान सेवा केन्द्र अकबरपुर द्वारा नोटिस प्रेषित होने के उपरान्त एक प्रतिशत लेबर सेस जमा कराया गया। उन्होने बताया कि जनपद में रिहायसी मकान जिनकी कीमत दस लाख या उससे कम है को छोडकर समस्त सरकारी व निजी संस्थाओं से निर्माण लागत का एक प्रतिशत लेबर सेस श्रमिकों के कल्याण हेतु जमा कराया जाता है। जनपद में जागरूकता का अभाव है, जिस कारण से शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लेबर सेस जमा कराने में कठिनाईयां उत्पन्न हो रही है। भविष्य में सभी से एक प्रतिशत लेबर सेस जमा कराया जाएगा।

मा0 जनपद न्यायाधीश ने द्वीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का किया शुभारम्भ

दैनिक समाज जागरण

श्रावस्ती,राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती, श्री देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 09.12.2023 का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश के न्यायालय तथा उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयों व जिलाधिकारी के न्यायालय तथा उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयों व कार्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रातः 10:00 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती, श्री देवेन्द्र सिंह द्वारा मॉ सरस्वती को माल्यार्पण कर एवं ज्योति प्रज्जवलन कर सभी न्यायिक एवं प्रश-ासनिक अधिकारियों तथा समस्त बैंकों के प्रबन्धकों एवं एल0डी0एम0 तथा अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम का संचालन श्री अजय सिंह-। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष, श्रावस्ती द्वारा किया गया। प्रधान न्यायाधीष कुटुम्ब न्यायालय, श्री फूलचन्द्र पटेल द्वारा 05 जोड़े को पुनः दाम्पत्य जीवन निर्वाहन हेतु एक साथ राजी-खुशी से भेजा गया। इस दौरान उपस्थित प्रधान न्यायाधीष कुटुम्ब न्यायालय, श्री फूलचन्द्र पटेल, अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) एक्ट, श्री सुदामा प्रासाद, विशेष अपर सत्र न्यायाधीष एस0सी0/एस0टी0 एक्ट श्री उमेश कुमार-।। (नोडल अधिकारी रा0लो0अ0), मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रावस्ती श्री शारिब अली, श्री विश्वजीत सिंह सिविल जज सी.डी. श्रावस्ती, श्री देवर्षि देव कुमार सिविल जज सी.डी./एफ0टी0सी0 श्रावस्ती, श्री श्याम लाल कोरी अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, अध्यक्ष, श्री बी0एन0 यादव उपभोक्ता आयोग, श्रावस्ती, श्री गौरव द्विवेदी सिविल जज जू.डी. श्रावस्ती, श्री असगर अली जे0एम0, सुश्री अजिता वर्मा सिविल जज जू.डी./एफ0टी0सी0/जे0एम0, महामंत्री श्री राजेन्द्र प्र-काश पाण्डेय एडवोकेट, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी श्री सुशेन्द्रु मिश्रा, डी0जी0सी0 सिविल श्री दिनेश शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती तथा सभी न्यायिक कर्मचारीगण, उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ की बैठक

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (10 दिसंबर)भारत सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन राज्य सरकार की सहभागिता से क्रियान्वयन किया जा रहा है। 18 दिसम्बर से 26 जनवरी के बीच हर वो नागरिक जो शासन की योजनाओं का पात्रता रखता है। उस तक लॉब सहित योजना के प्रचार व प्रसार के माध्यम से अपनी पात्रता भी बता सकेंगे। योजनाएं जैसे- स्वच्छ भारत मिशन की सुविधाएँ, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य स-ुरक्षा, उचित पोषण, स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए अपनी प्रमुख योजनाओं/मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाना आवश्यक है। इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना होगा। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाये जाने के उदेश्य से "विकसित भारत संकल्प यात्रा" नाम से भारत सरकार द्वारा राज्यों के सहयोग से प्रारम्भ की जा रही है। ग्राम स्वराज अभियान, विस्तारित ग्राम स्वराज अभियान, प्रमुख योजनाओं का शत प्रतिशत कवरेज सुनिश्चिरत करने संकल्प यात्रा निकाली जा रही । कलेक्टर ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा शनिवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन के लिए समस्त सम्बंधित अधिकारियों के अलावा जनपद स्तरीय अमले के साथ प्लान तैयार किया। इस यात्रा के क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के नोडल अधिकारी ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दिन उपस्थित रहकर योजनाओं का क्रियान्वयन करेंगे।-विकसित भारत संकल्प यात्र इसका मूल उद्देश्य सभी विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच प्रत्येक ग्राम, नगर वासियों तक पहुंचाना है। साथ ही योजना के संबंध वास्तविक पूर्ण

जानकारी का प्रचार प्रसार और जागरूकता फैलाना भी है।

यात्रा का उद्देश्य एवं कार्यक्रम का स्वरूप

विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य शासन कि प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का है। सूचना प्रसार जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना। नागरिकों से सीखना लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों व अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करना है। प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी 2024 तक आयोजित की जायेगी। आईईसी वेन- भारत सरकार द्वारा इस यात्रा के लिए सभी जिलों को उपलब्ध करायी जाएगी। इन आईईसी वैनों को सभी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में ले जाया जाएगा और प्रत्येक निकाय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

यात्रा का रूट चार्ट

विकसित भारत की यह संकल्प यात्रा जिले की विभिन्नन जनपद पंचायतों में संचालित की जायेगी। जिले में प्रारम्भिक तैयारियों के अनुसार जनपद सीईओ द्वारा यात्रा का रूट चार्ट तैयार किया गया है। उनके अनुसार लांजी व लालबर्रा में 77- 77, बिरसा में 62, कटंगी में 81, बैहर में 54, वारासिवनी में 60, बालाघाट में 77 और खैरलांजी में 58 पंचायतों में रथ पहुँचेगा और लाभान्वित करेगा। अभी प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार जिले की कुल 546 पंचायतों के हितग्राहियो को लाभान्वित करने का खांका तैयार हो गया ह।

ग्राम पंचायतों में नियुक्त होगे नोडल अधिकारी

बैठक में कलेक्टर ड़ॉ. मिश्रा ने यात्रा के सुगम संचालन के लिये जनपद पंचायतों में ग्रामवार नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए है। वहीं प्रत्येक वाहन के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त है। नगरीय शहरी क्षेत्र में प्रति 10,000 जनसंख्या पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें पिछडी/कम आप वर्ग एवं सघन शहरी बस्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी। बड़े नगरीय क्षेत्रों में एक से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते हैं। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए पृथक से प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जायेगा। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजन के एक सप्ताह पूर्व से व्यापक प्रचार प्रसार एवं कार्यक्रम आयोजन के लिये सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली जाए। आईईसी वेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पूर्व संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार, हितग्राहियों के आवेदन, हितग्राही चयन, आवेदनों का निराकरण की कार्यवाही की जाएगी।

शराब बंदी एवं पर्यावरण संगरक्षण को लेकर नेहरू बाल एकेडमी स्कूल के बच्चों ने निकाला जागरूकता अभियान।

दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड

धनबाद- नेहरू बाल एकाडेमी सुसनीलेवा, नागनगर, धनबाद के द्वारा शराब बंदी को लेकर एक जागरूकता अभियान निकाला गया। जिसमे विधालय के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राओ के द्वारा नशा मुक्ति, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण के बैनर तले जागरूकता अभियान निकाला गया।

जिसमे स्कूली बच्चो के द्वारा बेनर, तकाता बना कर स्लोगन के साथ नारा लगाकर लोगो को गाँव-गाँव में घुमकर शराब बंदी एवं प्रयावरण संगरक्षण के लिए जागरूक किया गया।

विद्यालय परिवार का मुख्य उद्देश्य है कि हमारा राज्य झारखण्ड भी बिहार की भांती शराब मुक्त हो।

इसके अलावे जन-जन को जल सरक्षण तथा पर्यावरण की महत्व के विषय में जानकारी दी गई।

यह "जागरुकता रैली विधालय परिसर से निकलकर आस-पास के गाँव सुसनीलेवा, नागनगर होते हुए शहीद मनीद्र नाथ मंडल (मणि) चौक होकर पुनः विद्यालय परिसर वापस आया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अबिता मेमोरियल ट्रस्ट के निर्देशक श्रीमति लक्ष्मी मंडल, प्राचार्य श्री राजिव मंडल, राम कुमार मोदक, धीरज, राहुल, संजय सर, नीरज, हर्ष, पापिया, मिनल श्रीवास्तवा, भानु मति, आकाश तथा सभी शिक्षक-शिक्षिका कार्यक्रम को सफल बनाने ने अपना योगदान दिया।

पाण्डेयपुरा पंचायत मे अधर मे झूल रही सरकार की नल जल योजना : आधे अधूरे है कार्य।

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी,जिला संवाददाता

चतरा(झारखंड) 09 दिसंबर 2023 :- जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत मे अभी तक नल जल योजना का कार्य अपूर्ण स्थिति मे है। बताते चले की पाण्डेयपुरा पंचायत के पाण्डेयपुरा गाव ही नल जल योजना की सुविधाओं से वंचित है।दुर्भाग्य की बात तो ये है योजना से सम्बन्धित पदाधिकारी भी सुध लेने को तैयार नही है।देखा जाये तो कही पे केवल मीनार का फाउंडेशन है तो कही पे वो भी गायब ।

कुछ जगहों पे तो पुराने हैंडपम्प मे ही कनेक्शन कर दिया गया ,कुछ जगहों पर बोरिंग किया जाना था पर अभी तक ये कार्य किसकी लापरवाही से रुका पड़ा है पता नहीं।आश्चर्य की बात तो ये है की इस योजना के कार्य पूरे हुए या न हुए इसकी जानकारी लेने वाला भी कोई नही है।सरकार पेयजल की सुविधा को महत्व देते हुए इस योजना को चलाई तो जरूर पर इस पर निगरानी करने वाले पदाधिकारी ठंड के कारण कम्बल ओढ़ के सोये हुए है।

प्रखंड मे कुछ जगहों पे इस योजना का हाल ये है की कही पाईप बिच सड़क पे है तो कही पाइप फटे पड़े है ,कही नल गायब है तो कही जल ही गायब है। प्रखंड और पंचायतो की स्थिति इस योजना को ले कर ऐसी है की कही ना कही बस खानापुर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है जो इस योजना से सम्बन्धित पदाधिकारियो के लिए शर्मनाक है।ग्रामीणों का कहना है की सरकारी काम है विलम्ब तो होगा ही पर महीनों बीत गये है ऐसा लगता है इस काम मे विलम्ब नही ये कार्य कही ना कही प्रखंड के फाइल मे ही पूर्ण ना हो गया हो।सम्बन्धित पदाधिकारियो की चुप्पी बता रही है की ये कार्य पूर्ण होने वाला नही है।

पूरे हंटरगंज प्रखंड के पंचायतो मे सम्बन्धित पदाधिकारियो को नल जल योजना के स्थल निरीक्षण करने की जरूरत है ताकि आम जनता मे संदेश फैल सके की सरकार की इतनी बड़ी योजना सरकार की निगरानी मे है और साथ ही इस योजना से सम्बन्धित जो कार्य अधूरे पड़े है उसको पूर्ण करने की जरूरत है ताकि आम जनता को इस योजना का भरपुर लाभ मिल सके।

इटखोरी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, कई वाहनों को किया जप्त।

दैनिक समाज जागरण,निशांत तिवारी,जिला संवाददाता

चतरा(झारखंड)09 दिसंबर 2023 :- जिला पुलिस अधीक्षक चतरा राकेश रंजन के निदेर्शानुसार शुक्रवार को इटखोरी थाना पुलिस के द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना गेट के सामने चलाया गया। वाहन चेकिंग के इस अभियान में इटखोरी पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वहां से संबंधित आवश्यक कागजातों, ड्राइविंग लाइसेंस एवं हेलमेट चेकिंग पर विशेष ध्यान दिया। जांच के क्रम में 58 मोटरसाईकिल जप्त किया। पुलिस ने इन वाहनों के चालक से आवश्यक कागजात की मांग की है, कागजात जमा करने पर कुछ बाइक चालान काट कर कल शाम को ही छोड़ दिया गया। कल रात हो जाने के कारण कुछ बाइक बचे हुए थे उसको आज चालान काट कर छोड़ दिया गया। इस अभियान में एसआई बंटी यादव, एसआई अनिल कुमार, एसआई विजय सिंह, थाना के शस्त्रबल मौजूद थे।

होटल शान ए बिहार का उदय प्रताप सिंह ने रिबन काटकर किया उद्घाटन।

बिहारी तर्ज पर उपलब्ध हैं स्वादिष्ट एवं जायकेदार वेज एवं नॉनवेज डिशेज

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता

धनबाद (झारखंड): 09दिसंबर 2023:- जिलेमें गुरुवार को बारामुड़ी बिरसा मुंडा चौक के समीप होटल शान ए बिहार का समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। होटल शान ए बिहार के प्रोपराइटर राम लगन सिंह ने उदय प्रताप सिंह को बुके भेंटकर स्वागत किया। उदय प्रताप सिंह ने कहा धनबाद शहर का इकलौता बिहार के लजीज, स्वादयुक्त जायकेदार वेज और नॉनवेज वयंजनो की सेवा से, ठहरने के लिए सजा युक्त कमरे, साथ ही शादी पार्टी,जन्मदिन पार्टी एवं अन्य अनुष्ठानों के लिए सुविधाजनक स्पेस उपलब्ध होने से क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा। एक बार यहां अवश्य आए क्योंकि यहां कम दामों पर बिहार के तर्ज पर बने स्वादिष्ट, बढ़िया एवं क्वालिटी भोजन उपलब्ध है। राम लखन सिंह ने बताया बेहतर क्वालिटी का भोजन परोसने के उद्देस्य से यह रेस्टोरेंट टाटा एवं बेहतर सेवा प्रदान करने की सोच के साथ ठहरने का होटल खोला गया है। चिकन चिली, पनीर चिल्ली चिकन एवं पनीर चौमिन, फ्राइड राइस, बिहारी पराठा समेत अन्य ब्यंजन बिहारी तर्ज.पर अनुभवी बिहारी बावचीर्यों द्वारा बने व्यंजन उपलब्ध है जिसको स्वाद सभी को तृप्त एवं संतुष्ट करेगी। उद्घाटन के अवसर पर सुमित सिंह, सुजीत सिंह, शेखर पाल, बृजेश सिंह, विनोद सिंह, रंजय सिंह, अजय पांडे, कार्तिक, सुमित अन्य अतिथि एवं ग्राहक उपस्थित थे।

मजदूरों की हक की लड़ाई में जनता श्रमिक संघ हमेशा तत्पर:रागिनी सिंह

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता

धनबाद (झारखंड):09दिसंबर2023:- जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत 41 सूत्री मांग पत्र को लेकर गुरुवार को बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्रीय सभागार में जनता श्रमिक संघ ने सिजुआ एरिया 5 के महाप्रबंधक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। जहा इस बैठक में संघ की महामंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यकारी सदस्य रागिनी सिंह अपने क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ उपस्थित रही। जहा इस मौके पर संघ के उत्साहित कार्यकताओं ने रागिनी सिंह का 51किलो का माला पहना और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। वही सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री अनूप कुमार राय एवं बीसीसीएल प्रबंधन के अन्य पदाधिकारियों के साथ एक-एक बिंदु पर जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह ने वार्ता कर सभी मांगो पर तत्वरित कार्रवाई कर जल्द निष्पादन करने की मांग की। मोदीडिह कोल डम्प के मुद्दे पर रागिनी सिंह ने कहा कि जनता श्रमिक संघ के पास हर मर्ज की दवा है। फर्जी ट्रेड यूनियन के लोग अनावश्यक थिरक रहे हैं और उनकी अब एक नहीं चलने वाली मजदूरों की समस्याओं का समाधान के लिए जनता श्रमिक संघ हमेशा तत्पर रही है और आगे भी रहेगी । वही जनता श्रमिक संघ के प्रयास से मोदीडीह कोल डंप के असंगठित मजदूरों के बकाए मजदूरी की प्राप्ति होने पर मजदूरों ने श्रीमती सिंह का आभार प्रकट कर उन्हे पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।वहीं मीडिया को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन एवं संघ के साथ बैठक सकारात्मक रही है और महा प्रबंधक अनूप कुमार राय ने संघ की हर एक बिंदुओं पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से एजीएम संजय सिंह, एपीएम चंदन श्रीवास्तव, सिविल इंजीनियर मुकेश कुमार और इएनएम इंजीनियर एवं सभी कोलियरी परियोजना प्रभारी एवं कार्मिक प्रबंधक मौजूद रहे। वहीं जनता श्रमिक संघ की ओर से संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय सचिव विशाल बरनवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह, रमाशंकर महतो, शंकर तुरी,अगम सिंह आशीष सरकार, फेकू सिंह, शिव चौहान धर्मेंद्र मिस्त्री, सतेंद्र केवट नीरज गुप्ता, श्रिया भुइया, दुर्गविजय राजभर के अलावा सिजूआ एरिया के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समेत असंगठित मजदूर एवं महिलाए मौजूद रही।

जंगली हाथी का झुंड गांव में, ऐसे बचाई जान...

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता

खूंटी में जंगली हाथियों के झुंड ने डेरांग गांव में घुसकर कई घरों को तोड़ दिया, वहीं घर में रखे अनाज खा गये और कई क्विटंल धान बर्बाद कर दिया। अनिल डोडराय और दिव्या डोडराय के घरों को तहस-नहस कर दिया। घर में मौजूद लोगों ने किसी तरह भाग और छुप कर अपनी-अपनी जान बचाई। लगातार हो रही बारिश में घर के टूट जाने से इन्हें दूसरो के घरों में पनाह लेना पड़ा। यह डेरांग गांव खूंटी के तोरपा प्रखंड में है। घटना की खबर पाकर कई झामुमो नेता गांव पहुंचे। नेताओं ने वन विभाग से इन्हें मुआवजा और हाथी को भगाने का सामान उपलब्ध कराने की डिमांड की है।

असमंजस में झारखण्डी /बेखबर है नेता

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता

झाडखण्ड को झारखण्ड बनने में 88 साल लग गए ! हजारो विभूतियों कि आज हम जयंती या फिर शहादत दिवस मनाते है,आज के कम उम्र के नोजवानो कि एक सोच बन गई है,कि हम कम समय में ज्यादा पैसा कैसै कमाएं ! बर्ष 2000 यानि झारखण्ड अलग होने के बाद काफी कुछ बदला है,पहले हमे बिहार सरकार के शासक प्रशासक के द्वारा झाडखण्ड के जनमानसो को सुनियोजित ढंग से शोषण प्रायोजित था ,आज हम अपने ही झारखंडी नेताओ कार्यकर्ताओ /अफसरों से शोषित है , चाहै नेता पक्ष का हो या बिपक्ष सभी का कार्यशैली एक जैसी है ,जल ,जंगल, जमीन, खनिज एवं संसाधनो को धडल्ले से लुटा जा रहा है,ऐसा नही कि बिरोध नही हो रहा है,आज भी सडको में बिरोध का गूंज हमैशा सुनाई देता रहा है, अधिकार का लडाई लडने वालो को झुठा केस /मुकद्दमो में फंसाने जैसी सारी चीजें शासन /प्रशासन के गठजोड का नतिजा है,नेता को तो आप पहचान लोगे कार्यकताओं को पहचानना भीड में मुश्किल है,वही लोग भीडतंत्र का हिस्सा बनकर अधिकार के लिए अंन्दोलनरत अंन्दोलनकारीयो को काफी छति पहुंचा रहे है,झारखंड अलग राज्य की लडाई जितना कठीन था !उससे भी कठीन है,शोषण मुक्त झारखण्ड बनाना इसके लिए बृहद लडाई कि जरूरत है,वर्णा ! झारखंडी बर्बाद हो जाएगे , सी ०एन०टी०/एस०पी०टी० जैसा प्रभावशाली कानून के वावजूद तेजी से जमीन कब्जाया जा रहा है लौग जल जंगल जमीन बचाने के लिए जिधर तिधर हाथ पैर जोड रहे है,लोग बिकल्प ढूंढ नही पा रहे है,कभी अपने नशीब को कोस रहे है ,तो कभी अपने को , चाहै चाकू तरबूजा पर गिरे या तरबूजा चाकू पर कटना तो तरबूजा को ही पडता है !इसलिए उलगुलान ही एक बिकल्प ! (राजेश कुमार महतो) झारखंड शोषण मुक्ति उलगुलान मंच !

अनिश्चितकालीन धरना में समर्थन देने पहुंचे धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह

दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड

तिसरा। प्रबंधन एक साजिश करके चालू परियोजना को एमडीओ मोड में देकर निजी मालिक के हाथों में सोपना चाहती है इनकी मनसा को सफल नहीं होने देंगे उक्त बातें धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने शनिवार को नॉर्थ तीसरा 6 नंबर के समीप संयुक्त मोर्चा की ओर से आयोजित अनिश्चितकालीन धरना में मजदूरों को संबंध करते हुए कहा। महामंत्री ने बताया कि गंभीर सवाल है इस मामले में सभी महामंत्री से विचार विमर्श किया जाएगा और नीचे से लेकर ऊपर तक हम लोग लड़ाई लड़ेंगे यदि प्रबंधन अपनी मंशा में सफल हो गई तो इसका परिणाम पूरे बीसीसीएल पर पड़ेगा इसलिए इस नीति के खिलाफ हम लोगों को और तेज आंदोलन करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन कोई भी फैसला लेता है तो नियम है कि यहां के सलाहकार समिति से बात करना लेकिन ऐसा नहीं किया गया केवल आउटसोर्सिंग को फायदे पहुंचाने के लिए यह सब किया जा रहा है यहां का मजदूर लड़ाकू है एकता बनाकर लड़े हम लोग उनके साथ है और उनकी जीत निश्चित होगी। मौके पर अजय देव ,दयाराम सिंह यादव ,उज्जवल डे, रितेश निषाद कन्हाई सिंह, फागुनापित, उमाशंकर प्रसाद, केल्विन तिर्की, सुजीत मंडल सुनील राय,पलटन बाउरी आदि थे।

सरिया प्रखंड बरवाडीह,परसिया , बगड़ो में बिजली हाईटेंशन तार जमीन के नजदीक आने से किसानों को परेशानी

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) सरिया प्रखंड के बरवाडिह, परसिया, बगडो में हाईटेंशन तार जमीन से नजदीक रहने के कारण ग्रामीणों को खेती करने में व बच्चों के खेलने कूदने में भय व्याप्त हैं।

ग्रामीणों ने विभाग को सूचना देने के बाद भी विभाग चिर निंद्रा में सोई हैं।

ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बगोदर विधानसभा के हरदिल अजीज झामुमो नेता शत्रुघ्न मंडल को दी जिसके बाद शत्रुघ्न मंडल जी अहले सुबह क्षेत्र भर्मण के लिए पहुंचे। श्री मंडल ने बताया कि लोगों की मांग सत प्रतिशत सही हैं बावजूद बिजली कर्मी कुम्भकर्णी निंद्रा में सोई हैं शायद ये कर्मी किसी बड़ी घटना को निमंत्रण दे रहे हैं।

इन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर यदि विभाग ग्रामीणों को समस्या दूर नही करती हैं तो वरीय अधिकारी को इसकी सूचना देते हुए ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया जाएगा। मौके पर बरवाडीह मुखिया गयासुद्दीन अंसारी जी पंसस अलीमुद्दीन अंसारी,मुखिया परसिया प्रतिनिधि अशोक तुरी जी,प्रहलाद सिंह एवम अन्य लोगों ने भी समस्या से अवगत कराया।



अपने पूरे जीवन काल में किसान ,मजदूर ,युवा और निचले वर्ग के लोगों के उन्नति और तरक्की के लिए संघर्ष करते रहें पूर्व सांसद वासुदेव आचार्य - आनंद महतो

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

सिंदरी झआज चर्च हॉल सिंदरी में मार्क्सवादी लोकल कमेटी के द्वारा पूर्व सांसद वासुदेव आचार्य के श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिंदरी के पूर्व विधायक कामरेड आनंद महतो उपस्थित हुए ' सभा को शुरू करने से पहले आए हुए सभी लोगों ने पूर्व सांसद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की और उनको नमन किए '

पूर्व विधायक आनंद महतो सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कामरेड वासुदेव आचार्य एक ऐसा नेता थे जो हर गरीब ,किसान ,मजदूर के हर एक छोटे-छोटे मुद्दों और लड़ाई में साथ खड़ा होने के लिए हमारे कोईलांचल और कोलियरी में आ जाते थे उनका पूरा जीवन काल निचले वर्ग के लोगों के लिऐ समर्पित रहा ' मौके पर सिंदरी विधानसभा के हर एक क्षेत्र से वरिष्ठ कामरेड एवं युवा साथी मौजूद थे

अयोध्या में पूजित कलश और अक्षत पहुंचा बगोदर!

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 9 दिसम्बर 2023:- अयोध्या से पूजित होकर कलश और अक्षत बगोदर पहुंच गया ! कलश और अक्षत को विहिप और बजरंगदल के सदस्य डुमरी से रिसीव कर अपने साथ बगोदर लाए, जहाँ बगोदरडीह ओवरब्रिज के पास उनका भव्य स्वागत हुआ तत्पश्चात कलश को राम के जयकारे के साथ बाजार भ्रमण करवाकर श्री श्री दुर्गा शक्ति मंदिर में रखा गया!

अयोध्या से आए इस पूजित अक्षत को लेकर विहिप के सदस्यगण बगोदर प्रखंड के सभी पंचायतों एवम गावों के प्रत्येक हिंदू घर जायेंगे और अक्षत देकर उन्हें 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर दर्शन हेतु आमंत्रित करेंगे!

इस मौके पर विहिप प्रखंड अध्यक्ष विवेक भागवत , प्रखंड मंत्री अजय पांडेय , बजरंगदल संयोजक अनीश गौरव, पिंटू दास,अमित राज, मनीष,दीपक,अमन,समय सिंह,सौरभ,प्रिंस,धीरज यादव एवम अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे !

बिना नम्बर प्लेट बाइक से कोयला की हेरा फेरी।

दैनिक समाज जागरण। रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।

धनबाद (झारखंड) 9 दिसंबर 2023 राजगंज : बाघमारा प्रखंड राजगंज थाना क्षेत्र में बाइक सवार बिना नम्बर प्लेट में लदे ,कोयला का कारोबार दिनदहाड़े हो रहा है, जो तनिक भी पुलिस प्रशासन का डर भय देखने को नहीं मिल रहा है, कुछ दिन पहले ही राजगंज थाना क्षेत्र से चार ट्रक कोयला जब्त किया गया था, परंतु उसका असर तनिक भी कोयला माफिया पर डर भय देखने को नहीं मिल रहा है, कोयला चोर अपना बाइक के नंबर प्लेट को हटा के कई किंटल कोयला लोड, शक्तिचोक, धवाचिता, लेदोडीह ,डोमोनपुर , होते हुए तिलाईया की और ले के जाते है, जो तनिक भी कोयला माफिया का पुलिस प्रशासन का डर भय देखने को नहीं मिल रहा । कोयला तरसकरो का बाइक की स्पीड देखने लायक रहती है, उनका प्रयास रहता है तेज रफ्तार से पुलिस को चक्मा देकर कोयला लदे बाइक को पार करे, कभी कभी तो तेज रफ्तार के कारण उनका दुर्घटनाएं भी हो जाती है ।

बगोदर प्रखंड के जरमुने पश्चिमी पंचायत सचिवालय में अयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न हुआ।

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 9 दिसम्बर 2023:- बगोदर प्रखंड के जरमुने पश्चिम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न हुए।जिसमें मुख्य अतिथि शामिल हुई केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद श्री मती अन्नपूर्णा देवी का स्वागत किया पंचायत , प्रखंड के प्रतिनिधियों ने इस महत्वाकांक्षी संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सामिल हुए बगोदर पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो, जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, प्रमुख आशा राज, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी,जिप सदस्य दुर्गेश साहू, जिप सदस्य प्रतिनिधी माथुर प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग भुनेश्वर पटेल, सांसद प्रतिनिधि जिला गिरिडीह दिनेश यादव,सांसद प्रतिनिधि जिला प्रशासन देवनाथ राणा, मंडल अध्यक्ष अशोक सोनी, राजेश पांडेय, मुखिया सविता रजक, मुखिया प्रमिला देवी, पंचायत समिति सदस्य पुर्व मुखिया संतोष रजक, उप मुखिया मोमिन शेख,मनोहर माली, पवन पासवान, राजु पाण्डेय, गुड़िया देवी, सांसद प्रतिनिधियों सहितभाजपा के पदाधिकारीगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे ।

किसान परेशान,45-50 हाथीयों ने खेतों व खलिहानों में धानों को बनाया निवाला

दैनिक समाज जागरण , शेखर सुमन

ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा, पुड़ीहेंसा, सालुकडीह, पिलीद आदि गांवों में हाथियों का कहर जारी है। आए दिन हाथीयों का झुंड जान माल की क्षति पहुंचाने के साथ ही खेत खलिहानों में जाकर धानों को रौंदकर नष्ट कर रहा है। किसान एक साथ खराब मौसम और हाथीयों की कहर से जुझ रहे हैं। वहीं शनिवार की अहले सुबह 45-50 की संख्या में डुमरा, पुड़ीहेंसा व सालुकडीह में खेतों में कटे व खड़े धानों को रौंदकर नष्ट कर दिया। डुमरा गांव के सीताराम पातर का चौकबंदी खेतों में करीब 6 एकड़ में कटे व खड़े धानों को मसलकर व रौंदकर नष्ट कर दिया। वहीं हाथीयों ने शांति पातर, सुनीता पातर,कालीनाथ सिंह मुण्डा, चांदमनी देवी, सत्यवती सिंह मुण्डा, पुड़ीहेंसा के चौदधरी महतो सहित दर्जनों किसानों के खेतों व खलिहानों में रखे धानों को रौंदा। बताया जा रहा है कि पिलीद व बड़ा चुनचुडीया के पास झाड़ी जंगलों में करीब 50 हाथी डेरा जमाया हुआ है। किसान दिन को अपने खेतों में धानों को काटने व समेटने में व्यस्त हैं, वहीं रात को हाथीयों से अपने खेतों को बचाने में रात जगा कर रात गुजारने में मजबूर हैं। दिनों दिन हाथियों का समस्या एक विकराल रूप ले रहा है। रात को एक दुसरे गांवों में आने-जाने के लिए भी सोचना पड़ता है। वनरक्षी कैलाश महतो ने भी गांव पहुंचकर क्षति का आकलन कर फार्म भरने को कहा। वहीं सुनीता पातर ने बताया कि आज सुबह करीब 2 ढाई बजे 45-50 हाथियों ने डुमरा गांव में आकर खेतों में खड़े व कटे धानों को रौंद दिया। उन्होंने कहा कि हमारे ही 6 एकड़ में लगे धानों को रौंद कर नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग से मांग है कि हमें उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि अपना क्षति का भरपाई हो सके । उन्होंने कहा कि हमारी साल भर का कमाई व मेहनत बेकार हो गया।

बिष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम किर्तोडिह में आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के बीच स्वेटर वितरण

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 9 दिसम्बर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा पंचायत के ग्राम कीर्तो डिह में आंगन वाडी केन्द्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया जिसका मुख्य अतिथि पं० स०स० प्रतिनिधि ताज अंसारी , सेविका सबनम खातून, सहायिका समीदा खातून समाज सेवी सोकर अंसारी के उपस्तिथि में वितरण किया गया

चक्रवाद मिचांग में किसानों के क्षति पूर्ति के मांग को लेकर आजसू पार्टी ने अनुमंडल पदाधिकारी को सोपा ज्ञापन।

शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र चक्रवात मिचौंग से किसानों को भारी बारिश के कारण नष्ट हुई फसलों के लिए किसानों को चिन्हित कर अभिलंब क्षतिपूर्ति देने के मांग को लेकर आजसू पार्टी के चांडिल प्रखंड के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चक्रवात मिचौंग से मूसलाधार बारिश के कारण गरीब किसानों की महीनों की मेहनत में पानी फिर गया उनका उपजाया हुआ धान की फसल खेतों में भारी मात्रा में पानी समा जाने के कारण पूरी तरह से नष्ट हो गया, जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप ने बताया हम सब जानते हैं की चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के अधिकांश लोग कृषि पर ही निर्भर रहते हैं और उन्हीं से उनका जीवन यापन चलते हैं, आज क्षेत्र के किसान बहुत दुखी और चिंतित है की अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करें।उन्होंने कहा चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के गरीब किसान जिनका बारिश के कारण फसल नष्ट हो गए हैं उस किसान का चिन्हित कर मुआवजा दिया जाए।मौके पर आजसू पार्टी चांडिल प्रखंड अध्यक्ष श्री दुर्योधन गोप जी के नेतृत्व में दिया गया साथ में प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष राहुल महतो, प्रखण्ड उपाध्यक्ष शिवप्रसाद महतो, संगठन सचिव प्रदीप गिरी उपस्थित थे।

अबैध बालू लदे हाईवा को तिरुलडीह पुलिस ने किया जब्त

दैनिक समाज जागरण, शेखर सुमन

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के एसपी डॉ.बिमल कुमार को मिले गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए तिरुलडीह थाना की पुलिस ने एक अबैध बालू लदे हाईवा को जब्त किया है, जिसका वाहन नंबर डऊ14ए 8398 है। वहीं जब्त हाईवा को तिरुलडीह थाना में लाकर रखा गया है। वहीं तिरुलडीह थाना प्रभारी चितरंजन कुमार ने कहा कि अवैध रूप से बालु लदे एक हाईवा को जब्त किया गया तथा चालक को गिरफ्तार कर सराईकेला जेल भेज दिया गया।हालांकि समाचार लिखे जाने तक हाईवा से बालू लोड कर कहाँ से लाया जा रहा था ये ओडिशा का वाहन नम्बर होने के कारण स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। इधर बालू लदे हाईवा जब्त होने के बाद कुकडू के सीओ सह बीडीओ राकेश कुमार गोप भी तिरुलडीह थाना पहुंचे तथा अवैध बालू लदे गाड़ी पर मामला दर्ज कराया।

बगोदर प्रखंड के औरा गांव में विधायक मद से इस्माईल अंसारी के घर से लेकर मजहर अंसारी घर तक 500 फीट P.C.C पथ निर्माण का शिलान्यास

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 9 दिसम्बर 2023 :- बगोदर प्रखंड के औरा गाँव में बगोदर के लोकप्रिय विधायक विनोद सिंह ने p c c पथ का शिलान्यास नारियल फोडकर किया। उक्त पथ को बनाने में कुल लागत 465300/- (चार लाख पैंसठ हजार तीन सौ रुपए) की होगी । इस मौके पर पूर्व जीप सदस्य गजेंद्र महतो,प्रखंड सचिव पवन महतो,संदीप जायसवाल, उप प्रमुख हरेन्द्र सिंह,पूर्व प्रमुख मुस्ताक अंसारी,मुखिया प्रतिनिधि महेश कुमार,अलगडीहा मुखिया अख्तर अंसारी,औरा पंसस प्रतिनिधि योगेंद्र यादव, राजू रजक,तिरलोकी महतो,इरसाद अंसारी, सदाकत अंसारी,सरताज अंसारी,शाहनवाज अंसारी सहित सेकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।।